* ओड़िशा संस्करण

10 जुलाई, 2024
आषाढ़, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
बुधवार, वर्ष 09, अंक 260

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही












### मुख्यमंत्री ने नियुक्ति और योजनाओं की समीक्षा की

# सितंबर तक 30 हजार पद भरने का लक्ष्य: हेमंत सोरेन

- नियुक्ति प्रक्रियाओं में तेजी लाने का निर्देश
- बन रहे फ्लाईओवरों का निर्माण जल्द पूरा करने का भी निर्देश
- स्मार्ट सिटी में ताज होटल एवं अपोलो अस्पताल के निर्माण की स्थिति की ली जानकारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि सितंबर 2024 के अंत तक राज्य सरकार के विभिन्न सरकारी विभागों में लगभग 30 हजार रिक्त पदों पर नियुक्ति किये जाने का लक्ष्य है। इन नियुक्तियों को हर हाल में पूरा करने की दिशा में हमारी सरकार प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ रही है। वैसी सभी नियुक्तियां, जो प्रक्रियाधीन हैं, उन नियुक्ति प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करना सुनिश्चित करें। क्योंकि सरकारी कार्यालयों में मानव संसाधन का अभाव होने से विभागीय कार्यक्षमता के साथ-साथ सरकार द्वारा जनहित में संचालित योजनाओं-परियोजनाओं पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। मुख्यमंत्री मंगलवार को प्रोजक्ट भवन में सरकार के विभिन्न विभागों के रिक्त पदों पर नियुक्ति प्रक्रिया, रांची में निर्माणाधीन कांटाटोली फ्लाईओवर तथा सिरमटोली से मेकॉन चौक तक बनने वाले फ्लाईओवर निर्माण कार्य के अद्यतन कार्य प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 हजार पुलिस तथा 583 उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रक्रियाओं में भी तेजी लायें। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि उत्पाद सिपाही की दौड़ प्रक्रिया जुलाई के अंत तक और पुलिस बहाली की दौड़ प्रक्रिया 15 अगस्त तक पूरी कर ली जायेगी।



## फ्लाईओवर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करें

हेमंत सोरेन ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सिरमटोली से मेकॉन चौक तक बनाये जा रहे निर्माणाधीन फ्लाईओवर निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करें। निर्माण कार्य में अगर कोई बाधा पहुंच रही है, तो उसका जल्द समाधान निकाल कर कार्य प्रगति में तेजी लायें। मुख्यमंत्री ने नगर विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि कांटाटोली फ्लाईओवर निर्माण कार्य भी जल्द पूरा करें, अनावश्यक रूप से किसी भी प्रकार से निर्माण कार्य में विलंब नहीं हो, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिया कि स्मार्ट सिटी रांची में ताज होटल तथा अपोलो अस्पताल का निर्माण किया जाना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। स्मार्ट सिटी में ताज होटल निर्माण के लिए नगर विकास विभाग के अधिकारी ताज होटल प्रबंधन से समन्वय स्थापित कर शीघ्र कार्य योजना तैयार करें तथा अपोलो अस्पताल स्थापित किये जाने निमित्त सभी जरूरी प्रक्रिया जल्द पूरा करें।

### पुलिस पदाधिकारी जनता दरबार लगायें

बैठक में मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को रांची, जमशेदपुर तथा धनबाद शहर में पुलिसिंग व्यवस्थाओं में सुधार लाने तथा आधुनिक उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित किये जाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि फील्ड लेवल पुलिस पदाधिकारी अपने क्षेत्र में जनता दरबार का आयोजन अवश्य करें। पुलिस अधिकारी जनता दरबार लगा कर लोगों की समस्याओं को सुनें तथा उनका निदान भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अर्बन तथा रूरल क्षेत्रों में पुलिस अपनी सक्रियता बढ़ायें, जिससे अपराधियों के मन में भय उत्पन्न हो। बैठक में मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अजय कुमार सिंह, प्रधान सचिव पथ निर्माण विभाग सुनील कुमार, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के अध्यक्ष प्रशांत कुमार, नगर विकास सचिव अरवा राजकमल, एडीजी हेडक्वार्टर आरके मल्लिक, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाटकर, आइजी रांची अखिलेश झा, वरीय पुलिस अधीक्षक रांची चंदन सिन्हा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री रूस के शिखर वार्ता में हुए शामिल

# जंग से शांति का रास्ता नहीं : मोदी

- राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा : आपकी कोशिशों का हम सम्मान करते हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रूस दौरे के दूसरे दिन राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ शिखर वार्ता में हिस्सा लिया। इस दौरान पुतिन ने कहा कि आप यूक्रेन संकट का जो हल निकालने की कोशिश कर रहे हैं, हम उसके लिए आपके आभारी हैं। वहीं, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक मित्र के तौर पर मैंने हमेशा कहा कि युद्ध के मैदानों से शांति का रास्ता नहीं निकलता है। बम, बंदूक और गोलियों के बीच शांति संभव नहीं होती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि शांति की बहाली में भारत हरसंभव सहयोग करने के लिए तैयार है। शांति के लिए मेरे मित्र पुतिन की बातों को सुन कर मुझे बहुत खुशी है। मैं विश्व समुदाय को आश्वत करना चाहता हूं कि भारत शांति का पक्षधर है। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व युद्ध के दौरान शहीद हुए जवानों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वे रूस के एटम पवेलियन पहुंचे। इसे रूसी न्यूक्लियर टेक्नोलॉजी का हब कहा जाता है।



### मोदी को मिला रूस का सर्वोच्च सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को रूस का सर्वोच्च सम्मान दिया गया है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने देश के अत्यंत प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान 'द ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द अपोसल' से आधिकारिक रूप से सम्मानित किया। इसके लिए प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति पुतिन को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह 140 करोड़ भारतीयों का सम्मान है। यह भारत और रूस के बीच सदियों पुरानी दोस्ती का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह भारत और रूस के बीच विशेष और विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी का सम्मान है। पीएम ने कहा कि पुतिन के नेतृत्व में पिछले 25 वर्षों में भारत और रूस के बीच संबंध मजबूत हुए हैं और हर बार नयी ऊंचाइयों को प्राप्त करते रहे हैं। भारतीय प्रधानमंत्री मोदी ने भारत और रूस के लोगों के बेहतर भविष्य के लिए बात की। उन्होंने कहा कि सभी क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करना होगा। आज कई महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। ऐसे निर्णय, जिनसे न केवल दोनों देशों को बल्कि पूरी दुनिया को फायदा होगा।

# प्रसिद्ध अर्थशास्त्री डॉ रमेश शरण का निधन

- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक व्यक्त किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** प्रसिद्ध अर्थशास्त्री और झारखंड के विनोबा भावे विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ रमेश शरण का सोमवार देर रात कोलकाता के एक अस्पताल में निधन हो गया। उनके असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दुख व्यक्त किया है। इसे झारखंड के लिए अपूरणीय क्षति बताया है। उन्होंने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट लिखा कि मैं डॉ रमेश शरण के निधन से व्यक्तिगत रूप से काफी मर्माहत हूं, यह झारखंड के लिए बहुत बड़ी क्षति है। मैं मरांग बुरु से उनकी आत्मा की शांति एवं उनके परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना करता हूं।



स्व. शरण का कोलकाता के अस्पताल में 69 वर्ष की उम्र में निधन हुआ। उनका अंतिम संस्कार रांची में किया गया। गौरतलब है कि उन्हें लंग्स में इंफेक्शन था, जिसकी वजह से वे पिछले सात-आठ दिन से बीमार थे। पहले उन्हें रांची के मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां तबियत में सुधार नहीं होने के बाद एयर एंबुलेंस से कोलकाता ले जाया गया था। उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बेटियां हैं।

## न्यूज रील्स

**हाथरस भगदड़**

### एसआइटी रिपोर्ट में भोले बाबा को क्लीनचिट

लखनऊ। हाथरस भगदड़ मामले पर एसआइटी ने मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार को 900 पन्ने की रिपोर्ट सौंपी। इसके बाद एसडीएम और सीओ समेत 6 अफसरों को सस्पेंड किया गया। सरकार ने रिपोर्ट से 9 विशेष बातों का जिक्र करते हुए एक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें कहीं भी भोले बाबा का नाम नहीं है। आयोजकों और प्रशासनिक अधिकारियों को लापरवाह बताया गया है। इस तरह जिला प्रशासन के बाद सरकार से भी भोले बाबा को क्लीन चिट मिल गयी है।

### पतंजलि ने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोकी

नयी दिल्ली। पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने बाजार में अपने 14 प्रोडक्ट्स की बिक्री रोक दी है। उत्तराखंड ने अप्रैल में इन प्रोडक्ट्स के मैन्युफैक्चरिंग लाइसेंस सस्पेंड किए थे। पतंजलि ने मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में इसकी जानकारी दी।कंपनी ने जस्टिस हिमा कोहली और संदीप मेहता की बेंच को बताया कि लाइसेंस रद्द होने के बाद 5606 फ्रेंचाइजी स्टोर्स को 14 प्रोडक्ट्स वापस लेने का निर्देश दिया गया है। साथ ही मीडिया प्लेटफार्म्स से भी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन वापस लेने का निर्देश दिया गया है।

### मुंबई हिट एंड रन केस का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

मुंबई। मुंबई हिट एंड रन केस के मुख्य आरोपी मिहिर शाह को पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार किया। मिहिर की गिरफ्तारी घटना के करीब 60 घंटे बाद हुई। मिहिर शिवसेना नेता राजेश शाह का बेटा है। मिहिर को पकड़ने के लिए 11 टीमें बनायी गयी थीं। मिहिर ने 7 जुलाई को महिला को बीएमडब्ल्यू कार से धक्का मार दिया था।

# विधायक के बेटे और पूर्व विधायक आपस में भिड़े

- हजारीबाग में हाथापाई तक की आयी नौबत
- दोनों तरफ समर्थकों की तरफ से पिस्तौल लहराने की भी चर्चा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चौपारण।** बरही विधायक उमाशंकर अकेला के बेटे रविशंकर अकेला और पूर्व विधायक मनोज यादव के बीच आपसी झगड़े की खबर सामने आ रही है। जानकारी के अनुसार दोनों के बीच विवाद इतना बढ़ा कि हाथापाई तक की नौबत आ गयी।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक चौपारण में बरही विधायक उमाशंकर अकेला के बेटे रविशंकर अकेला और पूर्व विधायक मनोज यादव आपस में भिड़ गये। समर्थकों के बीच भी झड़प हो गयी। जानकारी मिली है कि यहां दोनों गुटों ने पिस्तौल भी तान दी।



हजारीबाग के बरही में कांग्रेस विधायक उमाशंकर अकेला के बेटे रवि यादव और पूर्व विधायक मनोज यादव के बीच झड़प की खबर है। बताया जाता है कि मनोज यादव और उनके समर्थकों द्वारा विधायक उमाशंकर अकेला का पुतला दहन किये जाने से इस विवाद की शुरुआत हुई थी। इससे उपजा विवाद बाद में हाथापाई और झड़प में तब्दील हो गया। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि विधायक उमाशंकर अकेला के बेटे ने भाजपा दफ्तर में कार्यकर्ताओं को पीटा और धमकाया भी। मनोज यादव ने कहा कि जो हथियार, सरकार ने आत्मरक्षा के लिए दिया है, वही हथियार लहरा कर विधायक का बेटा बरही में भय का माहौल बनाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के संरक्षण में विधायक और उनका पुत्र बरही में गैर-कानूनी गतिविधियों में लिप्त हैं।

इधर, हालात की गंभीरता को देखते हुए इलाके में अतिरिक्त सुरक्षाबल की तैनाती की गयी है। बरही एसडीपीओ ने कहा कि जैसा कहा जा रहा है, वैसी झड़प नहीं हुई है। थोड़ा-बहुत लड़ाई झगड़ा हुआ है। हम सूचना पर यहां पहुंचे हैं। वरीय अधिकारियों को भी सूचित किया गया है। हमारा प्रयास है कि कोई गंभीर विवाद नहीं हो। फोर्स की तैनाती की गयी है। हम इलाके में तनाव नहीं होने देना चाहते।

# आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत रांची पहुंचे, बैठक 12 से

- संगठन के सभी प्रांत प्रचारक और प्रांत प्रभारी के पहुंचने का सिलसिला जारी

**आजाद सिपाही संवाददाता**


**रांची।** राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ की वार्षिक बैठक इस बार रांची में हो रही है। इस बैठक में भाग लेने के लिए आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत मंगलवार सुबह रांची पहुंचे। 12 जुलाई से शुरू होने वाली बैठक में भाग लेने के लिए संगठन के सभी प्रांत प्रचारक या प्रांत प्रभारी के पहुंचने का सिलसिला जारी है।

**तीन दिवसीय बैठक होगी :** संगठन के पदाधिकारी ने बताया कि तीन दिवसीय बैठक के दौरान प्रांत प्रचारक मई-जून में आयोजित आरएसएस प्रशिक्षण शिविरों की समीक्षा करेंगे। आने वाले वर्ष में संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों के क्रियान्वयन पर भी विचार-विमर्श करेंगे। प्रांत प्रचारक पूर्णकालिक आरएसएस कार्यकर्ता होते हैं, जो इसके 46 प्रांतों या संगठनात्मक प्रांतों के प्रभारी होते हैं।



**देशभर के सभी प्रांत प्रचारक बैठक में होंगे शामिल :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रति वर्ष होने वाली अखिल भारतीय स्तर की प्रांत प्रचारक बैठक इस वर्ष आगामी 12, 13 एवं 14 जुलाई 2024 को झारखंड प्रदेश की राजधानी रांची में आयोजित हो रही है। मई-जून में संपन्न संघ के प्रशिक्षण वर्गों की लगभग दो माह की श्रृंखला के बाद देशभर के सभी प्रांत प्रचारक इस बैठक में उपस्थित रहेंगे। संघ की संगठन योजना में कुल 46 प्रांत बनाये गए हैं। संघ शताब्दी वर्ष ( 2025-26) के आग्रह एवं उपक्रमों पर बैठक में विचार विमर्श होगा।

**बैठक से दो दिन पहले पहुंचे सरसंघचालक :** सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले, सभी सहसरकार्यवाह डॉ कृष्णगोपाल, सीआर मुकुंद, अरुण कुमार, रामदत्त, आलोक कुमार, अतुल लिमये सहित कार्यकारिणी के सदस्य इस बैठक में भाग लेने वाले हैं। यह बैठक बेहद खास है। सूत्रों की मानें तो इसीलिए सरसंघचालक डॉ मोहन भागवत दो दिन पहले विशेष बैठक के लिए रांची पहुंचे हैं।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 67,900 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 94,000 रु./प्रति किलो |



# महंगाई ने तोड़ी आम आदमी की कमर, फिर भी नहीं है मुद्दा

## ■ आम आदमी की इस सबसे बड़ी समस्या पर कोई बात ही नहीं करता

## ■ लोगों को आंकड़ों के जाल में उलझा कर बस बयानबाजी ही होती है

आजाद सिपाही विशेष

लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था में सबसे अहम लोक होता है, लेकिन भारतीय संदर्भ में लोक आज सबसे हाशिये पर पहुंच गया है। यह बात हम इसलिए कह रहे हैं, क्योंकि आज आम लोगों की सबसे बड़ी समस्या के बारे में कोई भी राजनीतिक दल या प्रतिनिधि बात नहीं करता। यह सबसे बड़ी समस्या है महंगाई, जिसने आम लोगों को परेशान कर दिया है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले पांच साल में एक आम परिवार की आय महज 37 फीसदी बढ़ी है, जबकि महंगाई के कारण उसका खर्च 70 प्रतिशत तक बढ़ गया है। लोकसभा चुनाव संपन्न हुए अभी एक महीने ही हुए हैं और यदि इसी अवधि की बात की जाये, तो महंगाई करीब 10 फीसदी बढ़ गयी है, जबकि आय में बढ़ोत्तरी के कोई आसार फिलहाल नजर नहीं आ रहे हैं। आम लोगों के सामने सुरसा की तरह मुंह बाये महंगाई खड़ी हो गयी है, जो हर दिन उन्हें निगलने के लिए तैयार है। हालत यह हो गयी है कि आज एक मध्यम आय वाला भारतीय परिवार अपनी रोजमर्रा के खर्च का न तो कोई पूर्वानुमान लगा सकता है और न ही इस पर नियंत्रण कर सकता है। देश की अर्थव्यवस्था का यह सबसे महत्वपूर्ण पुर्जा, यानी मध्य वर्ग उपभोक्ता आज केवल बाजार की महंगाई से परेशान नहीं है, बल्कि सरकारी नियंत्रण में जो चीजें हैं, उनकी बढ़ती कीमतों ने भी उसे बेहाल कर रखा है। पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस के दाम पिछले 10 साल में लगभग दोगुने हो गये हैं। इस पर सबसे दुखद है कि यह मुद्दा किसी भी राजनीतिक दल के एजेंडे में नहीं है और न ही संसद-विधानसभाओं में इस पर चर्चा होती है। राजनीतिक दलों के लिए अब महंगाई कोई मुद्दा नहीं रह गया है। क्या है महंगाई का आलम और आम आदमी कैसे इसके बोझ तले कराह रहा है, बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह** की खास रिपोर्ट।



राकेश सिंह

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र ने अभी एक महीने पहले ही अपनी नयी सरकार चुनी है, नयी लोकसभा चुनी है और अगले पांच साल के लिए शासन की बागडोर इसे सौंप दी है। इस देश के आम लोगों को अब भी यह उम्मीद है कि उसकी रोजमर्रा की समस्याओं से यह सरकार, यह लोकसभा छुटकारा दिलायेगी। सभी समस्याओं से नहीं, तो कम से कम उसके जीवन से जुड़ी सबसे अहम समस्या से और वह है महंगाई। आज भारत का हर आम परिवार महंगाई से इतना त्रस्त है कि उसे आगे का रास्ता ही नहीं सूझ रहा है। उसके इस घाव पर नमक छिड़क रहे हैं राजनीतिक दल और उसके चुने हुए प्रतिनिधि, जिनके पास इस मुद्दे पर बात करने का समय नहीं है।

### क्या कहते हैं महंगाई के आंकड़े

जून महीने में सब्जियों और दालों में महंगाई में तेजी बनी हुई है। दालों के दाम में उछाल आया है, तो सब्जियों की महंगाई दर मई में 27.33 फीसदी रही है, जो अप्रैल में 27.80 फीसदी रही थी। फलों की महंगाई दर 6.68 फीसदी रही है, जो अप्रैल में 5.94 फीसदी रही थी। अनाज की महंगाई दर मई में 8.69 फीसदी रही है, जो अप्रैल में 8.63 फीसदी रही थी। मसालों की महंगाई दर घटकर मई में 4.27 फीसदी पर आ गयी है, जो अप्रैल में 7.75 फीसदी रही थी। चीनी की महंगाई दर घटकर 5.70 फीसदी ही है, जो अप्रैल में 6.73 फीसदी रही थी। आलू-प्याज और सब्जियों के दाम बढ़ने से आम आदमी हांफ रहा है।

### भोजन भी 71 फीसदी महंगा हुआ

लोकसभा चुनाव के दौरान नेताओं के मुंह से भले ही महंगाई का ज्यादा शोर नहीं सुनाई दे रहा हो, लेकिन जनता इससे परेशान है। एक सर्वे के मुताबकि करीब 23 प्रतिशत लोग इसे बड़ा चुनावी मुद्दा मानते भी हैं। आंकड़े बताते हैं कि पांच साल में जहां घर में तैयार शाकाहारी खाने की थाली की औसत कीमत 71 फीसदी तक बढ़ गयी है, वहीं इस दौरान नियिमति नौकरी करने वाले लोगों की मासकि आय मात्र 37 प्रतिशत बढ़ी है। हालांकि अस्थायी काम करने वालों (कैजुअल मजदूरों) की कमाई इस दौरान 67 प्रतिशत बढ़ी है। लेकिन एक सच यह भी है कि इन मजदूरों की कमाई का बड़ा हिस्सा खाना पर ही खर्च होता है। झारखंड के आंकड़े बताते हैं कि एक आम मध्यम वर्गीय परिवार के चार सदस्यों के लिए दो बार का शाकाहारी भोजन बनाने के लिए जरूरी सामग्रियों की औसत लागत इस साल 79.20 रुपये हो गयी है, जबकि पिछले साल यह 64.20 रुपये और 2019 में 46.20 रुपये आंकी गयी थी। इस तरह झारखंड के एक घर में हर दिन दो शाकाहारी थाली बनाने की मासिक लागत 2019 में 1386 रुपये से बढ़ कर 2024 में 2377 रुपये हो गयी है।



### ऐसे निकाली गयी दो थालियों की कीमत

यह जानने के लिए कि झारखंड में घर पर औसतन दो शाकाहारी थालियों की कीमत कितनी है, उसे बनाने में इस्तेमाल की जाने वाली सामग्रियों की कीमत निकाली गयी। थाली में सफेद चावल, कोई एक दाल, प्याज, लहसुन, हरी मिर्च, अदरक, टमाटर, आलू, आटा, हरी सब्जी, तेल, मसाला और नमक के अलावा एलपीजी सिलिंडर या बिजली और मेहनत की कीमत का आकलन किया गया। इसके बाद खपत की जानेवाली सामग्री की कीमत निकाली गयी। फिर उस कीमत को कमाने में खर्च की गयी रकम, यानी पेट्रोल-डीजल या भाड़ा जैसे खर्च को जोड़ा गया। तब अंतिम तौर पर यह आंकड़ा तैयार किया गया। खास बात यह है कि इसमें शिक्षा, चिकित्सा, मनोरंजन और सामाजिक खर्च शामिल नहीं हैं, जो एक मध्य वर्ग परिवार के सिर पर हमेशा मंडराता रहता है।

### क्या है वास्तविक स्थिति

आज एक आम भारतीय मध्यवर्ग परिवार हर पल इसी चिंता में डूबा रहता है कि जीवन की जद्दोजहद में वह अपने भविष्य की चिंता करे या वर्तमान की। महंगाई ने यकीनन पहले से सुलग रही समस्याओं की आग को और अधिक प्रज्ज्वलित कर दिया है। सरकार की तमाम कोशिशों के बावजूद आम भारतीय की रोजमर्रा की परेशानियां दूर होने के स्थान पर बढ़ती जा रही हैं। केवल पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस ही नहीं, सरकार के नियंत्रण की हर चीज की कीमत बिना किसी पूर्व सूचना के बढ़ती जा रही है। चाहे रेल किराया हो या विमान का भाड़ा, टोल टैक्स हो या सरकारी अस्पतालों में जांच की दर, हर जगह महंगाई की आग ने तबाही मचा रखी है। आखिर ऐसा क्यों हो रहा है, जब खपत कम हो रही है, लोग परेशान हैं, मांग पर कोई अंतर नहीं पड़ा है, कच्चे माल की कीमत नहीं बढ़ी है, तो फिर सरकार आखिर इस महंगाई पर नियंत्रण क्यों नहीं करती। दरअसल हमारे देश में ऐसी अर्थनीति बन चुकी है, जो एकदम ही अमीर कॉरपोरेट सेक्टर को फायदा पहुंचा रही है। इसके कारण आम आदमी की जिंदगी दुश्वार हो गयी है। पिछले पांच वर्षों से जारी महंगाई दर ने पिछले सभी रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिये हैं। अमीर आदमी को यकीनन महंगाई से कुछ भी फर्क नहीं पड़ता, लेकिन एक गरीब इंसान की हालत कितनी बदतर हो चली है, इसका कुछ भी अंदाजा न सरकार को है और न राजनीतिक दलों को।

हालत यह है कि भारत के वर्तमान राजनीतिक माहौल ने कमरतोड़ महंगाई के सवाल पर जन मानस के गुस्से की अभिव्यक्ति को अत्यंत असहज कर दिया है, अन्यथा अपनी माली हालत को लेकर आम आदमी के भीतर जो जबरदस्त ज्वालामुखी धधक रहा है, उसके विस्फोट से एक अलग समस्या पैदा हो सकती थी। अमीर तबके के और अधिक अमीर हो जाने की अंतहीन लालच की खातिर आम आदमी को निचोड़ा जा रहा है। महंगाई के सवाल पर आम आदमी का रोष इसलिए भी राजनीतिक जोर नहीं पकड़ रहा कि प्रायः सभी राजनीतिक दलों के नेताओं का अपना चरित्र भी कॉरपोरेट परस्त होता जा रहा है। सांसद-विधायक अपना वेतन-भत्ता कई गुना बढ़ा चुके हैं।

सरकारी आंकड़े बताते हैं कि पिछले पांच वर्ष के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं के दाम 16.5 प्रतिशत की दर से बढ़े हैं। यह दर हर तीन महीने पर तय होती है। चीनी के दाम 73 फीसदी, मूंग दाल की कीमत 113 फीसदी, उड़द दाल के दाम 71 फीसदी, अनाज के दाम 20 फीसदी, अरहर दाल की कीमत 58 फीसदी और आलू-प्याज के दाम 32 फीसदी बढ़ गये हैं। इसके अलावा खुदरा के दामों और थोक दामों में भारी अंतर बना ही रहता है। सरकारी आंकड़े महज थोक सूचकांक बताते हैं, जबकि आम आदमी तक माल पहुंचने में बहुत से बिचौलियों और दलालों की जेबें गरम हो चुकी होती हैं। वैसे भी भारत की अर्थव्यवस्था अब सटोरियों और बिचौलियों के हाथों में ही खेल रही है। अपना खून-पसीना एक करके उत्पादन करने वाले किसानों की कमर कर्ज से झुक चुकी है। खुदरा बाजार में खाद्य पदार्थों के दाम चाहे कुछ भी क्यों न बढ़ जायें, किसान वर्ग को इसका फायदा कदाचित नहीं पहुंचता। इतना ही नहीं, धीरे-धीरे उनके हाथ से उनकी जमीन भी छिनती जा रही है।

ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि मांग का दबाव न होने और भरपूर फसल होने के बावजूद कीमतों की उड़ान क्यों जारी है। इसका जवाब न किसी सरकार के पास है और न किसी राजनीतिक दल के पास। इस बेलगाम महंगाई का असली कारण यही है कि हमारे राजनीतिक दलों को को कुछ अधिक ही भरोसा हो गया है कि आम आदमी के गुस्से से निकट भविष्य में उनकी हैसियत को कोई खतरा नहीं।

---

## हाइकोर्ट ने राज्य सरकार से पूछा

# 13 वर्षों के बाद भी धनबाद में रिंग रोड क्यों नहीं बना?

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** धनबाद में वर्ष 2011 में प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण कार्य शुरू नहीं किये जाने को झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। इससे संबंधित एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने मौखिक कहा कि 13 वर्ष बीत जाने के बाद भी धनबाद में रिंग रोड के निर्माण का कार्य शुरू नहीं किया गया, इसके लिए जमीन भी राज्य सरकार ने लोगों से अधिग्रहित कर ली है। जमीन अधिग्रहण को लेकर मुआवजा के रूप में सरकार ने 76 करोड़ रुपये भी खर्च कर दिया है, लेकिन अब तक इसका निर्माण कार्य क्यों नहीं





शुरू किया गया? जमीन अधिग्रहण होने से कई लोगों की जमीन चली गयी, लेकिन वर्षों बाद भी उनकी जमीन का सदुपयोग नहीं हुआ। कोर्ट ने राज्य सरकार को जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि धनबाद में रिंग रोड बनाने को लेकर क्या कार्रवाई की गयी? मामले की अगली सुनवाई 15 जुलाई को होगी। इससे पूर्व प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि 16 मई 2011 को राज्य सरकार ने धनबाद में रिंग रोड बनाने के लिए अधिसूचना निकली थी। सरकार की एजेंसी झरिया पुनर्वास एवं विकास प्राधिकार को रिंग रोड बनाने की जिम्मेदारी मिली थी। लेकिन रिंग रोड के लिए कोई प्लान नहीं बनाया गया और इसका निर्माण कार्य 13 वर्षों के बीत जाने के बाद भी शुरू नहीं हुआ है। सरकार की ओर से वर्ष 2011 में ही धनबाद के धनसार, झरिया, मनाइटाड़ आदि जगह में लोगों की जमीन ली गयी थी, जिसमें जमीन अधिग्रहण के मद में राज्य सरकार की ओर से 76 करोड़ रुपये की राशि को खर्च की गयी थी।

## 15-18 आयुवर्ग के ड्रॉपआउट स्कूली बच्चों को पढ़ाई का अवसर

# ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करायें बच्चे

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के तहत समग्र शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के द्वारा आउट ऑफ स्कूल या ड्रॉपआउट हो चुके 15-18 आयुवर्ग के बच्चों को अपनी पढ़ाई राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआइओएस) के माध्यम से जारी रखने का अवसर मिल रहा है। झारखंड शिक्षा परियोजना की पहल पर ऐसे बच्चे जो 15 से 18 आयुवर्ग के हैं और किन्ही कारणों से विद्यालय नहीं जा पाये हैं एवं ड्राप आउट हो चुके हैं, वे 27 जुलाई की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर पंजीकरण करा सकते हैं। वे अपनी इच्छानुसार वर्ग 3/5/8/10/12 कक्षाओं की पढ़ाई पूरी करने के लिए पंजीकरण करवा सकेंगे। इसके माध्यम से झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद द्वारा उक्त आयुवर्ग के बच्चो की संख्या ज्ञात की जा रही है। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के निदेशक आदित्य रंजन ने ऐसे बच्चे और उनके अभिभावकों से अपील की है कि जो बच्चे विद्यालय से बाहर रह गये हैं या ड्रॉपआउट हैं वे पुनः अपनी पढ़ाई आरंभ करें और उसे उन्हें पूर्ण करें।

## चोरों ने की पहले चोरी, फिर घर में बनी मछली भी खा गये

**बगोदर।** गिरिडीह के बगोदर थाना क्षेत्र अंतर्गत दोंदलो पंचायत के ढिभरा गांव में देर रात चोरों ने चार घरों में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। यहां तक कि चोरों ने एक घर में बनी मछली की सब्जी को भी नहीं छोड़ा और चटकर चलते बने। घर के मालिकों को जब इसकी जानकारी मिली तो उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी। इधर गिरिडीह के ढिभरा गांव में हुई वारदात से ग्रामीणों में डर का माहौल व्याप्त है। प्रखंड प्रमुख और मुखिया ने पुलिस को जल्द से जल्द मामले का खुलासा करने का आग्रह किया। भुक्तभोगियों ने बताया कि उनके घरों से हजारों रुपये समेत आभूषणों और बर्तनों की चोरी हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि चोरों ने बारी-बारी से सभी के घर में घटना को अंजाम दिया है। चोरों ने भुक्तभोगी जानकी महतो के घर से चार हजार रुपये नगद, बर्तन, चांदी का समान व कपड़ा ले गये। घटना के वक्त परिवार के सभी सदस्य छत पर सो रहे थे। उनके घर पर उस रात मछली की सब्जी बनी थी उसे भी वह चट कर गये। वहीं, अन्य तीन घर के मालिकों ने बताया कि हमलोग दूसरे घर में रह रहे थे। तभी चोरों ने रात में ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। इधर, चोरी की घटना की सूचना पाकर उप- प्रमुख हरेंद्र कुमार सिंह और मुखिया तुलसी महतो सभी भुक्तभोगियों के घर पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

## गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक





मंगलवार को गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने गिरीडीह में गांडेय विधानसभा क्षेत्र में चल रही विभिन्न योजनाओं से जुड़े मामलों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक में शामिल हुईं और अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिया।

# अरगा नदी पर पुल धंसने के मामले में इंजीनियर और ठेकेदार पर कार्रवाई की तैयारी, जांच तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार गिरिडीह के अरगा नदी पर पुल धंसने के मामले में कड़ी कार्रवाई करने की तैयारी में है। पथ निर्माण विभाग ने वहां के कार्यपालक अभियंता सहित सहायक अभियंता व कनीय अभियंताओं से स्पष्टीकरण पूछा है। सरकार के स्तर पर गठित टीम भी लगातार इसकी जांच कर रही है। विगत दिनों में टीम का भ्रमण भी वहां हआ था, लेकिन अधिक पानी की वजह से पुल धंसने के कारणों की सही से जांच नहीं हो सकी।



विभाग के वरीय पदाधिकारियों के अनुसार पुल धंसने का मामला गंभीर लापरवाही को दर्शाता है ऐसे में इंजीनियरों व ठेकेदार पर कार्रवाई की जा सकती है। हालांकि, इस धंसे पुल को अपने खर्च पर बनाने के लिए संवेदक ने अंडरटेकिंग दिया है, बावजूद इसके सरकार गुणवत्ता में लापरवाही को देखते हुए कार्रवाई करने के मूड में है। जून माह के अंतिम दिन गिरिडीह-जमुई को जोड़ने वाले भेलवाघाटी के अरगा नदी पर पुल धंस गया था। पांच साल से इस योजना पर काम चल रहा था संवेदक रंजन गुप्ता ने जब सेंट्रिग सेट करवा कर ढलाई किया तो नदी के तेज बहाव में पुल का एक स्पेन टूट कर गिर गया। वहीं एक जगह पीयर टेढ़ा भी हो गया। लगभग पांच करोड़ की लागत से इस पुल का निर्माण कराया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| --- | --- | --- |
| रांची | 33.1 °c | 23.6 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 18.38 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.09 बजे |

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 10 जुलाई, 2024
www.azadsipahi.in


## जेएमएम नेता ने भाजपा पर साधा निशाना

# बाबूलाल मरांडी की किस्मत में नहीं है मुख्यमंत्री की कुर्सी : हेमलाल मुर्मू

**हेमंत माने सोना, जितना तपेगा उतना ही चमकेगा : हेमलाल मुर्मू**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरीय नेता और पूर्व सांसद हेमलाल मुर्मू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को पता होना चाहिए था कि हेमंत का मतलब सोना होता है। सोना को जितना तपाया जायेगा वह उतना ही ज्यादा चमकेगा। आज हेमंत सोरेन सोने की तरह की चमक रहे हैं। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि विधानसभा में विश्वास मत हासिल करने के बाद हेमंत सोरेन बड़े आदिवासी नेता के रूप में स्थापित हो चुके हैं। इंडिया गठबंधन के घटक दल के नेताओं ने भी इसको स्वीकार किया है। विश्वास मत हासिल करना वाकई में जनता की जीत है।

### बीजेपी ने हेमंत के खिलाफ साजिश की

मंगलवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में हेमलाल मुर्मू ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की वजह से हेमंत सोरेन को 5 महीने का कठिन कारावास जेल में गुजारना पड़ा। हालांकि, वह बेल पर बाहर निकल आये। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि जमानत देते हुए झारखंड हाइकोर्ट ने जो टिप्पणी की है, उससे स्पष्ट होता है कि एक निर्दोष व्यक्ति को फंसाकर राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से यह कर्मकांड किया गया था। हेमलाल मुर्मू ने कहा कि बाबूलाल मरांडी, बीजेपी की पालकी ढोयें। उनके नसीब में वही है। मुख्यमंत्री की कुर्सी उनके नसीब में नहीं है।

उन्होंने कहा कि गठबंधन दल, आगामी विधानसभा चुनाव में बहुमत हासिल कर दोबारा सरकार बनायेगा। बीजेपी इससे आगे नहीं बल्कि और नीचे ही जायेगी। उन्होंने कहा कि लोबिन हेंब्रम की सदस्यता खत्म करने का मामला स्पीकर न्यायाधिकर में चल रहा है। उनके खिलाफ आरोप साबित हो चुका है।

## झामुमो पर भारतीय जनता पार्टी का पलटवार

# जेएमएम कभी सरकार में वापस नहीं आयेगा : प्रतुल शाहदेव

**बाबूलाल मरांडी का डर गठबंधन सरकार के सिर चढ़ कर अभी भी बोलता है**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि अब यह राजनीतिक मृत्यु शैय्या पर पड़े हैं और दिन में ही बड़े-बड़े सपने देख रहे हैं। प्रतुल ने कहा इस सरकार के बारे में प्रचलित कहावत है कि कोई ऐसा सगा नहीं, जिसे हेमंत सरकार ने ठगा नहीं। बेरोजगार, किसान, महिला, युवा, मध्यम वर्ग - सब इस सरकार के गलत निर्णयों और भ्रष्टाचार का शिकार हुए हैं। यह सरकार अब दोबारा सत्ता में कभी नहीं आने वाली है। वैसे भी एनडीए को पिछले लोकसभा चुनाव में 52 विधानसभा सीटों पर बढ़त मिली थी। वहीं सत्ताधारी गठबंधन 27 सीटों पर सिमट गया था।

प्रतुल ने कहा कि इस सरकार को बाबूलाल मरांडी का खौफ हमेशा सिर चढ़ कर बोलता है। इन लोगों को सोते जागते बाबूलाल ही याद आते हैं। क्योंकि इनको पता है बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में भारतीय जनता पार्टी गठबंधन आगामी विधान सभा चुनावों में बड़ी जीत की ओर अग्रसर हो रही है। उन्होंने कहा जो लोग आज बाबूलाल मरांडी को कभी मुख्यमंत्री बनने का ख्वाब नहीं देखने की बात कह रहे हैं, वह अगले चुनाव के बाद बेरोजगार हो जायेंगे और चौक चौराहे पर मूंगफली फांकते हुए दिखेंगे। प्रतुल ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा गलत बयानी पर उतर आया है। प्रतुल ने कहा कि अब झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के नेता जोश में होश को खो बैठे हैं और कह रहे हैं कि जैसा हाइकोर्ट का निर्णय आया वैसे ही सुप्रीम कोर्ट में भी निर्णय आयेगा। अब क्या ये सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश की भूमिका में भी आ गये हैं? प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने राज्य सरकार पर मामला बोलते हुए उसे बांग्लादेशी घुसपैठियों का संरक्षक बताया। प्रतुल ने कहा कि बांग्लादेशी सीमा से बड़े पैमाने पर जो घुसपैठिए भीतर घुस आये हैं, उनको राज्य सरकार राजनीतिक संरक्षण दे रही है।

**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सा.), दक्षिण पूर्व रेलवे, खड़गपुर-721301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए मद के सामने उल्लिखित तिथि को 12.00 बजे से पूर्व ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **निविदा सूचना सं. (i) 114-ईएलसी-जी-केजीपी-24-25-16,** नीमपुरा सिक लाइन पर सिक लाइन के विस्तार, फ्रेट अवसंरचना का संवर्धन, आयरनाइट फ्लोरिंग, सेवा भवन के प्रतिस्थापन आदि के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु.1,92,22,045.87, **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** रु. 2,46,100/-, **निविदा सूचना सं. (ii) 114-ईएलसी-जी-केजीपी-24-25-21,** खड़गपुर मंडल: वरिष्ठ डीईई (जी)/केजीपी के अधीन अर्थिंग व्यवस्था (क्वार्टर, सेवा भवन, पोल, सब-स्टेशन आदि), लाइटनिंग अरेस्टर (पोल संरचना और सेवा भवन) तथा सीएलएस पैनल (विभिन्न स्टेशन और एलसी) की आपूर्ति, स्थापना और आरंभ करने के लिए विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 2,29,16,436.43, **बोली प्रतिभूति/बयाना राशि:** रु. 2,64,600/-, **खुलने की तिथि:** दिनांक 31.07.2024 प्रत्येक हेतु। **निविदा कागजात का मूल्य:** प्रत्येक के लिए शून्य। **समापन अवधि:** क्रम सं. (i) एवं (ii) के लिए स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 माह। **जमा करने की तिथि:** दिनांक 31.07.2024 को 12.00 बजे तक प्रत्येक हेतु। इच्छुक निविदाकार निविदा के संपूर्ण विवरण, वर्णन और विनिर्देश के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देख सकते हैं एवं अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। किसी भी परिस्थिति में इन कार्यों के लिए मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। **द्रष्टव्य:** प्रत्याशित बोलीदाता सभी निविदाओं में भाग लेने के लिए, **www.ireps.gov.in** नियमित रूप से देख सकते हैं। (PR-355)

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# हेमंत कैबिनेट के मंत्रियों ने पदभार ग्रहण किया

## बन्ना गुप्ता, दीपिका पांडेय, सत्यानंद भोग्ता, इरफान, मिथिलेश, वैद्यनाथ समेत अन्य नवनियुक्त मंत्री पहुंचे अपने-अपने विभाग









**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** हेमंत कैबिनेट के मंत्रियों ने सोमवार को शपथ ले ली। उनके बीच विभागों का भी बंटवारा कर दिया गया है।

इसी के साथ मंगलवार को मंत्रियों के पदभार ग्रहण करने का सिलसिला शुरू हो गया। मंगलवार को बन्ना गुप्ता, दीपिका, सत्यानंद भोग्ता, इरफान अंसारी, मिथिलेश ठाकुर, वैद्यनाथ राम समेत अन्य नवनियुक्त मंत्री पहुंचे अपने-अपने मंत्रालय पहुंचे और पदभार ग्रहण किया। स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने नेपाल हाऊस स्थित अपने कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि इस बार सीएचसी, पीएचसी, अनुमंडल और जिला स्तर के अस्पतालों को विशेष वित्तीय अधिकार देने की व्यवस्था की है। इसके लिए कैबिनेट की सहमति से अलग से एक अरब रुपये का बजटीय उपबंध किया है। ऐसा होने से अस्पतालों की सभी छोटी-मोटी बुनियादी जरूरतों को उसी स्तर पर पूरा कर लिया जायेगा। इसके लिए विभागीय स्तर की लंबी चौड़ी प्रक्रिया से नहीं गुजरना होगा।

झामुमो कोटे से मंत्री बने मिथिलेश ठाकुर ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग का कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने हर घर नल से जल पहुंचाने के लिए जारी जल जीवन मिशन के काम में तेजी लाने की बात कही। वहीं, पहली बार मंत्री बने इरफान अंसारी ग्रामीण विकास विभाग का पदभार ग्रहण करने के बाद कहा कि लोगों में उत्साह है। मेरे कंधे में पर जो काम दिया गया है, उसे पूरा करूंगा।

उधर, वैद्यनाथ राम ने शिक्षा विभाग में पदभार ग्रहण किया। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आभार जातते हुए कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में झारखंड को बेहतर बनाना ही लक्ष्य है। सारी योजनाओं को अच्छे तरीके से धरातल पर उतारा जायेगा।

## धनबाद में कार्यकर्ता सम्मान सह विजय संकल्प सभा का आयोजन

# झारखंड को ठगबंधन सरकार से मुक्ति दिलाने का संकल्प लें: बाबूलाल मरांडी

**कार्यकर्ताओं के परिश्रम से बनी तीसरी बार मोदी सरकार : पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को धनबाद में कार्यकर्ता सम्मान एवं विधानसभा स्तरीय विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। श्री मरांडी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता ही जमीनी स्तर पर पार्टी की विचारधारा के लिए जूझता है, संघर्ष करता है। जनता से संवाद करता है, रोज-रोज होने वाले कार्यक्रमों को सफल बनाता है। कहा कि ऐसे कार्यकर्ता ही पार्टी की पूंजी हैं। इनका मान सम्मान बढ़ाना नेतृत्व का कर्तव्य है।

उन्होंने कहा कि आज तीसरी बार मोदी सरकार की ऐतिहासिक उपलब्धि कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम का ही परिणाम है।

श्री मरांडी ने कहा कि अब कार्यकर्ताओं का एक ही लक्ष्य है। राज्य की भ्रष्ट, ठगबंधन सरकार से मुक्ति दिलाना। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने युवाओं को रोजगार और बेरोजगारी भत्ता का वादा कर वोट तो प्राप्त किया लेकिन सत्ता में आते ही भुला दिया। सदन में मुख्यमंत्री ने 5 लाख नौकरी देने, बेरोजगारी भत्ता देने की बात कही लेकिन नौकरी देने के नाम पर नौकरियों की बोली लगायी गयी। प्रश्न पत्र लाखों में बेचे गये। जेपीएससी, जेएसएससी की सभी परीक्षाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयीं। युवाओं का भविष्य बर्बाद कर दिया।

उन्होंने कहा कि राज्य की विधि-व्यवस्था ध्वस्त है। रोज हत्याएं हो रहीं हैं। राजधानी में सरेआम गोलियां चल रहीं। जेल से भी अपराधी धमकी दे रहे। व्यवसायियों से खुलेआम फिरौती मांगी जा रही। ऐसे में राज्य में कौन उद्योग धंधा लगायेगा। लगे हुए भी बंद हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस पदाधिकारी वसूली में लगे रहते हैं। अपराधी बेखौफ अपराध को अंजाम देते हैं। बहन-बेटियां असुरक्षित हैं।

उन्होंने कहा कि राज्य में खनिज संसाधनों, बालू, पत्थर, जमीन की लूट मची है। बिना पैसे का कोई काम नहीं होता। कहा कि ठगबंधन सरकार अपनी योजनाओं के साथ केंद्र सरकार की योजनाओं को भी भ्रष्टाचार में झोंक दिया। आयुष्मान योजना, नल जल योजना की स्थिति दयनीय है। लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे। उन्होंने कहा कि 24 वर्ष के युवा झारखंड में 10वर्षों से ज्यादा इसी ठगबंधन का शासन रहा है। लेकिन इस दौरान केवल घपले, घोटाले और भ्रष्टाचार ही हुए। कहा कि राज्य में जो भी विकास दिखता है वह भाजपा और एनडीए सरकार की देन है।

उन्होंने कहा कि राज्य की जनता ऐसी भ्रष्ट सरकार से ऊब चुकी है। जनता निजात चाहती है। जिसका स्पष्ट संकेत लोकसभा चुनाव में दिया है। राज्य के 52 विधानसभा क्षेत्र में एनडीए की बढ़त हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में सुशासन, विकास को सुनिश्चित कराने के लिए ठगबंधन सरकार को उखाड़ फेंकना जरूरी है। विजय संकल्प सभा में पूर्व सांसद पीएन सिंह, धनबाद विधायक राज सिन्हा, संजय झा समेत भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ओबीसी एकता अधिकार मंच ने जाति आधारित जनगणना कराने की मांग की

# ओबीसी को सभी क्षेत्रों में हिस्सेदारी और भागीदारी सुनिश्चित कराये राज्य सरकार : ब्रह्मदेव प्रसाद



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ओबीसी एकता अधिकार मंच ने झारखंड प्रदेश में जाति आधारित जनगणना कराने और जनसंख्या के अनुपात में ओबीसी को सभी क्षेत्रों में हिस्सेदारी व भागीदारी सुनिश्चित कराने की मांग की। मंगलवार को इस संबंध में मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने रांची स्थित केंद्रीय कार्यालय हरमू में प्रेस कांफ्रेंस का आयोजन किया। मौके पर ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि झामुमो के नव गठित हेमंत सोरेन सरकार एवं पूरे मंत्रिमंडल को शुभकामनाएं और बधाई है। उन्होंने कहा कि यह उम्मीद है कि राज्य के विकास में इमानदारी पूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। हम सभी लोग यह उम्मीद करते हैं कि उनके नेतृत्व में राज्य का सर्वांगीण विकास हो। उन्होंने कहा कि मंच के माध्यम से यह मांग करते हैं कि ओबीसी को राज्य में जाति आधारित जनगणना कार्य जल्द से जल्द कराकर जनसंख्या के अनुपात में ओबीसी को सभी क्षेत्रों में हिस्सेदारी व भागीदारी सुनिश्चित करें। मंच का 11 सूत्री मांग में जो राज्य सरकार के अंतर्गत आने वाला क्षेत्राधिकार में है उसे अविलंब लागू करेंगे जो केंद्र सरकार के अंतर्गत आने वाली मांग राज्य सरकार से पारित कराकर केंद्र को प्रस्ताव भेजने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के गठन में ओबीसी समाज की उचित भागीदारी नहीं मिल पायी है। यह चिंताजनक है। वहीं केंद्रीय महासचिव श्रवण कुमार ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने शपथ ग्रहण करने के पश्चात राज्य में जातीय जनगणना कराने के लिए विधानसभा एवं मंत्रिमंडल से प्रस्ताव पारित कराया। परंतु अभी तक जनगणना शुरू नहीं हुई है। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया कि जल्द से जल्द जातीय जनगणना प्रारंभ कराया जाये और ओबीसी को जनसंख्या के अनुपात में हिस्सेदारी दी जाये। इस अवसर पर ललित चौधरी (प्रदेश स्तरीय समाजसेवी), केंद्रीय कमेटी सदस्य पंकज साहू, अरविंद कुमार, बालमुकुंद शर्मा, धीरज यादव, अनुज कुमार, जितेंद्र शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# धनबाद के वासेपुर के डॉन फहीम खान के भांजे की हत्या, पुलिस जांच में जुटी






**आजाद सिपाही संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद वासेपुर में एक बार फिर हत्या से सनसनी फैला गयी। जेल में बंद गैंगस्टर फहीम खान के भांजे की हत्या कर रेलवे ट्रैक पर फेंकने की घटना सामने आयी है। भूली थाना क्षेत्र स्थित सिल्वर डब स्कूल के पास रेलवे लाइन के किनारे गैंगस्टर फहीम खान और शेर खान के भांजे 25 वर्षीय गुल खान को अज्ञात अपराधियों ने हत्या कर रेलवे ट्रैक के समीप शव को फेंक दिया। शव पूरी तरह लहूलुहान हालत में पाया गया। गुल खान को परिजनों और स्थानीय पुलिस ने पहले निजी अस्पताल में लाया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं भुली थाना की पुलिस शव को कब्जे में लेकर जांच में जुटी है। फिलहाल शव को एसएनएमएमसीएच अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है। पुलिस अभी कुछ भी कहने से बच रही है।

## भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद के प्रयास से जर्जर रोड की करायी गयी मरम्मत



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के पेलावल रोड पागमिल वार्ड 21, एन एच 100 की जर्जर रोड लोगों की समस्या बनते जा रही थी। हल्की सी बारिश में नाली का पानी रोड पर आ जाना उसके बाद आने जाने वाले लोगों को समस्या उत्पन्न हो रही थी। स्कूली बच्चे एम्बुलेंस, बस जैसे यातायात सुविधा बाधित हो रही थी, तो वहीं दूसरी और टोटो रिक्शा फंसने के कारण कई महिलाएं गिर गयी। इन समस्याओं की जानकारी मिलते ही भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने दो हाईवा अलकतरा चिप्स, गिट्टी लेकर उस जर्जर रोड पर पहुंचे। रोड में सभी सामग्री को डालने के उपरांत स्वयं प्लेन किया, जिसके बाद स्थानीय लोगों ने भी उनका सहयोग और कार्य में हाथ बढ़ाना शुरू किया। बगैर किसी मजदूर के पूरे रोड को स्थानीय लोग और श्री प्रसाद और उनके टीम के सदस्यों के द्वारा किया गया। इसके पश्चात जेसीबी को बुलवाकर पूरी तरह से प्लेन करवाया गया ताकि आने जाने वाले लोगों को समस्या उत्पन्न ना हो। मौके पर प्रदीप प्रसाद ने कहा कि सेवा के लिए हूं और सदैव सेवा करता रहूंगा। इसी दृष्टिकोण से रोड की जर्जर स्थिति को ठीक कराया गया है। ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू रूप से हो सके, किसी को भी कोई समस्या उत्पन्न हो। स्थानीय लोगों ने भी मिलजुल कर सामग्री को रोड में भरने का कार्य किया है जिसके लिए मैं उन्हें धन्यवाद देता हूं।

## हजारीबाग में हर्ष अजमेरा ने दो दर्जन से अधिक बहनों को भेंट किया लहंगा



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा सामाजिक क्षेत्र में एक अलग पहचान स्थापित करते हुए आम जनता की सेवा में समर्पित नजर आ रहे हैं हर सेवा कार्यों में उनकी उपस्थिति बढ़-चढ़कर सुनिश्चित हो रही है तो इस बीच शादी विवाह जैसे महत्वपूर्ण पाल पर श्री अजमेरा ने व्यक्तिगत रूप से बहनों को लहंगा भेंट करने का निर्णय लिया है जिसके माध्यम से सदर विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों के पंचायत में उनके समर्थकों के द्वारा बहनों को विवाह से पूर्व लहंगा भेंट किया जा रहा है, ताकि उनकी शुभकामनाएं उन बहनों के साथ सदैव बनी रहे। इसी क्रम मे सदर विधानसभा क्षेत्र कटकमदाग, कटकमसांडी प्रखंड में युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने दो दर्जन से भी अधिक बहनों के घर स्वयं पहुंचकर भाई स्वरूप लहंगा भेंट किया और उन्हें शादी की शुभकामनाएं दी बहनों के चेहरे पर भाई के प्रति एक अलग खुशी झलक उठी। मौके पर हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग सदर विधानसभा क्षेत्र में गरीब, असहाय परिवार की बहनों को उनकी विवाह में सहयोग करते हुए शादी का लहंगा दिया जा रहा है, स्वंय कटकमदाग और कटकमसांडी प्रखण्ड पहुंचकर दो दर्जन से अधिक बहनों को शादी का उपहार स्वरूप लहंगा देकर अपने सामाजिक दायित्व को निभाया साथ ही श्री अजमेरा ने कहा कि जनता मेरे परिवार की तरह है उनकी खुशियों में शामिल होना मेरे लिए सौभाग्य की बात है, घर का बड़ा भाई और बेटा अपनी बहन की शादी में बढ़-चढ़.कर हिस्सा लेता है, मैंने अपनी बहनों को उपहार देकर अपनी सामाजिक कर्तव्य को निभाया हूं आगे भी या कार्य निरंतर रूप से प्रारंभ रहेगा।

## अंबा प्रसाद ने लगाया जनता दरबार



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हर मंगलवार के भांति मंगलवार को बड़कागांव विधायक अम्बा प्रसाद का जनता दरबार लगा जिसमें दर्जनों से ज्यादा विभिन्न प्रकार के मामले सामने आयें। जिसमें ज्यादातर मामले को विधायक अंबा प्रसाद ने ऑन द स्पॉट मामले को निष्पादन किया। मामले में खासकर जमीन संबंधित, पेयजल जल कि समस्या, फर्जी मुकदमा के मामले सामने आयें। पेयजल समस्या को लेकर विधायक ने पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे को चिन्हित करके चापानल लगाने का निर्देशित किया गया। जमीन संबंधित मामले को लेकर विधायक ने अंचल अधिकारी को नियम संगत जल्द से जल्द समस्या को निष्पादन करने पर जोर दी। फर्जी मुकदमे मामले पर एसडीपीओ कुलदीप कुमार संज्ञान ली। वहीं जनता दरबार में महिलाओं की समस्या पर विधायक अंबा प्रसाद का विशेष ध्यान था और विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि अफसर का लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आम जनता को बेफिजूल दौड़ाया न जाये। मौके पर मुख्य रूप से विधायक अम्बा प्रसाद, एसडीपीओ कुलदीप कुमार, बीडीओ जितेंद्र कुमार मंडल, अंचलाधिकारी बालेश्वर राम, पूर्व कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, जगतनंदन प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया वाहिद हुसैन, रामकिशोर शुक्ला, जमाल सगीर, कैला गोप, विनय मुन्ना, शमशेर खान, अहमदुल्लाह इत्यादि दर्जनों लोग उपस्थित थें।

## मेधावी छात्र समारोह का आयोजन



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने 76 वां स्थापना दिवस पर रामगढ़ के डिवाइन ओंकार मिशन स्कूल में मेधावी छात्र समारोह का आयोजन किया। समारोह में जिले के विभिन्न विद्यालय-महाविद्यालय से दसवीं और 12वीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को 10 सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलित और स्वामी विवेकानंद और मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गयी। समारोह में मुख्य रूप से अभाविप प्रदेश सह मंत्री गौतम महतो, विभाग संगठन मंत्री विक्रम राठौर, हजारीबाग विभाग के सहसंयोजक अंशु पांडे, जिला प्रमुख डॉ आशीष कुमार, जिला संयोजक शुभम गिरी उपस्थित हुए।

# तालाब में डूबे तीनों लड़कों का शव बरामद, गांव में शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र के पुरनाथाम में पानी में डूबे एक युवक और दो बच्चों के शवों को अंत्यपरीक्षण के बाद मंगलवार को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। घटना के बाद गांव में शोक है तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि तीनों गांव स्थित एक तलाब में नहाने गये थे। तालाब में डूबने से 19 वर्षीय युवक समेत दो नाबालिगों की मौत हो गयी। घटना सोमवार की है और देर रात दो शव निकाल लिए गये थे, जबकि एक शव मंगलवार की



सुबह निकाला गया। मृतकों की पहचान सोहेल अंसारी (19), शाहबाज अंसारी (12) और अरबाज अंसारी (12) के रूप में हुई है। घटना के बाबत चंदवारा थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि सभी लड़के अपने घर के पास स्थित एक तालाब में सोमवार को नहाने के लिए गये थे। उसी दौरान यह हादसा हुआ। जब देर शाम तक सभी घर नहीं लौटे तो परिवार के सदस्यों ने चिंता व्यक्त की। इसके बाद वह तालाब के आस-पास के इलाकों में छानबीन की लेकिन तीनों का कहीं पता नहीं चला। आसपास के लोगों से पूछताछ और छानबीन के बाद जब उन तीनों का कुछ पता नहीं चला तो परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने तालाब में उनकी तालाश शुरू की। घंटों खोजबीन के बाद रात में दो शवों की बरामदगी हो गयी। जबकि रात हो जाने के कारण एक का शव बरामद नहीं हो सका। मंगलवार सुबह फिर से खोजबीन शुरू की गयी तो तीसरे का शव भी बरामद हो गया। तालाब के पास उन बच्चों का कपड़ा बरामद हुआ। पुलिस ने सभी शवों का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। बताया जाता है कि मृत लड़के आपस में रिश्तेदार थे और इनमें एक जयपुर से यहां शादी समारोह में भाग लेने पहुंचा था।

# ग्रामीणों ने ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण कार्य कराया ठप

**एनटीपीसी की सीबी कोल माइंस से जुड़े ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण कार्य से जुड़ा मामला**

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** भू-रैयत विस्थापित प्रभावित समिति भदईखाप के बैनर तले भू-रैयत ग्रामीणों ने कोल कंपनियों के विरुद्ध मोर्चा खोल दिया है। एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना से 2.2 किलोमीटर ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण कार्य को बाधित कर भू-रैयत अनिश्चितकालीन धरने की शक्ल में बैठ गये हैं। इस से पूर्व भू-रैयतों ने सोमवार को हजारीबाग के उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर एनटीपीसी की चट्टी बरियातू कोयला खनन परियोजना में जोरदाग से मुख्य सड़क तक 2.2 किलोमीटर ट्रांसपोर्टिंग सड़क निर्माण में रैयतों को मुआवजा व रोजगार के साथ विस्थापन के मुद्दे को लेकर वार्ता होने तक अनिश्चित कालीन धरना पर बैठने की भी सुचना दी थी। इस आवेदन में लिखा है की भू-रैयतों की उपजाऊ जमीन में कम्पनी के द्वारा कोयले की ढुलाई के लिए ट्रांसपोर्टिंग सड़क का निर्माण किया जा रहा है। विगत 26 जून को अनुमंडल पदाधिकारी सदर के कार्यालय में एनटीपीसी के अधिकारीयों के साथ बैठक भी हुआ थी जिसमें स्पस्ट रूप से कहा गया था की जिन रैयत की जमीन सड़क के निर्माण कार्य में ली जा रही है उस रैयत के परिवार में किसी एक सदस्य को रोजगार से जोड़ा जायेगा व जो समिति बनी है उसे मान्यता देते हुए प्रदूषण की राशि ट्रांसपोर्टर के माध्यम से समिति को दिया जायेगा। इसके साथ कई बिंदुओं पर सहमति बनी थी और कंपनी के अधिकारी के द्वारा 1 जुलाई तक का समय मांगा गया था लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हो पाया है। इसलिए कम्पनी की वादा खिलाफी के खिलाफ 9 जुलाई से हम सभी ग्रामीण धरना पर बैठेंगे और किसी तरह का कोई निर्माण कार्य हम लोग नहीं होने देंगे। आवेदन की प्रतिलिपि अनुमंडल वदाधिकारी सदर, अंचल अधिकारी केरेडारी, थाना प्रभारी केरेडारी और एनटीपीसी चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के महाप्रबंधक को दी गयी है। आवेदन में रामेश्वर साव, इदरीश अंसारी, रितेश कुमार, दीपक कुमार, चंदन कुमार, मो अनवर, देवनारायण कुमार, मुकेश कुमार, हिरामन साव, राजेश कुमार, बद्री साव, बिनोद साव, प्रकाश साव, मुकेश साव, प्रदीप साव, कविता देवी, अनीता देवी, बिराजो देवी, सीता देवी, कपुरवा देवी, काजल देवी, बिरेन्द्र कुमार, बैजनाथ साव, देवंती देवी, मोबारक मियां, ईश्वर यादव, राजकुमार साव, सरफराज अंसारी सहित कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर है।

# आइसेक्ट विवि की ओर से रबर की खेती को मिला प्रोत्साहन

**आइसेक्ट विवि और भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान के बीच हुआ एमओयू**

**आनेवाले समय में रबर की खेती लोगों के लिए आर्थिक स्त्रोत का बन सकता है महत्वपूर्ण जरिया**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हजारीबाग।** आइसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग व भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान (रबर बोर्ड) मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (भारत सरकार), कोट्टायम, केरल के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर सोमवार को तरबा-खरबा स्थित मुख्य कैंपस सभागार में डॉ मीना सिंह, डॉ रिजू, डॉ सजी कुमार, वरीय वैज्ञानिक, वैज्ञानिक, भारतीय रबर अनुसंधान संस्थान मिनिस्ट्री ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, केरल के अन्य प्रतिनिधि, आइसेक्ट विवि के कुलपति डॉ पीके नायक, डीन एडमिन व आइक्यूएसी के निदेशक डॉ एसआर रथ, कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार की मौजूदगी में किये गये। बता दें कि इस एमओयू का लाभ कृषि विभाग की पढ़ाई कर रहे विद्यार्थियों को तो मिलेगा ही, साथ ही आने वाले समय में यहां के किसान भी लाभान्वित होंगे। उक्त जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक ने कहा कि इसी के तहत विवि में कृषि संकाय के माध्यम से हजारीबाग में पहली बार आइसेक्ट विवि के कृषि रिसर्च फार्म में रबर की खेती की शुरुआत हुई। वहीं विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि आइसेक्ट विश्वविद्यालय प्लेसमेंट, शोधकार्य और विद्यार्थी अनुकूल वातावरण तैयार करने को लेकर विभिन्न संस्थानों से एमओयू कर एक सकारात्मक दिशा की ओर अग्रसर है। मौके पर मौजूद कृषि संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार ने कहा कि रबर की खेती बेहतर आर्थिक स्त्रोत का भी जरिया बनेगा। आइक्यूएसी निदेशक डॉ एसआर रथ ने कहा कि रबर की खेती कामयाब होती है तो शोधार्थियों को भी और किसानों के लिए भी लाभदायक साबित होगा। बताते चलें कि रबर की खेती का शोध कार्य कृषि संकाय के अंतर्गत संकायाध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, विभागाध्यक्ष डॉ सत्यप्रकाश विश्वकर्मा, प्रभात किरण, फरहीन सिद्दीकी, प्रतिभा हेंब्रम व राजकुमार तिवारी की देखरेख में किया जा रहा है।

## छात्रों को दी गयी 260 साइकिल

**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय कराली में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग के सौजन्य से उपलब्ध साइकिल का वितरण स्कूली छात्र छात्राओं के बीच विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा किया गया। इसके तहत उत्क्रमित मध्य विद्यालय जोको की 10, मध्य विद्यालय कंडाबेर की 37, मध्य विद्यालय सायल की 16, मध्य विद्यालय कोदवे की 6, मध्य विद्यालय बेलतु की 70, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बसरिया की 65, उत्क्रमित मध्य चट्टी बरियातू की 16 व मध्य विद्यालय कराली की 40 छात्र छात्राओं के बिच कुल 260 साइकिल का वितरण किया गया। इस वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक अंबा प्रसाद ने कहा की यह साइकिल वितरण कार्यक्रम बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने में मिल का पत्थर साबित हो रहा है व बालिकाओं के लिए विद्यालय जाना अब आसान हो गया है। स्कूली छात्राएं साइकिल मिलने से बेहद प्रसन्न दिख रही थी। वही कल्याण विभाग पदाधिकारी प्रसांत कुमार ने बताया कि कल्याण विभाग द्वारा केरेडारी के सभी स्कूलों में टोटल 1156 साइकिल छात्र छात्राओं के बीच वितरण किया जाना है। फिलहाल केरेडारी में मंगलवार को 260 साइकिल का वितरण किया गया। मौके पर अमित कुमार, अमेरिका महतो, जितनी देवी, सुरेश भुइयां, सुरेश साव, अंकेश कुमार, सुनील कुमार पांडेय, प्रशांत कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा ने दिया धरना सम्मानजनक पेंशन देने की मांग की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** अलग झारखंड राज्य के आंदोलनकारी का कोई मुकम्मल पहचान सरकार नहीं दे सकी। इसके लिए झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा हजारीबाग ईकाई द्वारा एकदिवसीय धरना उपायुक्त कार्यालय के समक्ष दिया गया। इसकी अध्यक्षता महमूद आलम और संचालन खलील अंसारी ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा है कि झारखंड अलग राज्य करने के लिए सैकड़ों लोगों ने अपनी शहादत दी, लाखों लोग जेल गये और पुलिस की यातनाएं झेली और सजा काटा तब जाकर के झारखंड अलग राज्य का निर्माण हुआ। पर अफसोस की बात है की 24 वर्ष पूरा होने के बावजूद तमाम आंदोलनकारी की पहचान सरकार आज तक नहीं कर सकी और ना ही वर्तमान समय में जो आंदोलनकारी जीवित है उनका कोई पहचान दे सकी। कुछ लोगों को पहचान कर 3000 महीना पेंशन दिया जा रहा है जो उचित नहीं है। सरकार को इस पर तत्काल हस्तक्षेप कर आंदोलनकारी का पहचान करते हुए सम्मानजनक पेंशन देना चाहिए। इस अवसर पर मोर्चा के राज्य महासचिव पुष्कर महतो ने कहा कि झारखंड अलग राज्य हमारा बहुत पुराना मांग था जिसके लिए जयपाल सिंह मुंडा से लेकर कई लोगों ने संघर्ष किया तब जाकर के अलग राज्य बना। इन अलग राज बनने के बाद आंदोलनकारी को जो सम्मान सरकार द्वारा देना चाहिए वह आज तक नहीं मिला है। हालत यह है कि 24 वर्ष गुजर जाने के बाद भी सरकार उन आंदोलनकारी की पहचान करने में असफल रही है। सभा को बटेश्वर मेहता, चंद्रनाथ भाई पटेल, शबनम परवीन, सुखदेव यादव, सुनील मेहता, गणेश कुमार सीटू, संजय मलिक, राजेंद्र स्वर्णकार, निसार अहमद, दुलारचंद साव, गुलाब नबी, महेंद्र राम, विपिन कुमार सिन्हा, अजय साव, नंदलाल प्रसाद मेहता, अनिरुद्ध कुमार, तिलक महतो, दशरथ राय, मिसबाहउल इस्लाम, सुबोध कुमार सिंह, सद्दाम हाशमी, करीम अंसारी, अनवर अहमद, इंद्रदेव कुशवाहा, अजय साहू, दिगंबर मेहता, सतनारायण प्रसाद ने संबोधित किया। धरना के बाद झारखंड अलग राज्य आंदोलनकारी को तत्काल पहचान करने, सम्मानजनक पेंशन देने, पहचान पत्र देने सहित 22 सूत्री मांग पत्र उपायुक्त हजारीबाग के माध्यम से मुख्यमंत्री, झारखंड सरकार को दिया गया है। धन्यवाद ज्ञापन राम अवतार भगत ने किया।

## ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत संचालित योजनाओं की डीडीसी ने की समीक्षा बैठक



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक परियोजना पदाधिकारी सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी के साथ कार्यालय कक्ष में की गयी। बैठक में लक्ष्य के अनुरूप मानव दिवस सृजन, प्रति गांव पांच योजना का क्रियान्वयन, वीर शहीद पोटो हो खेल मैदान योजना को लक्ष्य के अनुसार लेने का निर्देश, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, अबुआ आवास में मानव दिवस सृजन करने, बिरसा हरित ग्राम योजना वित्तीय वर्ष 2024/25 में चयनित भूमि में पिट कार्य करने, एरिया ऑफिसर एप्प, एनएमएमएस, डीबीटी इत्यादि कार्यों में प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। उक्त सभी बिंदुओ पर एक सप्ताह के अंदर प्रगति लाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत अब तक जिले में कार्यान्वित की गयी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि आमजनों के हित के लिए संचालित इन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर सफल बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसके लिए सभी अधिकारियों को सक्रिय रूप से प्रयासरत रहने के लिए निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अबुआ आवास योजना राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं में से एक महत्वपूर्ण योजना है। प्राथमिकता के आधार पर योग्य लाभुकों का चयन करते हुए अबुआ आवास योजना का लाभ दिया जाना है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आमजनों के हित को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन हो, ताकि लोगों को उचित लाभ मिल सकें। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोगों को इन योजनाओं का लाभ दिया जा सके।

## मुहर्रम को लेकर जिला स्तरीय बैठक



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मुहर्रम पर्व के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक बिरसा सांस्कृतिक भवन में पुलिस उपाधीक्षक कोडरमा पुरूषोत्तम कुमार और जिला आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश पुरेंदु की अध्यक्षता में हुई। पुलिस उपाधीक्षक और जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने कहा कि सभी लोग आपसी एकता और भाईचारा के प्रतीक हैं। उन्होंने मुहर्रम पर्व को आपसी सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। कहा कि पर्व के अवसर पर जिले के सभी मस्जिदों और इमामबाड़ों पर शांतिपूर्ण रूप से इबादत करें। अंचल स्तर पर शांति समिति की बैठक करने का निर्देश दिया। जिले वासियों से अपील है कि मुहर्रम पर्व के दौरान भड़काऊ गाने और सोशल मीडिया पर किसी प्रकार के भ्रामक खबरों को पोस्ट न करें। उन्होंने ज्वलनशील पदार्थो का प्रयोग न करने, तय मार्ग और समय पर जुलुस को निकालने सहित सभी संप्रदायों से आपसी भाईचारा और सौहार्द बनाए रखने, किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना जिला प्रशासन को उपलब्ध कराने की बात कही। इस दौरान उन्होंने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने में आमजनों को जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने की बात कही। बैठक में मुख्य रूप से उत्पाद अधीक्षक सुजीत कुमार, कार्यपालक अभियंता पेयजल और स्वच्छता प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी मौजूद रहे।

## डिजिटल पंचायत योजना को लेकर प्रशिक्षण



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को डीपीआरसी सभागार कोडरमा में डिजिटल पंचायत योजनांतर्गत सभी वीएलई का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आहूत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उप विकास आयुक्त ऋतुराज के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण देने हेतु राज्य स्तरीय प्रशिक्षक हर्ष कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीएससी मैनेजर देवेन्द्र कुमार, प्रफुल्ल कुमार और डीपीएम ई पंचायत सत्यजीत हिमवान उपस्थित हुए।

## उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त महोदया के समक्ष रखा। उपायुक्त ने सभी लोगों से एक-एक कर समस्याएं सुनी। जनता दरबार में अबुआ आवास योजना से नाम कट जाने, गैरमजरूआ जमीन पर कब्जा करने, मकान बनाने से रोकने, अवैध निर्माण, जबरन जमीन पर कब्जा करने, लग्न रसीद निर्गत करने, पेयजल आपूर्ति करने समेत कई मामलों में आवेदन दिया। ऐसे में जनता दरबार में सभी शिकायतकर्ता की समस्याओं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को सभी आवेदनों का जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द करने का निर्देश दिये।

## शिव मंदिर में दीप यज्ञ और दीपोत्सव कार्यक्रम



**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सोमवार शाम शिव मंदिर में दीप यज्ञ उत्सव मनाया गया। अब महीने के हर प्रथम सोमवार को दीप यज्ञ उत्सव मनाया जायेगा, गायत्री शक्ति पीठ झुमरी तिलैया के परिव्राजक बालेश्वर के द्वारा दीप यज्ञ एवम गुरुदेव पंडित राम शर्मा आचार्य जी का संदेश युग संगीत और सत्संग के माध्यम से दिया गया। कार्यक्रम का संचालन गृह गृह गायत्री यज्ञ जिला संयोजिका सोनी जयसवाल ने किया। साथ ही फुल कुमारी भारती और इंदु जयसवाल ने भजन गाकर सबको आनंदित किया और फुलवा देवी और सुधा देवी ने भी भजनों को गाकर सबका मनमोह लिए। इस कार्यक्रम में अनुपा देवी, शोभा देवी, आरती देवी, कविता देवी, उडनी देवी, निशा सिंह इत्यादि लोग शामिल हुए।

## कुजू में मां विपत्तारणी की हुई पूजा



**कुजू (आजाद सिपाही)।** प्रगति संघ क्लब, बंगाली टोला कुजू में दुर्गा स्वरूपा मां विपत्तारणी पूजा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पुरोहित मानस चक्रवर्ती द्वारा व्रतियों को विधिवत्त पूजा अर्चना कराया गया। पूजा में कुल 70 व्रतियों ने उपवास रखकर मां की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात सभी महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर लगाकर सिंदूर खेला किया। साथ ही, एक दूसरे को सुहागन रहने की कामना की। मालूम हो कि गत 36 वर्षों से बंगाली टोला में मां विपत्तारणी पूजा की जाती है। जिसमें मां विपत्तारणी को 13-13 तरह के फल, फूल और मिष्ठान चढ़ाकर पूजा अर्चना की जाती है। मौके पर पूजा कमेटी के अध्यक्ष अचिंतया सरकार, सचिव आशीष कुमार मुखर्जी, कौशिक मुखर्जी, बबला मुखर्जी, रंजीत बनर्जी, सागर कुंडू, सरोज चटर्जी, रुद्राक्ष मुखर्जी, मंजू सरकार, सोमा मुखर्जी, रिंपा मुखर्जी, उषा मुखर्जी, साधना सेन, तनु सेन, सीमा लायक, मिताक्षी पाल, सुजाता चक्रवर्ती, मिठू दत्ता, रूमा चटर्जी, वर्षा गुप्ता, रीता देवी, इला बनर्जी, मनिका बनर्जी, जूली मंडल, भानु मंडल, सुमित्रा देवी, सरस्वती चक्रवर्ती, सपना देवी, सुमन देवी, दिव्या ठाकुर आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

## दुलमी की दो पंचायतों में किसान महासभा महिला मोर्चा की कमेटी गठित




**रजरप्पा (आजाद सिपाही)।** दुलमी प्रखंड अंतर्गत दो पंचायत दुलमी और पोदमदगा के पंचायत भवन में बैठक रखा गया। जिसमें निकटवर्ती पंचायत के महिला किसान अगुवा किसानों का परिचर्चा हुआ। किसान महाजुटान को लेकर रणनीति बनायी गयी। जिसकी अध्यक्षता दुलमी प्रखंड प्रभारी रीता भारती ने की व संचालन दुलमी पंचायत में संजना देवी और पोदमदगा पंचायत में ललीता देवी ने संयुक्त रूप से किया। बैठक में मुख्य वक्ता दुलमी प्रखंड प्रभारी रीता भारती और गोला प्रखंड प्रभारी कपिल देव महतो ने महासभा के आगामी योजनाओं का विस्तार से बताया और कहा कि झारखंड राज्य के किसान असंगठित है इनकी स्थिति दिहाड़ी मजदूरी से भी अधिक खराब है गयी है मुख्य मुद्दो मे महासभा ने तय किया है कि इस वर्ष सरकार को किसानों से तय एमएसपी दर पर ससमय धान खरीद करना होगा किसानों के खाते में इसका भुगतान चौबीस घंटे के अंदर देना। झारखंड किसान महासभा के दुलमी प्रखंड के दो पंचायत दुलमी और पोदमदगा के पंचायत प्रभारी नियुक्त किये गये। झारखंड किसान महासभा के पंचायत कमेटी के अंतर्गत दुलमी पंचायत प्रभारी संजना देवी, सह प्रभारी लगनी देवी, संयोजक सीता देवी, सहसंयोजक बिलखी देवी और पोटमदगा पंचायत प्रभारी ललीता देवी, सह प्रभारी ममता देवी, संयोजक काजो देवी, सहसंयोजक संजोती देवी को मनोनीत किया गया कमिटी के प्रखंड के अगुवा सदस्य रूप में कविता देवी रुवी देवी, हेमंती देवी, नमिता देवी, सावित्री देवी, पुनम कुमारी, कांती देवी, देवंती कुमारी, उर्मिला कुमारी को चयन किया गया ।

## रेलवे लाइन से शव बरामद

**कुजू (आजाद सिपाही)।** कुजू पुलिस ने कुजू रेलवे स्टेशन के निकट सीसीएल साइडिंग स्थित रेलवे लाइन के पोल संख्या 121/3 के पास एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। जिसे कब्जे में कर पुलिस ने अंत्यपरीक्षण के लिए रामगढ़ सदर अस्पताल भेज दिया। साथ ही शव के तलाशी के दौरान मिले मोबाइल से मृतक के परिजनों को पुलिस द्वारा सूचित किया गया। बताया जाता है कि मृतक जिला गिरिडीह थाना हीरोडीह ग्राम बलेडीह निवासी 49 वर्षीय अरुण दास पिता स्व बंशी दास इंटरसिटी एक्सप्रेस पर सवार होकर रांची की ओर जा रहा था। इसी बीच कुजू सीसीएल साइडिंग के पास ट्रेन से गिरने के कारण उसकी मौत हो गयी।

## दुर्गा मंडप में मनी मां विपत्तारणी पूजा



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बंगाली समाज के तत्वावधान में मंगलवार को सौंदा डी दुर्गा मंडप में आस्था का महापर्व मां विपत्तारिणी पूजा का आयोजन किया गया। साथ ही इस पर्व में विशेष रूप से 13 प्रकार के फल-फूल और मिठाइयों के साथ पूजा अर्चना की जाती है। पूजा के समापन के बाद महिलाएं अपने परिवार के सदस्य के हाथों में दूर्वा से बने लाल रंग का रक्षा सूत्र बांह पर बांधती हैं। उन्होंने कहा कि मां विपतारिणी सच्चे मन से आस्था रखने वाले सभी श्रद्धालुओं को हर विपदा से बचाती है। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में जोयदेव गुप्ता, संजय यादव, सुरेश खरवार, दीपक सिंह, मधु भंडारी, अंशु, रिशु, अजीत झा सहित दर्जनों महिलाओं का विशेष योगदान रहा।

# क्रेशर पर फायरिंग कर रंगदारी मांगनेवाले पांच आरोपी गिरफ्तार

**देसी कट्टा और कारतूस हुए बरामद**

**नकाबपोश अपराधियों ने सदर थाना क्षेत्र के गोड़रा गांव में आरकेएस कंपनी के क्रेशर पर फायरिंग करते हुए दहशत फैलाने का काम किया था**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** पुलिस ने एक पत्थर क्रेशर पर फायरिंग कर दहशत फैलाने वाले और लेवी मांगने वाले पांच अपराधियों को देसी कट्टा व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में इटखोरी थाना क्षेत्र के सरहेता गांव निवासी मुकेश राणा, कौशल पासवान, दिनेश्वरी पासवान, कैलाश राणा और राजपुर थाना क्षेत्र के बड़वार गांव निवासी कृष्ण सिंह का नाम शामिल है। पुलिस ने इनके पास से एक देसी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस और दो बाइक बरामद किया है। यह जानकारी डीएसपी मुख्यालय रोहित कुमार रजवार ने मंगलवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। डीएसपी ने बताया कि बीते 11 और 28 जून की संध्या नकाबपोश अपराधियों ने सदर थाना क्षेत्र के गोड़रा गांव में आरकेएस कंपनी के क्रेशर पर फायरिंग करते हुए दहशत फैलाने का काम किया था। गोलीबारी की घटना के बाद क्रेशर संचालक से लेवी की मांग की जा रही थी। इस घटना के उद्भेदन के लिये पुलिस अधीक्षक ने एक एसआइटी का गठन किया था। जिसमें मुख्यालय डीएसपी रोहित रजवार, सदर थाना प्रभारी विपिन कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक कुमार गौतम, संदीप कुमार, मनीष कुमार, महेश प्रसाद महतो और रवि रंजन कुमार शामिल थे। टीम द्वारा सोमवार को चतरा-पत्थलगड्डा मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दो बाइक पर पांच व्यक्ति पत्थलगड्डा से चतरा की ओर जाते दिखायी पड़े। पुलिस को देख बाइक सवार तेजी से बाइक लेकर भागने लगे। पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उन्हें पकड़ा और तलाशी लिया। इस दौरान इनके पास से देसी कट्टा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में अपराधियों ने स्वीकार किया कि उनके द्वारा ही आरकेएस कंपनी के क्रेशर पर रंगदारी के उद्देश्य से दो बार गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया था। सदर थाना में इनके विरुद्ध एफआइआर दर्ज करते हुए जेल भेज दिया गया।

# एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक ने दिया धरना

**पीवीयूएनएल प्रबंधक स्थानीय युवकों को रोजगार दे**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पतरातू।** एनटीपीसी मजदूर यूनियन एटक के तत्वावधान में पीवीयूएनएल मेंन गेट के समक्ष 11 सूत्री मांग पत्र को लेकर एक दिवसीय धरना दिया गया। इसकी की अध्यक्षता विष्णु कुमार व संचालन मनोज कुमार महतो ने किया। इस मौके पर धरना को संबोधित करते हुए एटक राज्य महासचिव अशोक यादव ने कहा कि मोदी सरकार मजदूरों के ऊपर चौतरफा हमला कर रही है। मजदूरो को संगठित होकर हक अधिकार के लिए लड़ने की जरूरत है। एनटीपीसी मजदूर यूनियन के महामंत्री विनोद बिहारी पासवान ने कहा कि मजदूर संगठित होकर हक और अधिकार के लिए लड़े सफलता जरूर मिलेगी। यूनियन के कोषाध्यक्ष नरेश मंडल ने कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन भारत सरकार द्वारा जो न्यूनतम मजदूरी दर लागू है उसे मजदूरों को दिया जाये। विष्णु कुमार ने कहा कि एनटीपीसी पतरातू के मजदूर संगठित हो तभी यहां के मजदूरों को अधिकार मिलेगा। मनोज कुमार महतो ने कहा कि पीवीयुएनएल प्रबंधक स्थानीय युवाओं को योग्यता के अनुसार रोजगार में बहाल करें। धरना के बाद एनटीपीसी मजदूर यूनियन के नेताओं ने 11 सूत्री मांग पत्र को पीवीयुएनएल प्रबंधक को सौंपा गया। इस मौके पर अशोक यादव, झारखंड राज एटक सचिव विनोद बिहारी पासवान, महामंत्री नरेश मंडल एनटीपीसी मजदूर यूनियन कोषाध्यक्ष विष्णु कुमार, मनोज कुमार महतो, नरेश बेदिया, मनोज पहन, रमेश महतो किशोर कुमार महतो राठौर, दिलीप महतो, प्रकाश साहू, विनय कुमार, नरेश कुमार सिंह सेवालाल बिटिया, सनी लाल बेड़िया राम बेड़िया, राजू मुंडा विकास मुंडा, पारस मांझी, राहुल कुमार, राजू पाल, महेंद्र रजवार, हलीम अंसारी, अक्षय कुमार, प्रमोद चौधरी, अमित कुमार, प्रमोद साहू, राजू प्रसाद, चरण उरांव, विकास मुंडा, मीरा सिंह, सतनारायण सिंह, संतोष मुंडा, गोविंद सिंह, रविंद्र यादव जन सेवक यादव सहित कई लोग शामिल थे।

## पटेलनगर में सनराइज एकेडमी का धूमधाम से मना स्थापना दिवस

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्तिथ एस्पायर कोचिंग सेंटर में अवस्थित सनराइज अकेडमी में धूमधाम से समारोह पूर्वक कोचिंग का 8वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कंप्यूटर शिक्षिका नेहा कुमारी उर्फ जूली, शिक्षिका पल्लवी सिन्हा, शिक्षक रजनीश प्रसाद और कमलेश मेहता ने संयुक्त रूप से केक काटकर किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं के बीच केक और मिठाई का वितरण किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं ने आकर्षक गीत और नृत्य प्रस्तुत कर सबों का मन मोह लिया। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की खूब सराहना हुई। मौके पर शिक्षिका नेहा कुमारी उर्फ जूली ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में नये ऊर्जा का संचार होता है। छात्र-छात्राओं के तरो ताजगी के लिए पढ़ाई के साथ समय-समय पर इस तरह के कार्यक्रम होते रहना चाहिए। उन्होंने कहा की वर्तमान के इस डिजिटल युग में बच्चों को कंप्यूटर की बेहतर शिक्षा देना ही संस्था का उद्देश्य है। वहीं शिक्षक रजनीश प्रसाद ने कोचिंग के आठ वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे यहां आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को कम शुल्क पर कंप्यूटर की शिक्षा दी जाती है, जो आगे भी जारी रहेगा।


## किसानों को दिया गया मक्का का बीज



**कुंदा/ चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के डाडू गांव में मंगलवार को दर्जनों किसानों के बीच राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजना के तहत मक्का बीज का वितरण किया गया। इस बात की जानकारी देते हुए बीटीएम सुधीर कुमार ने बताया की मौसम को देखते हुए गांव में दर्जनों किसान के बीच राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत उपलब्ध कराई गयी। मक्का बीज मुफ्त में वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार, नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव, प्रभारी प्रखंड तकनीकी प्रबंधक सुधीर कुमार, किसान मित्र संतोष कुमार यादव और किसान उपस्थित थे।

# अधिकारी ने सदर अस्पताल का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**चतरा।** सदर अस्पताल इन दिनों सुर्खियों में है। सदर अस्पताल में कई अनियमित और प्रसव में पैसों की लेनदेन की मिल रही सूचना पर चतरा उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देश पर अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार और जिला परिवहन पदाधिकारी इंद्र कुमार ने चतरा सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्होंने सदर अस्पताल के स्वास्थ्य सहायता केंद्र, आयुष्मान भारत केन्द्र, डॉक्टर रूम, ओपीडी, अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, रजिस्ट्रेशन काउंटर, हेल्प डेस्क, हृदय रोग ओपीडी, पैथोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर समेत कई वार्डों का निरीक्षण किया और समुचित व्यवस्था को लेकर सिविल सर्जन को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा पदाधिकारियों ने सदर अस्पताल में भर्ती मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके पश्चात सिविल सर्जन कार्यालय का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सिमरिया और चतरा के अनुमंडल पदाधिकारी भी मौजूद थे। अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार ने बताया कि उपायुक्त के निर्देश पर जांच की गयी। जांच रिपोर्ट उपायुक्त को सौंप दिया जायेगा, जो दोषी होगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

## डीसी ने की जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले में पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए 25727 छात्रों ने आवेदन डाला है। इनमें से 6507 आवेदकों की स्वीकृति मिल चुकी है। शेष आवेदकों का सत्यापन किया जा रहा है। इसके बाद उन्हें छात्रवृत्ति का लाभ मिलेगा। यह बात मंगलवार को जिला छात्रवृत्ति समिति की बैठक में डीसी चंदन कुमार ने कही। बैठक के दौरान जिला कल्याण पदाधिकारी निशा सिंह के द्वारा उपायुक्त और समिति के अन्य सदस्यों को जानकारी दी गयी कि वर्तमान में 19220 विद्यार्थियों को स्वीकृति दिए जाने के लिए आवेदन प्राप्त है। जिनका सत्यापन उपरांत विद्यार्थियों को लाभ दिया जायेगा। डीसी ने समिति के अन्य सदस्यों के साथ प्राप्त आवेदनों की समीक्षा के क्रम में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का लाभ देने के लिए आवेदनों को स्वीकृति देने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिये। बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त रोबिन टोप्पो, जिला कोषागार पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अग्रणी जिला प्रबंधक सहित अन्य उपस्थित है।

## रोटरी सिटी ने चलाया पौधरोपण कार्यक्रम



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** रोटरी रामगढ़ सिटी के तत्वाधान में मंगलवार को ओंकार हाई स्कूल में 20 फलदार और छायादार पौधे लगाये गये। उसके बाद अग्रसेन हाई स्कूल गिद्दी में भी फलदार और छायादार 20 पेड़ लगवाए गये। मौके पर अध्यक्ष अनिल कुमार गोयल ने कहा कि असंतुलित वातावरण और बेहद गर्मी से जूझ रहे रामगढ़ वासियों का आने वाला कल में इस तरह की गर्मी का सामना न करना पड़े, इसके लिए पौधा लगाना बहुत जरूरी है। फलदार और छायादार पौधा लगाकर ऑक्सीजन कमी को पूरा किया जा सकता है और गर्मी से भी राहत मिल सकती है। रूपेश गुप्ता के द्वारा अग्रसेंन हाई स्कूल गिद्दी के बच्चों को पेड़ लगाने की महत्ता की जानकारी दी गयी और वहां की छात्र छात्राओं से भी पेड़ लगवाया गया। इस अवसर पर हरीश चौधरी, रूपेश गुप्ता, उमेश राजगढ़िया, दीपक अग्रवाल, रवि अग्रवाल, विकास अग्रवाल, प्रकाश अग्रवाल, विशाल अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, भरत गोयल, वरुण बगड़िया, रोहित पंसारी, कृष्ण बंसल, राजेश अग्रवाल आदि उपस्थित थे।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 3476 Dated 03.07.2024, I, Madhu Devi D/O Sanjay Ravidas W/O Sawan Kumar Ravidas, aged about 23 years, Resident of village- 4 No. Rath Mandir Bermo, P.O- Sunday Bazar, P.S- Gandhi Nagar (Bermo) Dist- Bokaro (Jharkhand) do hereby solemnly affirm on oath and declare as follows:- 1. That, my Nationality is Indian. 2. That, in my Aadhaar card vide Aadhaar No. 8712 0722 5374 my name has been mentioned as Madhu Devi but in my bank account of Bank of India branch Phusro Bazar vide A/c No. 489210110008629 my name has been mentioned as Madhu Kumari. 3. That, Madhu Devi and Madhu Kumari both names are one and same person i.e. my self.
4. That, I want to correct or rectify my name in my above said bank account as Madhu Devi in place of Madhu Kumari. 5 That, I am swearing this affidavit to produce it before authority concern for needful purpose. 6 That, the above contents of this affidavit are true and correct, if in future the above contents shall be found incorrect, then I shall be liable to appropriate punishment.

**आम-सूचना**

इस सूचना के माध्यम से सभी आमजनों को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल (1) विशेश्वर नायक (2) दिनेश्वर नायक (3) परेश नायक (4) नरेश नायक (5) निमाय नायक सभी के पिता स्वः शिव प्रसाद नायक (6) रतन कुमार नायक (7) रवि कुमार नायक दोनों के पिता-स्व० जगदीश नायक एवं (8) स्व० केदार नाथ नायक सभी निवासी ग्राम-ओबरिया पो०-हटिया थाना-एयरपोर्ट जिला-रांची के द्वारा दिव्या कन्स्ट्रक्शन के मालिक/पार्टनर क्रमशः (1) शुभेन्द बिहारी पिता-अनिल बिहारी (2) अनिल बिहारी पिता कैलाश प्रसाद दोनो निवासी अशोक प्रस्थ डिबाडिह, थाना-डोरण्डा, जिला-रांची, झारखण्ड के साथ एक एकरारनामा, ग्राम-झुंगरी, थाना-खरसीदाग (नामकुम), अंचल नामकुम स्थित खाता नं0-93, प्लॉट नं0-550 एवं 559 रकबा-55 कुल डिसमील में बहुमंजिला इमारत बनाने के लिए दिनांक 15.01.2015 को हुआ था। परंतु, उक्त बिल्डर के तरफ से चाहरदिवारी बनाने के बाद आज तक लगभग 10 वर्ष गुजरने के बाद भी किसी भी प्रकार के आगे की कारवाई नहीं किये जाने के कारण उक्त एकरारनाम दिनांक 15. 01. 2015 को हमलोग सभी के द्वारा आम सहमती के आधार पर रद्द किया जाता है। अतः इस सूचना के प्रकाशन के उपरान्त यदि कोई भी व्यक्ति उक्त बिल्डर के साथ किसी भी प्रकार का कोई भी एकरारनामा अथवा लेन-देन, उक्त जमीन के एवज में करते हैं तो यह अनुचित होगा एवं मेरे मुवक्किलों पर किसी भी प्रकार से बाध्यकारी नहीं होगा।
नोट :- उक्त जमीन मालिको के विरुद्ध यदि भविष्य में किसी प्रकार का कोई मुकदमा दायर होता है, तो उस मुकदमा में होने वाले खर्च का वहन की जिम्मेवारी दिव्या कन्स्ट्रक्शन की होगी। एवं ऐसे किसी व्यक्ति/पार्टी अपने किये गये कार्यों के किये स्वयं जिम्मेवार होंगे।

**JHARKHAND INDUSTRIAL INFRASTRUCTURE DEVELOPMENT CORPORATION LTD.**
**(A GOVERNMENT OF JHARKHAND UNDERTAKING)**
**Office of the M.D., JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001**

JIIDCO

**SHORT NOTICE INVITING TENDER (2nd Call)**
(through e-procurement mode only-www.jharkhandtenders.gov.in)
NIT No.- JIIDCO/02/DIC/2024-25

Designation and Address of the Advertiser :- Executive Engineer, Office of the M.D.JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001

1. Mode of submission of Tender :- Online through www.jharkhandtenders.gov.in
2. Publishing on website :- Date 12.07.2024
3. Period downloading of Bidding Documents:- Date 12.07.2024 to 25.07.2024 Time 3.00 P.M.
4. Bids online submission :- Date 12.07.2024 to 25.07.2024 Time 3.00 P.M.
5. Bid opening date (Technical) :- Date 26.07.2024 Time: 3.30 P.M.

6. Details of Works :

| Bid No. | Tender Reference No. | Name of work | Estimate Cost (Rs.) | Amount of Earnest Money 2% of estimated cost (Rs.) | Cost of BOQ (Non-Refundable in Rs.) (Inclusive GST) | Time of completion of work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 2 | JIIDCO/01/ Khunti/ 2024-25 | Repair and Maintenance work of D.I.C. building, Khunti, Jharkhand Including Construction of Boundary wall and other Civil Components of works. | 62,32,108.00 | 1,25,000.00 | 11,800.00 | 06 Months |
| 3 | JIIDCO/02/ Pakur/ 2024-25 | Repair and Maintenance work of DIC building, Pakur, Jharkhand Including Construction of Boundary wall and other Civil components of works. | 77,43,191.00 | 1,54,900.00 | 11,800.00 | 06 Months |
| 4 | JIIDCO/03/ Ramgarh/ 2024-25 | Repair and Rehabilitation work with guiniting method of DIC building, Ramgarh, Jharkhand Including Boundary wall and other Civil components of works. | 72,20,880.00 | 1,44,500.00 | 11,800.00 | 06 Months |

7. Tender fee (non-refundable) & EMD is to be received through online mode only. Bidders can use internet banking facility for faster processing of Tender fee Alternatively, Bidders can use NEFT/RTGS challan generated for the tender from http://jharkhandtenders.gov.in, portal.
Refund will only be issued to Originated bank account used for the payment of EMD. So, bidders are advised NOT to close the above Bank Account used for online payment NEFT/RTGS of EMD.
No Hardcopy/Physical copy is required to be submitted for tender opening/evaluation. However, Department may ask original documents for verification before award of contract.
8. Bid Validity :- 180 days
9. Place of opening of Technical Bid :- Office of the M.D. JIIDCO, 5th Floor, Udyog Bhawan, Ratu Road, Ranchi-834001
10. For any information/complaints the department helpline no. Mob.No. 70047 85102 may be contacted.
11. Further details can be seen on website- www.jharkhandtenders.gov.in.
12. Any Corrigendum or Addendum will be notified in website:- www.jharkhandtenders.gov.in only.

**Note: (i) Any change can be seen on website www.jharkhandtenders.gov.in**
**(ii) Any other information can be seen on www.jharkhandtenders.gov.in**
**(iii) The estimated cost mentioned above in Sl. No.6 Column No. 4 is approximate which may be increased or decreased.**

**Ref. No. : 396 , Date : 09.07.2024** **Sd/- Executive Engineer (JIIDCO, Ranchi)**


## ट्रांसपोर्टिंग ठप करने को लेकर जीएम को नोटिस

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ ने अपनी विभिन्न मांगों को ले आगामी 25 जुलाई को सयाल से चलने वाली ट्रांसपोर्टिंग जाम करने का निर्णय लिया है। इसी आलोक में संघ द्वारा ट्रांसपोर्टिंग जाम करने को लेकर मंगलवार को बरका-सयाल महाप्रबंधक के नाम नोटिस दिया गया है। इस अवसर पर यूनियन के महासचिव सतीश सिन्हा ने कहा की 7 फरवरी 2024 को क्षेत्रीय कमिटी द्वारा सीसीएल प्रबंधन को 13 सूत्री मांग-पत्र दिया गया था। इस बावत प्रबंधन के साथ वार्ता भी हुई थी। लेकिन अभी तक किसी भी मांगो पर पहल नहीं की गयी। उन्होंने कहा कि सयाल परियोजना में चलने वाले दो-दो आउटसोर्सिंग में सयाल पंचायत और केके कोलियरी के किन्ही भी बेरोजगारों को नौकरी पर नहीं रखा गया है। यहां तक की वेतन की मांग करने पर मजदूरों को काम से ही निकाल दिया जाता है। जबकि स्थानीय प्रबंधन मूकदर्शक बनी रहती है। श्री सिन्हा ने कहा कि सौंदा बस्ती के टिपला में सामुदायिक भवन का प्रस्ताव जस के तस है। पूरे क्षेत्र में पानी का किल्लत है। इन्ही सभी मांगों को लेकर यूनियन आगामी 25 जुलाई 2024 को सयाल परियोजना का ट्रांसपोर्टिंग जाम करेगी।

## अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान के तहत मिला प्रशिक्षण

# ग्रामसभा कर दिया जायेगा वन अधिकार पट्टा: डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**अभियान का यह है मुख्य लक्ष्य**

डीसी चंदन कुमार ने बताया कि अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान का मुख्य लक्ष्य नए दावों का सृजन और सत्यापन, उचित मानचित्रो के साथ नए दावे तैयार करना, पुराने और अस्वीकृत दावों की समीक्षा करना, सामुदायिक अधिकारों पर विशेष ध्यान रखना, सभी हितधारकों का प्रशिक्षण देना, उपयोग के लिए तैयार टेंप्लेट उपलब्ध कराना, पट्टा वितरण के पश्चात उसका विकास करना है।

**रामगढ़।** जिले में ग्रामीणों को वन अधिकार पट्टा पूरे नियम के तहत दिया जायेगा। राज्य सरकार ने अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान की शुरुआत की गयी है। इस अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा लोगों को वन अधिकार पट्टा दिया जायेगा। यह बात मंगलवार को टाउन हॉल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में डीसी चंदन कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि वन अधिकार समिति के अध्यक्ष और सभी सदस्यों को पूरी जानकारी भी दी जा रही है। डीसी ने कहा कि कई बार नियमों का पालन नहीं होने और दस्तावेजों की कमी होने की वजह से वनाधिकार पट्टा नहीं मिल पा रहा था। कई बार बहुत छोटी कमी की वजह से लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस बार ग्राम सभा करने, 15 सदस्यों में दो तिहाई एसटी और ओटीएफडी और एक तिहाई महिलाओं को शामिल करने जैसी बेसिक जानकारी लोगों को दी जा रही है। सदस्यों और पदाधिकारी को इस कार्यशाला में बताया गया कि कैसे कोई आवेदन एक्सेप्ट होता है और किस वजह से वह रिजेक्ट हो जा रहा है। राज्य से नामित सीएसओ के रिसोर्स पर्सन द्वारा जिला स्तरीय पदाधिकारी का प्रशिक्षण आयोजित किया जायेगा।

**जानिए अधिनियम के तहत क्या है अधिकार और क्या है प्रतिबंधित:** डीसी ने बताया कि वन अधिकार अधिनियम के तहत चार तरह के अधिकार पट्टा धारकों को दिए गए हैं। व्यक्तिगत उपयोग, जमीन का सामुदायिक उपयोग, संरक्षण, संवर्धन और प्रबंधन के जिम्मेदारी पट्टा धारकों पर होगी। सरकारी योजनाओं के लिए एक हेक्टेयर तक का उपयोग किया जा सकता है। लेकिन यह जमीन हस्तांतरणीय नहीं है। नए सिरे से 2005 के उपरांत जंगल उजाड़ना, खेती के अधिकार को आवासीय अधिकार में परिवर्तन करना और वन पट्टा का बाद में व्यावसायिक उपयोग करना निषेध है।

बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में डीएफओ नितिश कुमार, डीडीसी रोबिन टोप्पो, एसी गीतांजलि कुमारी रामगढ़ अंचल अधिकारी सत्येंद्र नारायण पासवान, मांडू अंचल अधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी, चितरपुर अंचल अधिकारी दीपक मिंज, दुलमी अंचल अधिकारी मदन महली शाहिद सभी अधिकारी मौजूद थे।

# एक और हिट एंड रन

देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में रविवार को तड़के जिस तरह से मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी के एक नेता पुत्र की बीएमडब्ल्यू कार ने एक टू-वीलर को पीछे से टक्कर मारी, उस पर सवाल उठने लाजिमी हैं। हालांकि मुख्यमंत्री ने तत्काल आगे बढ़ कर यह स्पष्ट किया कि इस मामले में किसी तरह की ढिलाई नहीं होने दी जायेगी। फिर भी इस पूरे मामले में कई बातें गौर करने लायक हैं। मुंबई के इस हिट एंड रन केस ने करीब दो महीने पहले पुणे में हुए बहुचर्चित मामले की याद दिला दी। उस मामले में नशे में गाड़ी चलाते हुए बाइक सवार युवक-युवती को रौंदने के नाबालिग आरोपी को दी गयी निबंध लिखने की सजा ने काफी चर्चा बटोरी थी। कहा गया कि कानूनी तंत्र एक जाने माने बिल्डर के उस बेटे के साथ वैसी सख्ती नहीं दिखा सका, जैसी इस तरह के मामलों में दिखायी जानी चाहिए। ताज्जुब नहीं कि मुंबई हिट एंड रन केस की खबर आते ही लोगों के मन में पहला सवाल यही उठा कि चूंकि विक्टिम सामान्य परिवार के हैं और आरोपी सत्तारूढ़ दल के एक नेता के परिवार का, तो कहीं इस मामले में भी सरकारी तंत्र घुटने न टेक दे। शायद इसीलिए खुद मुख्यमंत्री ने बयान जारी कर ऐसी आशंकाओं को खारिज करने की कोशिश की। लेकिन शुरुआती सूचनाओं के मुताबिक जिस तरह से स्कूटर पर सवार महिला टक्कर के बाद कार के बोनट पर आ गयी, करीब 100 मीटर तक घिटसती गयी, फिर भी बीएमडब्ल्यू पर सवार लोग वहां रुकने के बजाय निकल भागे, उससे उनके इरादों पर सवाल खड़ा होता है। सड़क हादसे वैसे भी अपने देश में एक बड़ा मसला रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2022 में 1.68 लाख से ज्यादा लोग इनकी भेंट चढ़ गये। सिर्फ हिट एंड रन केसों की बात की जाये, तो भी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के मुताबिक 2022 में दर्ज 47,806 घटनाओं में 50,815 लोगों की मौत हुई। इस संदर्भ में भारतीय न्याय संहिता के कड़े प्रावधान खास तौर पर चर्चा में हैं, जिनके संभावित फायदों और नुकसानों पर बहस जारी है। समझना होगा कि पुणे और मुंबई जैसे मामले आम मामलों की तरह नहीं हैं। इनका एक खास पहलू है समाज के रसूखदार हिस्से में जड़ जमाती जा रही संवेदनहीनता और गैरजिम्मेदारी की भावना। इस हिस्से में न केवल कानून और प्रशासन के साथ किसी भी तरह का खिलवाड़ करके बच निकलने का भरोसा बना हुआ है, बल्कि अपने ही देश के अपेक्षाकृत कमजोर सामाजिक आर्थिक स्थितियों में रह रहे लोगों के प्रति आपराधिक उपेक्षा भाव भी है। इन दोनों प्रवृत्तियों के बने रहते हुए हालात में किसी तरह के सुधार की उम्मीद नहीं की जा सकती।


**सड़क हादसे वैसे भी अपने देश में एक बड़ा मसला रहे हैं। सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 2022 में 1.68 लाख से ज्यादा लोग इनकी भेंट चढ़ गये। सिर्फ हिट एंड रन केसों की बात की जाये, तो भी नेशनल क्राइम रिकॉर्ड्स ब्यूरो के मुताबिक 2022 में दर्ज 47,806 घटनाओं में 50,815 लोगों की मौत हुई।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**घटना तेलंगाना के मछरेली जिले के पोंकल गांव की है। वहां 53 वर्षीय अध्यापक जे. श्रीनिवास पिछले 12 वर्षों से सरकारी प्राइमरी स्कूल में पढ़ाते थे। जब वह यहां आये थे, तो स्कूल में मात्र 12 बच्चे आते थे। बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए उन्होंने अथक प्रयास किये। माता-पिता को घर-घर जाकर समझाया कि अपने बच्चों को स्कूल भेजें। बच्चे पढ़ेंगे, तब ही बढ़ेंगे। उनके प्रयासों का ही परिणाम था कि अब स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 250 तक पहुंच गयी।**

# एक अच्छे अध्यापक का तबादला

क्षमा शर्मा




सरकारी स्कूलों के बारे में अक्सर बेहद नकारात्मक खबरें आती हैं कि वहां अध्यापक पढ़ाते नहीं। वे कक्षा में ही नहीं आते या कि कुछ पैसे देकर किसी और को पढ़ाने भेज देते हैं। सरकारी स्कूलों की पढ़ाई का स्तर बेहद खराब है। ऐसी नकारात्मक खबरों, जिनमें से कुछ सच भी होंगी, का ही असर है कि लोगों के मन में सरकारी स्कूलों के प्रति यह राय बन गयी है कि वहां बच्चों को पढ़ाने का मतलब उनका भविष्य खराब करना है।

ऐसा लगता है कि मेरी पीढ़ी का समय वापस लौट आया है और मैं बचपन में आ गयी हूं। जहां यदि किसी अध्यापक-अध्यापिका के जाने के बारे में सुनते थे, तो फूट-फूट कर रोते थे। जितने पैसे जेब में होते थे, जो कि अक्सर ही बहुत कम होते थे, उनसे कुछ खरीद कर उन्हें कोई उपहार देने की कोशिश करते थे। घर में उगे फूलों की माला बना कर लाते थे और उन्हें पहनाते थे। आजकल भी ऐसे कई वीडियो देखे हैं, जहां अध्यापकों के ट्रांसफर की बात सुन कर बच्चे उनसे लिपट कर फूट-फूट कर रोने लगे। उनसे न जाने को कहने लगे। उनसे फिर से आने का वायदा लेने लगे। उनके पीछे दौड़े। कई अध्यापक भी अपने आंसू नहीं रोक सके। पूरे के पूरे गांव के निवासी अध्यापकों को गांव के बाहर छोड़ने आये। उनके खेतों में जो कुछ उगा था। उसे भेंट में लेकर आये। जब तक अध्यापक आंखों से ओझल नहीं हो गये, वहीं खड़े रहे। लेकिन जिस घटना का जिक्र यहां करने जा रही हूं, वह ऐसी अनोखी है कि उसे याद करके, बार-बार मन भर आता है।

घटना तेलंगाना के मछरेली जिले के पोंकल गांव की है। वहां 53 वर्षीय अध्यापक जे. श्रीनिवास पिछले 12 वर्षों से सरकारी प्राइमरी स्कूल में पढ़ाते थे। जब वह यहां आये थे, तो स्कूल में मात्र 12 बच्चे आते थे। बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए उन्होंने अथक प्रयास किये। माता-पिता को घर-घर जाकर समझाया कि अपने बच्चों को स्कूल भेजें। बच्चे पढ़ेंगे, तब ही बढ़ेंगे। उनके प्रयासों का ही परिणाम था कि अब स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों की संख्या 250 तक पहुंच गयी। इस स्कूल में कक्षा एक से लेकर पांचवीं तक पढ़ाई होती है। पिछले दिनों श्रीनिवास का तबादला दूसरे स्कूल में कर दिया गया।

**बच्चों ने अपने माता-पिता से कहा कि उनके प्रिय अध्यापक का तबादला हो गया है। वे भी अपने अध्यापक से उसी स्कूल में पढ़ेंगे, जहां वह जा रहे हैं।**

बच्चों को जब यह पता चला तो वे बहुत नाराज हुए। वे अपने प्रिय अध्यापक के तबादले की बात को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे। बच्चों ने गुस्से में स्कूल के गेट पर ताला लगा दिया। वे श्रीनिवास के पास जाकर रो-रोकर न जाने की प्रार्थना करने लगे, मगर श्रीनिवास ने कहा कि उनकी मजबूरी है। तबादला हुआ है, तो जाना ही पड़ेगा। वह सरकारी नियमों से बंधे हुए हैं। लेकिन अगली बात जो हुई उससे सभी हैरान रह गये।

बच्चों ने अपने माता-पिता से कहा कि उनके प्रिय अध्यापक का तबादला हो गया है। वे भी अपने अध्यापक से उसी स्कूल में पढ़ेंगे, जहां वह जा रहे हैं। श्रीनिवास का तबादला 1 जुलाई को हुआ था। अगले दो दिन में 250 में से 133 बच्चे तीन किलोमीटर दूर उस स्कूल में जा पहुंचे, जहां श्रीनिवास को भेजा गया था। इन बच्चों में कक्षा एक से पांचवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राएं थे। उस जिले के शिक्षा अधिकारी ने कहा कि बच्चे अपने अध्यापकों से भावनात्मक रूप से जुड़ जाते हैं, यह तो पता है। लेकिन वे अध्यापक के लिए स्कूल ही छोड़ देंगे और स्कूल छोड़ कर उस स्कूल में चले जायेंगे, जहां अध्यापक जा रहे हैं, यह पहली बार सुना है। ऐसी तो कल्पना करना तक मुश्किल है।

श्रीनिवास से जब इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने विनम्रता से कहा कि मैंने तो बस वही किया है, जो मेरा कर्तव्य था। कोशिश की कि बच्चों को खूब पढ़ा सकूं। उनकी समस्याओं का हल कर सकूं। उन्हें प्यार दे सकूं। बच्चों और माता-पिता ने मेरे ऊपर भरोसा जताया। मुझे स्नेह दिया। इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। उन्होंने यह भी कहा कि अब सरकारी स्कूलों में बहुत सी सुविधाएं हैं। मैं माता-पिता से अनुरोध करूंगा कि वे इनका लाभ उठायें। पोंकल गांव के लोग श्रीनिवास की तारीफ करते नहीं अघाते। वे कहते हैं कि अगर ऐसे अध्यापक हर बच्चे को मिल जायें, तो बच्चों का भविष्य सुधर जाये। सच भी है, अच्छे अध्यापक जीवन भर याद रहते हैं। इस लेखिका ने ऐसी अनेक घटनाएं देखी हैं कि कोई अध्यापक सड़क पर पैदल जा रहा है। अचानक उसके पास आकर सरकारी गाड़ी रुकती है। उसमें से कलैक्टर उतरता है। अपना परिचय देता है कि सर आपने मुझे पहचाना नहीं। आपने फलां सन में मुझे पढ़ाया था। जीवन में जो कुछ बना, वह आपकी ही वजह से।

सरकारी स्कूलों के बारे में अक्सर बेहद नकारात्मक खबरें आती हैं कि वहां अध्यापक पढ़ाते नहीं। वे कक्षा में ही नहीं आते या कि कुछ पैसे देकर किसी और को पढ़ाने भेज देते हैं। सरकारी स्कूलों की पढ़ाई का स्तर बेहद खराब है। ऐसी नकारात्मक खबरों, जिनमें से कुछ सच भी होंगी, का ही असर है कि लोगों के मन में सरकारी स्कूलों के प्रति यह राय बन गयी है कि वहां बच्चों को पढ़ाने का मतलब उनका भविष्य खराब करना है। इसलिए वे अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूलों में भेजते हैं और मोटी फीस चुकाते हैं। लेकिन सरकारी स्कूलों के बारे में यह अवधारणा श्रीनिवास जैसे अध्यापकों के कारण टूट जाती है। और श्रीनिवास ही क्यों ऐसे बहुत से अध्यापक और अध्यापिकाएं होंगी, जो सरकारी स्कूलों में रहते हुए भी अपने छात्रों के भविष्य का ख्याल करते होंगे। अच्छा पढ़ाते होंगे। बच्चों और उनके माता-पिता के बीच बहुत लोकप्रिय होंगे। दूसरे अध्यापकों को भी ऐसे अध्यापकों से सीखने की जरूरत है। करके तो देखिए। बच्चों के रूप में आपको जीवन भर के प्रशंसक मिलेंगे।

## जमशेदपुर की खबरें

# रंजीत सिंह हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर जमशेदपुर पुलिस टीम ने बीते 2022 में दुर्गापूजा के दौरान टेल्को सबुज संघ के पास हुई रंजीत सिंह हत्त्या कांड का खुलासा कर दिया। मंगलवार को जिला पुलिस मुख्यालय में एसएसपी किशोर कौशल ने ग्रामीण एसपी,डीएसपी और अन्य पुलिस पदाधिकारी के साथ पत्रकारों को इसकी जानकारी दी। एसएसपी किशोर कौशल ने बताया रंजीत सिंह हत्त्या कांड में फरार अपराधी गणेश सिंह की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इस मामले में न्यायालय से इस्तेहार की प्राप्त किया गया था। कुर्की के लिए भी आवेदन दिया गया था। उन्होंने बताया जमशेदपुर पुलिस पिछले कई दिनों से आरोपी के गिरफ्तारी के लिए प्रयासरथ थी। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कोलकाता से एक सफेद रंग में तीन लोग सवार होकर जमशेदपुर की ओर आरहा है। सूचना मिलने पर टीम का गठन कर जांच के दौरान अपराधी गणेश सिंह,अमन सिंह और रवि जसवाल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान रवि जायसवाल के पास से एक लाइसेंसी रिवाल्वर सहित कई मोबाइल बरामत किया गया। एसपी किशोर कौशल ने बताया कि गणेश सिंह का पूर्व में 6 आपराधिक मामला और अमन सिंह का रेलवे में दो अपराधीक मामला लंबित है। उन्होंने बताया रवि जायसवाल के द्वारा अपराधियों को कोलकाता और शहर के अन्य जगह में संरक्षण देने का बात सामने आरही है। उसके पास से एक लाइसेंसी हथियार बरामद भी बरामत किया गया, जिसकी कागजात का जांच चल रही है। एसएसपी ने बताया फिलहाल तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। रिमांड में लेकर आगे की पूछताछ की जायेगी।

# डॉ मृणाल पिंगुआ ने घाटशिला कॉलेज के विद्यार्थियों को किया संबोधित, प्राचार्य ने किया सम्मानित



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाटशिला।** घाटशिला महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में विशेष व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसका विषय था। अंडरस्टैंडिंग हिस्ट्री एंड एनवायरमेंट। इस व्याख्यान कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दिल्ली विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग के प्राध्यापक डा. मृणाल पिंगुआ शामिल हुए। सबसे पहले कॉलेज के प्राचार्य डा. आर के चौधरी ने डा. मृणाल को अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत और सम्मानित किया। स्वागत वक्तव्य प्रो. इंदल पासवान ने दिया और धन्यवाद ज्ञापन डा. कुमार विशाल ने दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. विकास मुंडा ने किया। अपने वक्तव्य में डा. मृणाल ने कहा कि पर्यावरण की समस्याओं को समझने के लिए इतिहास और उसकी घटनाओं को समझना होगा। हमने विकास की, जिस प्रक्रिया को अपनाया उसमें पर्यावरण का क्षरण आवाश्यमभावी है। अतएव पर्यावरण संरक्षण के लिए एक एक व्यक्ति को सजग और सहयोग करना होगा और पूरी की पूरी विकास प्रक्रिया बदलनी होगी। इस मौके पर डा. एस के सिंह, डा संदीप चंद्रा, डा दिलचन्द राम, डा संजेश तिवारी, प्रो राम विनय, प्रो अर्चना सुरीन, प्रो मो. सज्जाद सहित काफी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

# ब्लॉक में भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजयुमो का धरना-प्रदर्शन


आजाद सिपाही संवाददाता



**पोटका।** राज्य सरकार की युवा विरोधी नीति और पोटका प्रखंड और अंचल कार्यालय में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ भारतीय जनता युवा मोर्चा जमशेदपुर महानगर की ओर से प्रखंड कार्यालय में मंगलवार को प्रदर्शन सह तालाबंदी कार्यक्रम किया गया। भाजयुमो के द्वारा बीडीओ पोटका को जिला मंत्री गणेश सरदार के नेतृत्व में 13 सूत्री ज्ञापन भी दिया गया। इस कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या में भाजपाई शामिल हुए। जमशेदपुर के सांसद विधुत वरण महतो बतौर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा की इतिहास गवाह है की जब युवा आंदोलित होता है तो परिवर्तन दिखायी पड़ता है। प्रदर्शन के माध्यम से भाजयुमो झारखंड सरकार को सतर्क करने आया है की वे प्रखंड में व्याप्त भ्रष्टाचार को खत्म करें, घुसपैठिया पर रोक लगाए, युवाओं को रोजगार दे। अन्यथा झारखंड सरकार को उखाड़ फेकने का आंदोलन युवा करेंगे। युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष अमित अग्रवाल ने कहा कि सरकार पांच लाख युवाओं को रोजगार देने का झूठा वादा किया। अबुआ आवास में गरीबों से मनमाना पैसा की वसूली किया जा रहा है। प्रखंड में भ्रष्टाचार व्याप्त है। वरिष्ठ भाजपाई उपेंद्र नाथ सरदार, मनोज सरदार, जिला मंत्री गणेश सरदार ने भी सभा को संबोधित किया। इससे पूर्व हेसलबिल रोड से प्रखंड कार्यालय तक सभी भाजपाई एक जुलूस के शक्ल में झारखंड सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रखंड कार्यालय तक आये और मुख्य द्वार में तालाबंदी किया। बीडीओ को दिए 13 सूत्री ज्ञापन में कहा गया है की पूर्व में किया गया घोषणा के अनुसार पांच लाख युवाओं को रोजगार दे। पोटका प्रखंड क्षेत्र में अबूआ आवास योजना में कमीशन खोरी बंद किया जाये। जन वितरण व्यवस्था को दुरुस्त किया जाये। पेंशनधारियों का पेंशन प्रतिमाह भुगतान किया जाये। कुदादा पोटका सड़क मरम्मती में घटिया निर्माण का उच्च स्तरीय जांच हो। इस अवसर पर पार्टी के दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# युवा धर्म की राजनीति से रहें दूर, अपने करियर पर करें फोकस : डॉ अजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पूर्व आईपीएस और पूर्व सांसद सह कांग्रेस के वर्किंग कमिटी के सदस्य डॉ अजय कुमार ने जिले के युवाओ को धर्म की राजनीति से रहे दूर रह कर करियर पर फोकस करने की अपील की। मंगलवार को डॉ अजय कुमार ने विभिन्न क्षेत्र के लगभग 10 फुटबॉल टीम के लगभग 150 खिलाड़ियों के बीच फुटबॉल किट का वितरण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य है बच्चे और खेल प्रेमिओ के बीच खेल को बढ़ावा देना है। ताकि बच्चे मोबाइल से दूर रह कर मैदान में खेले, जिससे उनका शारीरिक व मानसिक विकास होसके। उन्होंने कहा आज के समय में मोबाइल युवाओं का सबसे बड़ा दुश्मन है। उन्होंने बच्चों को धर्म की राजनीति से दूर रह कर अपनी पढ़ाई और खेलकूद पर फोकस करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि झारखंड में प्रतिभा की कमी नहीं है, जरूरत है उसको सही अवसर प्रदान करना। डॉ अजय ने कहा कि किट के अभाव में बच्चे बेहतर प्रदर्शन नहीं कर पा रहे थे। आज सभी को किट उपलब्ध कराया गया। मौके पर उन्होंने सभी युवा खिलाड़ियों की भविष्य के लिए कामना करते हुए कहा प्रतिभावान खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के लिए सीएम से आग्रह करेंगे। उन्होंने कहा युवा खेलेगा तो जीतेगा इंडिया।

# समाजसेवी वंशीधर सिंघानिया का हुआ निधन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मुसाबनी।** मुसाबनी शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी और कपड़ा व्यवसायी बंशीधर सिंघानिया का मंगलवार सुबह निधन हो गया। वे 78 वर्ष के थे। उनके निधन की सूचना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। समाजसेवी बंशीधर सिंघानिया कई सामाजिक, धार्मिक और शैक्षणिक संस्था से जुड़े हुए थे। उनके निधन पर सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में शोक सभा कर विद्यालय में छुट्टी दे दी गई। बंशीधर सिंघानिया सरस्वती शिशु विद्या मंदिर प्रबंध समिति के संयुक्त सचिव और उपाध्यक्ष रह चुके थे। मुसाबनी स्थित गिरीश चंद्र झुरो देवी उच्च विद्यालय में संस्थापक कुंदन कुमार सिंह, प्रिंसिपल एम पी सिंह की अध्यक्षता में शोक सभा का आयोजन किया गया। स्कूल और कॉलेज के प्रिंसिपल, शिक्षक व छात्र छात्राओं ने सामूहिक रूप से उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित किया। बंशीधर सिंघानिया जीसीजेडी एकेडमी प्रबंध समिति के सदस्य थे। मुसाबनी अग्रसेन भवन के निर्माण में इनकी अहम भूमिका रही। वे सामाजिक एवं धार्मिक संस्था से जुड़े थे। बंशीधर सिंघानिया कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। वे अपने पीछे पत्नी सहित चार पुत्र, दो पुत्री, चार पुत्र बधू सहित नाती,पोते से भरा पूरा परिवार छोड़ गये। मुसाबनी बाजार समिति के अध्यक्ष सरदार राजू सिंह सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी ने उनके निधन पर गहरा अशोक प्रकट किया है। उनका अंतिम संस्कार मौभण्डार स्वर्ण रेखा नदी तट पर मुक्तिधाम में किया गया। उनके पुत्र बजरंग सिंघानिया, पवन सिंघानिया, सुमन सिंघानिया, सुशील सिंघानिया ने मुखाग्नि दिया। इनके अंतिम संस्कार में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के सचिव बाबूलाल सिंह, संरक्षक दीप चंद्र अग्रवाल, समाजसेवी राम अवतार अग्रवाल, काली राम शर्मा ,अशोक अग्रवाल, दिनेश साव, अशोक गुप्ता, सत्य नारायण जैन, प्रेम गुप्ता, विजय सिन्हा,सत्या तिवारी, नकुल तिवारी,पुरषोत्तम कांवटिया, दीपक अग्रवाल, पप्पू कावंटिया, विकास गोयल, मनोज अग्रवाल सहित काफी संख्या में समाज के गण्यमान्य लोग शामिल हुए।

## विरोधी गुमराह नहीं करें जनता जान चुकी है : आशीष गुप्ता

रंका (आजाद सिपाही)। विरोधी नेता जनता को गुमराह नहीं करे इनके बारे में जनता सब जान चूकी है। उक्त बातें झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यालय में मंगलवार को विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आहुत कार्यकर्ता बैठक को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष आशीष कुमार गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री गिरिनाथ सिंह सत्रह साल तक राज किये किंतु उन्होंने क्षेत्र का विकास नहीं कर यहां की जनता की भविष्य को अंधकार में ढकेलने का काम किया। वहीं सत्येंद्र नाथ तिवारी ने दस साल राज किया और केंद्र में उनकी भाजपानीत डबल इंजन की सरकार होने के बावजूद भी कहीं कोई विकास यहां की जनता को देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि भावी विधानसभा सभा चुनाव के लिए पार्टी कार्यकर्ता अपना कमर कस चूकें है। जनता इनके बहकावे में आने वाली नहीं है। उन्होंने बुथ को मजबूत करने पर बल दिया। इस मौके पर जिला प्रवक्ता कार्तिक पांडेय, बीस सूत्रि अध्यक्ष अहमद अली अंसारी, सचिव इरफान अंसारी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, मुखिया हासिम अंसारी, बीडीसी असमुदीन अंसारी, विकास यादव, मुमताज रंगसाज, जगदीश टोप्पो, महिला अध्यक्षा मालती देवी, लिलावती देवी, अजय प्रसाद, मधुसूदन सहित काफी संख्या में झामुमो पार्टी कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

### 11 वर-वधुओं का सामूहिक विवाह का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न

# दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को समाप्त करना कार्यक्रम का उद्देश्य है : अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता





**गढ़वा/लातेहार।** अवधूत भगवान राम निःशुल्क सामुहिक विवाह समिति, प्रयागराज द्वारा 11 वर-वधुओं का सामूहिक विवाह का आयोजन ग्राम-सोहरपाट थाना – महुआडाढ़ में मंगलवार को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। सामूहिक विवाह बनौरा आश्रम रायगढ़ छत्तीसगढ़ के परमपूज्य प्रियदर्शी रामजी महाराज के निर्देशन में तथा सामूहिक विवाह के आयोजक बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति दिनेश प्रसाद सिंह के द्वारा कराया गया।

बताते चले कि अघोरमूर्ती सुधीर भैया जी के ब्रह्मलीन होने के पश्चात उनके द्वारा समाजिक कल्याण कार्य को आगे बढ़ाते हुए उनके द्वारा पूर्व में घोषित कार्यक्रम के अनुरूप संपन्न कराया गया तथा समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा कहा गया कि भविष्य में भी उनके द्वारा प्रारंभ किये गये समाजिक कल्याण कार्य को निरंतर आगे बढ़ाते रहेगें।

इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 11 जोड़ों वर-वधुओं का विवाह उनके रिती रिवाज के अनुसार परमपूज्य प्रियदर्शी रामजी महाराज के निर्देशन में संपन्न हुआ। जिसमें महाराज के अलावे बाबू दिनेश सिंह विश्वविद्यालय के कुलाधिपति सह सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष, सामुहिक विवाह समिति के उपाध्यक्ष सह वरिष्ठ समाजसेवी रंजीत सिंह, प्रयागराज से आये हुए परमार्थीगण तथा अन्य गणमान्य व्यक्ति उपिस्थत रहे। विवाह कार्य प्रातः 11 बजे प्रारंभ किया गया तथा 2.30 बजे तक पूज्य बाबाजी के आशीर्वचन के साथ विवाह संपन्न किया गया तथा सभी नव-विवाहित जोड़ों को रामजी महाराज द्वारा तथा समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा उपहार स्वरूप 58 प्रकार के घरेलू समानों को दिया गया। जिसमें बक्सा, पलंग, साईकिल, रजाई इत्यादि कुल 58 प्रकार के समान मौजूद थे। अंत में अपने उद्बोषण भाषण में सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष दिनेश प्रसाद सिंह द्वारा कहा गया कि इस तरह के कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज में व्याप्त दहेज प्रथा जैसी कुरीतियों को जड़ से समाप्त करना है। वैसे गरीब असहाय जिनका विवाह आर्थिक अभाव के कारण पूर्ण नही हो पाता है, वैसे गरीब असहाय वर-वधुओं का सामुहिक विवाह कराया जाता है।

निम्नलिखित वर-वधुओं की सूची के अनुसार वर-वधुओं का सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया जिसमें 1. होलिका कुमारी, लातेहार संग रामप्रीत नगेसिया, लातेहार 2. सुषीला कुमारी, गुमला संग अभिमन्यु बड़ाईक, लातेहार 3. सुनिता कुमारी, लातेहर संग उपेन्द्र नागेसिया, लातेहार 4. असिता नगेसिया, लातेहार संग दिलिप नगेसिया, लातेहार 5. लूडी तिर्की, दक्षिण अंडमान निकाबार द्वीपसमुह संग सत्यवान बड़ाईक, लातेहार, 6. चांदनी कुमारी, लातेहार संग संदीप कुमार मिश्रा, आयोध्या, उ0प्र0 7. चंदा कुमारी, लातेहार संग सुमित राम, जभडीहा 8. मंती कुमारी, लातेहार संग नीरज नगेसिया, लातेहार 9. सुमिता कुमारी, लातेहार संग राज नायक, गुमला 10. सुनिता देवी, लातेहार संग कुनु महतो, लातेहार तथा 11. बिनिता कुमारी, लातेहार संग नवीन कोरवा का विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में मुख्य रूप से रेहला के परमार्थीगण रंधीर कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, धीरज कुमार सिंह, कृपा शंकर सिंह, अजय कुमार सिंह, राजीव कुमार सिंह ने शादी समारोह को सफल बनाया।

## दुर्गा मंदिर कमेटी संचालन समिति के अध्यक्ष बने संतोष प्रसाद गुप्ता

रमना (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय बाजार स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मंदिर कमिटी के सक्रिय सदस्यों की बैठक दिनेश गुप्ता के अध्यक्षता में किया गया। बैठक में तत्कालिक कमिटी के पांच वर्ष अवधी पूर्ण के बाद नये कमिटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमे उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, रविंद्र प्रसाद गुप्ता, राकेश पासवान, धनंजय गुप्ता को चयन समिति का सदस्य बनाया गया। जिसमें सर्वसम्मति से संतोष प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष, कृष्ण प्रसाद को उपाध्यक्ष, विक्की गुप्ता को सचिव और मिट्ठू गुप्ता को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER DRINKING WATER AND SANITATION DIVISION, RANCHI EAST, RANCHI**

**E-Request For Proposal Notice, 1st Call**

e-Tender Notice No.– LAB/DWSD/10/2024-25 Dated – 08/07/2024

| Sl. | कार्य का नाम | EXPRESSION OF INTEREST FROM TECHNICAL MANPOWER PROVIDING AGENCIES FOR PROVIDING HUMAN RESOURCES IN ZONE 1 (RANCHI, KHUNTI, HAZARIBAGH ,RAMGARH, CHAIBASA, SARAIKELA, JAMSHEDPUR AND KODERMA) WATER TESTING LABORATORIES OF JHARKHAND UNDER DRINKING WATER AND SANITATION DEPARTMENT, JHARKHAND. (1ST CAL |
|---|---|---|
| 2. | परिमाण विपत्र मुल्य एव अग्रधन की राशिं | परिमाण विपत्र मुल्य (10,000) एवं अग्रधन की राशिं (3,10,000) |
| 3 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 15.07.2024 at 1:00PM से। |
| 4 | प्री बीड बैठक की तिथि एवं समय | 18.07.2024 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00PM |
| 5 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 24.07.2024 at 5:00PM |
| 6 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.07.2024 at 2:00PM से। |
| 7 | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division- Ranchi East, Ranchi - 834002 |
| 8 | ई–मेल | eedwsd.ranchieast@gmail.com |
| 9 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या | 9431687981 |

**NB:- For Details**

1. निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

PR 329050 Drinking Water and Sanitation(24-25)#D

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, राँची पूर्व, राँची

## अभाविप के 76वें स्थापना दिवस पर संगोष्ठी

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गढ़वा द्वारा अभाविप के 76 वां स्थापना दिवस सह राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के अवसर पर राजकीयकृत उच्च विद्यालय उरसुगी में विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार संगोष्ठी में मुख्य रूप से जिला संयोजक शुभम तिवारी, जिला कला मंच प्रमुख कौस्तुभ, प्राचार्य अरुण दुबे, सुमन कुमारी, कविता कुमारी मौजूद रहे। संबोधित करते हुए जिला संयोजक शुभम तिवारी ने कहा कि परिषद हमेशा छात्र, समाज और राष्ट्र हित के लिए कार्य करता है और इसी संकल्प के साथ वर्ष 1949 में परिषद की स्थापना की गयी थी। स्थापना काल से ही संगठन ने छात्रों के साथ-साथ राष्ट्रहित से जुड़े प्रमुख मुद्दों को न सिर्फ उठाया बल्कि उसे लेकर देशव्यापी आंदोलन भी चलाते रहा है। प्राचार्य अरुण दुबे ने कहा परिषद की स्थापना छात्र हित और विद्यार्थियों को उचित दिशा देने के लिए की गयी। गोष्ठी को कौस्तुभ,सुमन कुमारी, कविता कुमारी ने भी संबोधित किया। मौके पर पूर्व गढ़वा नगर मंत्री सचिन चौबे, राहुल कुमार, आकाश पाल, राकेश, नीरज, आकाश, सौरभ, सत्यम, रश्मि, पलक, रुचि, खुशबू सहित कई विद्यार्थी मौजूद थे।

## पौधरोपण और विचार संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित



कांडी (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् का 76वां स्थापना दिवस व राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में कांडी नगर मंत्री प्रिंस कुमार सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा प्रखंड के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पौधारोपण और विचार संगोष्ठी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंत्री प्रिंस कुमार सिंह ने कहा कि वातावरण स्वच्छ होगा, तभी हम सब स्वस्थ रह सकते हैं। वातावरण स्वच्छता का सीधा सा नाता पेड़ पौधों से है, ऐसे में हम सभी को मिलजुल कर पेड़-पौधे लगाकर अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए प्राकृतिक संसाधनों की सौगात देनी होगी। वहीं विद्यालय के वार्डेन आर उषा कुमारी ने कहा कि वृक्ष कार्बन डाइआक्साइड लेते हैं और इसके बदले में आक्सीजन छोड़ते हैं। यह आक्सीजन हमारी प्राणवायु है। उन्होंने कहा कि प्रकृति जल, जंगल और जमीन के बिना अधूरी है। हमें पौधे लगाने के साथ-साथ इनकी देखभाल की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए। मौके पर नगर सह मंत्री लक्की कुमार, सदस्य तन्मय पांडेय, हार्दिक मिश्रा, सिपु कुमार सहित विद्यालय के शिक्षिका पूजा मिश्रा, दीपशिखा टोट्पो, प्रियंका शिक्षक बसंत राम, सहित सैकड़ों की संख्या में छात्राएं उपस्थित रही।

## कन्या उच्च विद्यालय में किया गया पौधरोपण

रंका (आजाद सिपाही)। रंका अनुमंडल मुख्यालय स्थित परियोजना कन्या उच्च विद्यालय में मंगलवार को प्रधानाध्यापक सुधीर कुमार रजक के नेतृत्व में विद्यालय परिवार और बच्चियों के द्वारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर सुधीर कुमार रजक ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ पौधे लगाना अनिवार्य है। पेड़ पौधों से ही हमें जीवनदायिनी ऑक्सिजन मिलती है। उन्होंने बच्चियों से अपने नाम पर एक एक पेड़ लगाने का आग्रह किया। इस मौके पर विद्यालय परिवार सहित समाजसेवी अमरेन्द्र कुमार और बच्चियां उपस्थित थे।

# अभिभावक अपने बच्चों की डायरी और कॉपी नियमित चेक करें: प्राचार्य

**आरकेपीएस में पेरेंट्स टीचर्स मीट का हुआ आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** आर के पब्लिक स्कूल में कक्षा 6 से कक्षा 12वीं के सभी शिक्षक और संबंधित कक्षा के अभिभावकों के साथ बैठक की गयी। इससे पूर्व पिछले रविवार को नर्सरी से कक्षा पांच तक के अभिभावक और शिक्षकों की बैठक आयोजित की गयी थी। स्कूल की तरफ से सभी अभिभावकों को सुझाव दिया कि वे अपने बच्चों की रीडिंग और राइटिंग पर विशेष ध्यान दें और बच्चों को जंक फूड,स्मार्टफोन और स्कूटी/बाइक से दूर रखें। अभिभावकों से यह भी आग्रह किया गया कि वे अपने बच्चों की डायरी नियमित देखें और उनकी गतिविधियों और संगति पर नजर रखें। बच्चों के साथ समय व्यतीत करें और उनसे स्कूल की गतिविधियों की जानकारी लेकर समय-समय पर स्कूल को सूचित करें। बैठक में उपस्थित स्कूल के प्राचार्य संतोष पांडेय ने भी अपने विचारपी शिक्षकों व अभिभावकों के बीच रखें।

उन्होंने कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास का होना बहुत जरूरी है, इसके लिए अभिभावक और स्कूल को ध्यान देने पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे नियमित अपने बच्चों को स्कूल भेजें और बच्चों की डायरी, फेयर कॉपी जरुर चेक करें। उन्होंने स्कूल द्वारा संचालित ऑनलाइन स्कूल एप्प के बारे में भी जानकारी साझा करते हुए कहा कि अब एप्प के माध्यम से भी बच्चों को होमवर्क और अन्य सूचनायें भेजी जा रही हैं।

# मां और शिशु को सुरक्षित रखना है एएनसी कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य : अर्चना प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरडीहा।** क्षेत्र भ्रमण के दौरान बरडीहा जिला परिषद सदस्य अर्चना प्रकाश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरडीहा पहुंची। हॉस्पिटल के क्रिया कलाप की जानकारी ली। जहां चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) कर रहे थे। डॉ चौधरी ने कार्यक्रम संबंधित पूरी जानकारी दी। जानकारी लेने के बाद गर्भवती महिलाओं को संबोधित करते हुए जिप सदस्य अर्चना प्रकाश ने कहा कि एएनसी जनहित में काफी महत्वपूर्ण है। क्योंकि सही समय पर गर्भवती महिलाओं को जांच की सुविधा मिल जाये तो मां और शिशु दोनों का स्वास्थ्य रहेंगे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में प्रत्येक माह 9 तारीख को एएनसी अर्थात प्रसव पूर्व जांच बिल्कुल निःशुल्क है। जिसमें चिकित्सीय परामर्श, रक्तचाप, ब्लड शुगर, लम्बाई, वजन, एनीमिया और संक्रमण के लिए खून जांच, भ्रूण का धड़कन आदि शामिल है। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं को अच्छे स्वास्थ्य के लिए बास्केट फूड भी दिया जाता है। जिससे पोषक तत्व मिलता है। अर्चना प्रकाश ने नियमित जांच के लिए माताओं बहनों से आग्रह किया और अपने स्तर से स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर सुविधा देने का भरोसा दिलाया है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन सेवा में प्रशासन से निःशुल्क एंबुलेंस की मांग की है। आश्वस्त किया कि बहुत जल्द उपलब्ध हो जायेगा। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदेव चौधरी, सीएचओ वीरेंद्र कुमार, एएनएम देवंती देवी, एमपीडब्ल्यू दिलीप गुप्ता और समस्त सहिया उपस्थित थे।

**कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग**
**जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा**

**पशु आपूर्तिकर्ताओं की सूचीबद्धता हेतु आम सूचना**

राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत चयनित लाभुकों के बीच दुधारू पशुओं का वितरण दुधारू पशु मेला आयोजित कर कोडरमा जिला में किया जा रहा है। परंतु पर्याप्त संख्या में दुधारू पशुओं की उपलब्धता नहीं हो पा रही है। मेला में वितरण हेतु दुधारू पशुओं की आपूर्ति सूचीबद्ध आपूर्तिकर्त्ताओं के माध्यम से ही किया जाना है। एतद् संबंधी पूर्व में सूचना PR NO. 327026 Agriculture, Animal Husbandry And Co-opretive Depaartment (24-25):D के द्वारा स्थानीय दैनिक समाचार–पत्र में प्रकाशित की गई थी, परन्तु अभी तक एक भी आवेदन पत्र प्राप्त नहीं हुआ है।

अतः पुनः सूचित किया जाता है कि कोडरमा जिला में दुधारू पशु आपूर्त्ति किये जाने हेतु सूचीबद्धता के लिए कोडरमा जिले के इच्छुक पशु आपूर्तिकर्त्तागण जिला गव्य विकास कार्यालय, कोडरमा (मेधा डेयरी परिसर, लोकाई, कोडरमा) से आवेदन–पत्र प्राप्त कर दिनांक 25/07/2024 तक कार्यालय में समर्पित कर सकते हैं। गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची द्वारा निर्धारित अर्हताएँ पूर्ण करने के उपरांत ही सूचीबद्धता हेतु आवेदन–पत्र गव्य विकास निदेशालय, झारखण्ड, राँची को अग्रसारित किया जा सकेगा।

PR 329086 Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department (24-25)_D

जिला गव्य विकास पदाधिकारी
कोडरमा

**जिला अभियंता का कार्यालय जिला परिषद, खूँटी**

**अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई० टेन्डर रिफरेन्स नम्बर – DOPR/DE/KHUNTI/03/2024-25**

| क्र. | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्रा० राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | मुरहू | खूँटी प्रखण्ड में मौजा कमांता में इण्डोर स्टेडियम निर्माण कार्य | 1,42,25,100.00 | 2,84,600.00 | 10,000.00 | 9 माह |

नोट :–

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समयः– 12.07.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे।
2. ई–निविदा डालने की अंतिम तिथिः– 26.07.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक।
3. ई–निविदा की परिमाण विपत्र एवं अग्रधन की राशि ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः– 26.07.2024 के अपराह्ण 05:00 बजे तक(e-Procurement Portal-jharkhandtenders.gov.in)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः– 29.07.2024 अपराह्ण 04:00 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– जिला अभियंता, जिला परिषद, खूँटी।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 9430752050
7. जिला परिषद, खूँटी/RWD/BCD के समुचित श्रेणी का निबंधन ही मान्य होगा।
8. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तदनुरूप ही अग्रधन की राशि (ऑनलाईन) जमा करना होगा एवं इस संबंध में में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
9. अधिक जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह०/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद,खूँटी

PR 329110 District(24-25).D

# जमीन छोड़कर भाग जाओ वरना जान से मार देने की धमकी दे रहे भू-माफिया

**विधवा महिला यासमीन बीवी ने आरोप लगाया कि लाल मोहम्मद अंसारी द्वारा डराया और धमकाया जाता है**

आजाद सिपाही संवाददाता



**डंडई।** एक तरफ सरकार माफियाओं के खिलाफ अभियान चला रही है। वहीं दूसरी तरफ प्रखंड के माफिया को संरक्षण मिल रहा है। जिम्मेदारों को किसी बड़े वारदात का इंतजार है। क्षेत्र में आपराधिक तत्व के लोगों के सहारे भू माफिया लाल मोहम्मद अंसारी और अशफाक अंसारी एक विधवा की जमीन पर कब्जा कर रहे हैं। विधवा यासमीन बीवी पति स्वर्गीय फारूक अंसारी ने बताया कि दबंग लाल मोहम्मद अंसारी द्वारा मेरी रैयती जमीन के साथ-साथ गैर मजुरुवा जमीन पर कब्जा जमाने की नीयत से धमकाया जा रहा है। भू माफिया व अंचल का दलाल लाल मोहम्मद अंसारी कहता है कि तुम अपनी पूरी जमीन छोड़कर भाग जाओ वरना जान से मार देंगे। विधवा महिला यासमीन बीवी ने आरोप लगाया कि लाल मोहम्मद अंसारी द्वारा डराया धमकाया जाता है। कहा जाता है कि मैं भू माफिया हूं पूरा आंचल के स्टाफ मेरे कब्जे में है। मैं तुम लोगों के सारी गैर मजरूआ जमीन की मालबंदी कर लिया हूं। मेरा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। इधर आज दबंगों द्वारा मेरी जमीन पर ट्रैक्टर चलाया जा रहा था। जब विरोध करने गयी, तो उनलोगों ने गाली गलौज करते हुए भागा दिया। दबंगों ने कहा कि तुम लोगों के सारे जमीन कि मालबंदी करा लिए हैं। तुम लोगों को जहां जाना है जाओ। इधर थक हार कर विधवा यासमीन बीवी ने प्रभारी अंचलाधिकारी यशवंत नायक से आवेदन देकर अपने भूमि पर हो रहे अवैध कब्जे को लेकर शिकायत की है। जिस पर संज्ञान लेते हुए अंचलाधिकारी यशवंत नायक ने सीआई राजेंद्र यादव को तत्काल अव्वैध कब्जा हटाने एवं मामले की जांच करने की जिम्मेदारी सौंपी है। वहीं विधवा महिला ने अंदेशा जताया है कि भू माफिया लेनदेन के सहारे हम लोगों के हिस्से कि गैर मजरूआ जमीन की भी माल बंदी कर लिया है। इसके पूर्व भी महिला द्वारा कई बार राजस्व विभाग के अधिकारियों के पास न्याय की गुहार लगा चुकी है। लेकिन उसके विपक्षी द्वारा विभागीय अधिकारियों को धन देकर मामला को दबा दिया जा रहा है। इधर विधवा महिला ने उक्त जमीन पर विपक्षी द्वारा कराये गये माल बंदी को निरस्त करते हुए अवैध कब्जा हटाने की मांग की है। मामले में सीओ यशवंत नायक ने कहा कि महिला द्वारा आवेदन मिला है। उसपर तत्काल संज्ञान लेते हुए अवैध कब्जा हटाने और मामले कि जांच का आदेश दिया गया है।

**झारखण्ड सरकार**
**पेयजल एवं स्वच्छता विभाग**

**ई–प्रोक्योरमेन्ट सूचना**

अति अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–05/2023–24 (2nd Call) तिथि :– 09.07.2024
P.R. No. 317794 (Drinking Water and Sanitation) 23-24 D

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नाम | पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, राँची |
| 2. | विज्ञापनकर्त्ता का नाम | कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता यॉत्रिक नागरिक प्रमण्डल, राँची |
| 3. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 09.07.2024 को 12:00 बजे अपराह्न में |
| 4. | प्री–बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | 11.07.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 5. | प्री–बीड मिटिंग का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 6. | निविदा प्राप्ति (ऑन लाईन बिडींग) की अंतिम तिथि एवं समय | 16.07.2024 को 05:00 बजे अपराह्न में |
| 7. | तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय | 18.07.2024 को 02:00 बजे अपराह्न में |
| 8. | तकनीकी बीड खोलने का स्थान | अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक अंचल, राँची। |
| 9. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का टेलीफोन नम्बर | 0651–2400934, 9304682229 |
| 10. | ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्प लाईन संख्या | 0120-4001002/0120-4001005/0120-6277787 |

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रु0 में) | अग्रधन की राशि (रु0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रु0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | "Group-A" Supplying, installation, commissioning & testing of 33/11 KV, 5 MVA Power Distribution Transformer (Make- ABB/ Kirloskar/ Crompton Greaves) for Swarnarekha water supply scheme at 33/11 KV Electric Sub-Station (Old) Rukka under under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 77,96,190.00 | 1,56,000.00 | 10,000.00 (Non-refundable) | 120 days |
| 2. | "Group-B" Supplying, installation, commissioning & testing of 33/11 KV, 3 MVA Power Distribution Transformer (Make- ABB/ Kirloskar/ Crompton Greaves) for Swarnarekha water supply scheme at 33/11 KV Electric Sub-Station UGR-2 Simaliya under under D.W. & S. Mech. Urban Division, Ranchi. | 63,06,440.00 | 1,26,200.00 | 10,000.00 (Non-refundable) | 120 days |

नोट :– (i) केवल ई–निविदा ही स्वीकार किये जायेंगे। सरकार के सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग, झारखण्ड, राँची के ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के आलोक में Tender Fee तथा EMD का भुगतान online करना होगा।
(ii) निविदा सम्बन्धी सूचना, नियम एवं शर्तों की जानकारी हेतु वेबसाईट www.prdjharkhand.in तथा प्रमण्डलीय कार्यालय एवं अंचलीय कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।
(iii) निवदा सम्बन्धी सूचना हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
(iv) संवेदकों को निविदा में भाग लेने के लिए 33 KV तक का "विद्युत संवेदक अनुज्ञा प्रमाण पत्र" होना अनिवार्य है।
(v) निविदादाता को निविदा में हिस्सा लेने से पूर्व स्थल का निरीक्षण करना होगा। स्थल निरीक्षण के उपरान्त निविदादाता site incharge/concerned officer से M.O.M./Certify कराना सुनिश्चित करेंगे एवं उसकी प्रति तकनीकि बीड में संलग्न करेंगे।

PR 329071 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वच्छता यांत्रिक नागरिक प्रमंडल, राँची।

# नशे की गिरफ्त में आये युवाओं को नशामुक्ति केंद्र भेजें : डीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में एनकोर्ड की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में लोहरदगा जिला में मादक/नशीले पदार्थ का प्रयोग, क्रय-विक्रय एवं अवैध खेती पर रोक के संबंध में विस्तृत चर्चा हुई एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिये गये। इसमें नशे की गिरफ्त में आये युवाओं को चिन्हित कर उन्हें नशा उन्मूलन केंद्र भेजे जाने आदि बिंदुओं पर चर्चा हुई और पदाधिकारियों को निर्देश दिये गये। बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा नशा उन्मूलन के लिए चलाये जा रहे कार्यक्रमों पर भी चर्चा हुई। बैठक में पुलिस अधीक्षक हारिस बिन जमां, अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार, डालसा सचिव राजेश कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुजाता कुजूर, सामान्य शाखा प्रभारी पदाधिकारी अभिनीत सूरज समेत अन्य विभागों के पदाधिकारी व समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# बीएलओ घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन का कार्य करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम -2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त गरिमा सिंह की अध्यक्षता में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गयी।

मतदाता सूची का द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशन करने, दावा एवं आपत्ति दाखिल करने, दावा एवं अपत्ति निस्तार करने, मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य, शुद्धिकरण व मृत मतदाता का नाम हटाने का कार्य किया जायेगा। उक्त कार्यक्रम के अनुसार बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर इलेक्टोरल वेरिफिकेशन कार्य किया जाएगा। इस दौरान वैसे वोटर जिनकी मृत्यु हो गयी है, उनका नाम हटाया जायेगा। साथ हीं 18 वर्ष के नए वोटर्स का नाम जोड़ा जाएगा एवं अन्य मतदाता सूची से संबंधित कार्य किये जायेंगे।

बैठक में उपायुक्त ने बीएलओ के द्वारा किये जा रहे घर -घर सर्वे कार्य की नियमित रूप से निरीक्षण करने, एवं सभी योग्य नागरिकों का मतदाता सूची में निबंधन कराने का निर्देश दिया। इसके अलावे जिन प्रखंडो में प्रपत्र 7, 8 कम प्राप्त हुए हैं, वैसे बीएलओ और बीएलओ के पर्यवेक्षक के साथ अलग से इआरओ को बैठक कर समीक्षा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त महोदय द्वारा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को ब्लैक एंड व्हाइट तथा न्यून गुणवत्ता वाले फोटोयुक्त मतदाता पहचान पत्र को परिवर्तन करने हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। इस दौरान उपायुक्त महोदया के द्वारा बताया गया की निर्वाचन कार्य अतिमहत्वपूर्ण कार्य है अतः इसमें कोई चूक नहीं हो तथा इसे सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ निष्पादित किया जाये।

बैठक में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, लातेहार अजय रजक, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी- सह- अनुमंडल पदाधिकारी, महुआडांड़ रतन कुमार सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी, लातेहार मेरी मड़की, सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

# नये मंत्रिमंडल में शामिल तीन मंत्रियों से मिले कुडू उप प्रमुख, दी बधाई



**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के उप प्रमुख ऐनुल अंसारी ने हेमंत सरकार के नये मंत्रिमंडल में शामिल मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, डॉ इरफान अंसारी और दीपिका सिंह पांडे से मिलकर उन्हें बधाई दी है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया और बचे हुए कार्यकाल में तेजी से निपटारा कराये जाने की मांग रखी। सभी मंत्रियों ने उप प्रमुख को भरोसा दिलाया कि बचे हुए कार्यकाल में लोहरदगा समेत पूरे प्रदेश में ट्वेंटी-ट्वेंटी के तर्ज पर सर्वांगीण विकास योजनाओं को मूर्त रूप दिया जायेगा। मुलाकात कर कुडू लौटने पर एनुल अंसारी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने समस्त प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखने के उद्देश्य से तीसरी बार डॉ रामेश्वर उरांव एवं तेज तर्रार कांग्रेस विधायक डॉ इरफान अंसारी और दीपिका सिंह पांडेय को बार मंत्री बनाकर यह स्पष्ट संदेश देने का काम किया है कि बचे हुए कार्यकाल में प्रदेश को विकास के मामले में शिखर तक पहुंचाने का कार्य तेजी से किया जायेगा।

# छात्र संगठन अभाविप ने मनाया स्थापना दिवस




**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मंगलवार को 76 वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। इस मौके पर लोहरदगा जिले में एक धेय्य यात्रा निकाली गयी, जिसमें विद्यार्थी परिषद से जुड़े कई छात्र छात्रों ने भाग लिया। मौके पर जिला प्रमुख मनोझा पांडेय ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद वर्ष भर सक्रिय रहने वाला देशव्यापी संगठन है। यह हमेशा विद्यार्थियों की हितों की रक्षा के लिए आंदोलन करता है। विद्यार्थियों को उनका हक व अधिकार दिलाने के लिए हमेशा संघर्ष करते आयी है। जिला संयोजक आदित्य साहू ने कहा अभाविप दलगत राजनीति से ऊपर उठकर छात्र हित के लिए समर्पित है। नगर उपाध्यक्ष प्रदीप महतो ने कहा कि विद्यार्थी परिषद का मूल उद्देश्य राष्ट्रीय पुनर्निर्माण है। ज्ञान शील एकता परिषद की विशेषता के सिद्धांत पर कार्य करती है। विश्व के सबसे बडे प्रगतिशील एवं अनुशासित रहने वाला छात्र संगठन है। मौके पर जय साहू, दिव्या कुमारी, विवेक मिश्रा, सूरज वर्मा, जान्हवी गोयल,छवि सिंह,अनिल कुमार ठाकुर, सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# बैठक में जिप अध्यक्ष ने बीडीओ को हर घर नल योजना की जांच का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी की अगुवाई में मंगलवार को जिला परिषद की बैठक आयोजित हुई। बैठक में फरवरी माह में हुई जिला परिषद की बैठक दिये गये निदेशों के अनुपालन की समीक्षा की गयी और आवश्यक निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष द्वारा निर्धारित मात्रा के कम तौल कर दिये जानेवाले जनवितरण प्रणाली दुकानदार और किस्को प्रखण्ड में लाभुक का अंगूठा लिये जाने का बावजूद राशन नहीं दिये जाने की समस्या से अवगत कराया। किस्को प्रखण्ड के बिरहोर टोली में मिनी आंगनवाड़ी केंद्र की मांग की गयी और मर्ज किये गये विद्यालय के कारण बच्चों को हो हरी परेशानी से अवगत कराया। जिला परिषद सदस्यों द्वारा हर घर नल योजना की शिकायत पर सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को योजना की जांच किये जाने का निदेश दिया गया। साथ ही, शिकायत संबंधी योजनाओं की सूची उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। सदस्य, सेन्हा द्वारा चंदवा में महादेव मंदिर के पास बने रेलिंग में क्षति पहुंचने की समस्या से अवगत कराया गया। विधायक प्रतिनिधि द्वारा प्रखण्डों में अवस्थित पुस्तकालय में लाइब्रेरियन की आवश्यकता से अवगत कराया गया। इस बिंदु पर उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को प्रखण्ड के एक कर्मी को इसके लिए प्रतिनियुक्त कर उसका नाम व मोबाईल नंबर सूचना पट्ट पर अंकित करने का निदेश दिया गया। प्रखण्ड प्रमुख कुडू और कैरो द्वारा अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों को लाभ दिये जाने की अपील की गई जिसमें उप विकास आयुक्त द्वारा अबुआ आवास योजना में पूरी पारदर्शिता बरते जाने और इस योजना में योग्य लोगों को ही प्राथमिकता दिये जाने की जानकारी दी गयी।

# भंडरा के मकुंदा और कचमची इलाके में पहुंचा हाथियों का झुंड

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा से सटे भीठा पंचायत के मकुन्दा व कचमची इलाके में एक बार फिर मंगलवार की सुबह 17 जंगली हाथियों का दल पहुंच गया।हाथियों की झुण्ड में चार हाथी के बच्चे भी है गांव में उस वक्त अफरा-तफरी मच गयी जब हाथियों के झुंड ने एक दो शख्स को दौड़ा लिया। शख्स ने जैसे भागकर अपनी जान बचायी। गांव में जंगली हाथियों के झुंड की खबर मिलते ही ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। हाथियों के भंडरा रंथ मेले व घनी बस्ती क्षेत्र में पहुंचने की आशंका को देखते हुए वन विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। फॉरेस्ट डिपार्टमेंट की रेस्क्यू टीम व भंडरा पुलिस गांव के आसपास लगातार नजर बनाए हुए है.दरअसल मंगलवार की सुबह करीब 17 की संख्या मे हाथियों कैरो होते हुई बंडा गांव पहुंची देर रात तक ग्रामीण रातजग्गा कर हाथियों को नंदनी डैम की ओर खड़ेड़ा नंदनी डैम के रास्ते हाथी मकुन्दा गांव पहुंची जहाँ दर्जनों किसानो के धान बिचडो अन्य फसलों को रोदते हुए मंगलवार की सुबह तेतरपोका होते हुए कचमची मोहना टोली पतरा मे डेरा बनाये रखा था. इलाके में जंगली हाथियों का झुंड और हाथियों की चिंघाड़ सुनकर लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। इसी दौरान हाथी की झुण्ड में से एक बड़ी हाथी ने इलाके के कई लोगो को दौड़ाया तो जैसे-तैसे भागकर अपनी जान बचाई। हाथियों की वजह से इलाके में आतंक का माहौल बन गया। हाथियों ने मकुन्दा, तेतारपोका, कचमची के पास किसानों के फसलों को नुकसान भी पहुंचाया।

इधर जंगलों में खदेडने.के लिए वन्य प्राणी विशेषज्ञों को बुलवाया गया है। उन्हें 24 घंटे लगातार निगरानी रखने और हाथियों की सुरक्षित रूप से वापसी होने तक यहां रहने के निर्देश दिए गए है। वहीं वन विभाग के अधिकारियों ने ग्रामीणों रात के समय घर से बाहर नहीं निकलने की हिदायत दी।

# पश्चिमी जिप सदस्य ने कई पंचायतों में किया विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास



**मनिका/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** पश्चिम क्षेत्र के जिप सदस्य बलवंत सिंह के द्वारा दिन सोमवार को मनिका पंचायत के भदईबथान में पीसीसी पथ, हाई स्कूल के प्लस टू विद्यालय के समीप शौचालय, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय में शौचालय, पल्हेया पंचायत भवन का मरम्मत पुर्णी पल्हेया में चबूतरा निर्माण व मतनाग गांव में मंदिर के समीप चबूतरा निर्माण का नारियल फोड़कर शिलान्यास किया गया। वहीं कस्तूरबा गांधी विद्यालय में शिलान्यास के दौरान छात्राएं एवं शिक्षकों ने उनका स्वागत किया। मौके पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिप सदस्य बलवंत सिंह ने कहा कि महत्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर लाना मेरा लक्ष्य है मैं अपने क्षेत्र में चहुमुखी विकास करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि जिला परिषद मद से जितना हो पा रहा है मैं उतना करने का प्रयास कर रहा हूं उन्होंने शिलान्यास के दौरान लोगों के साथ जनसंपर्क भी किया और आगामी विधानसभा चुनाव में समर्थन देने का अपील किया। मौके पर सागर यादव, रंजीत प्रसाद, अमित कुमार, पंकज यादव, रंजीत विश्वकर्मा, अखिलेश पासवान, देवलाल पाठक, सुरेंद्र यादव, कामेश्वर राम, रविंद्र यादव, मुखिया पति भरदूल उरांव, चंदन कुमार, धर्मेंद्र प्रसाद, मथुरा प्रसाद यादव, बलराम यादव, अरुण ठाकुर, दीपक कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

# चपरी-मजूरमरी सड़क का निर्माण बंद रहने से ग्रामीणों को हो रही है परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता



**बरवाडीह।** मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना से हो रहे प्रखंड क्षेत्र के छेचा पंचायत के चपरी गांव अंतर्गत चपरी मजूरमरी सड़क का निर्माण कार्य पिछले एक माह से बंद पड़ा हैं। जहां बारिश के कारण वाहन तो दूर पैदल चलने लायक भी स्तिथि नहीं है। सड़क के निर्माण कार्य बंद हो जाने के ग्रामीण पूरी तरह से मुख्य सड़क से कट चुके हैं। जिसे ग्रामीणों में खासा आक्रोश देखा जा रहा है। मंगलवार को ग्रामीणों के द्वारा सड़क निर्माण कार्य बंद होने को लेकर जमकर नाराजगी की व्यक्त करते हुए विभाग और स्थानीय जनप्रतिनिधियों पर अनदेखी करने का आरोप लगाया। ग्रामीण ने बताया की सड़क निर्माण कार्य शुरू होने के पूर्व भी बरसात के महीना में गांव के ग्रामीण पूरी तरह से मुख्य सड़क से कट जाते थे। जिसके कारण ग्रामीण स्वास्थ्य शिक्षा समेत अन्य सभी सुविधाओं से वंचित रहते थे। वही अब सड़क का निर्माण कार्य सरकार के द्वारा कराए जाने के बाद भी ठेकेदार के द्वारा काम बंद करके छोड़ दिया गया हैं। जिसे दो सैकड़ो परिवार इस परेशानी कों झेल रहे हैं। ज्ञात है की यह सड़क कई वर्ष से पूरी तरह से जर्जर थी जिसको लेकर मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के माध्यम से स्वकृति मिलने के बाद 27 जनवरी कों स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह और जिला परिषद संतोषी शेखर के द्वारा आधारशिला रखी गई थी। वही मौके पर अनिल राम पंचायत समिति पति शारदा खलखो, रूपेंद्र राम कोपल राम, जीतू भुइयां, प्रमोद राम, शंकर राम मंटू उर्फ रंजीत यादव विजय राम अमृत सोए संजय राम, प्रदीप राम मंजीत प्रसाद कैलाश राम मौजूद रहे।

# होटवार में 12 को देवी स्थापना सह प्राण प्रतिष्ठा

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** कुडू प्रखंड के बढकी चापी पंचायत अंतर्गत ग्राम होटवार स्थित नव निर्मित देवी मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम शुक्रवार 12 जुलाई से प्रारंभ होगा। उक्त आशय की जानकारी क्षेत्र के समाजसेवी उदय कुमार गुप्ता ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के तहत 12 जुलाई शुक्रवार को प्रातः सात बजे सैकड़ों महिलाओं द्वारा नदी से कलश यात्रा निकाली जाएगी। महिला श्रद्धालुओं ने कलश में जल भरकर मंदिर परिसर पहुंचेंगी। जहां वैदिक मंत्रोंचारण के साथ वेदी पूजन, 13 जुलाई शनिवार को जलाधिवास, अन्नाधिवास एवं 14 जुलाई रविवार को जीवन्यास, आदि प्रतिष्ठा, पूणार्हुति के समापन के बाद भव्य भंडारे के साथ कार्यक्रम संपन्न होगा। उदय गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम की रूपरेखा को अंतिम रूप प्रदान किया जा चुका है।

# भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए शिविर का किया आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बरवाडीह।** भूमि संबंधी समस्याओं के निराकरण के लिए मंगलवार से प्रखंड के 10 हल्का क्षेत्रों में राजस्व शिविर की शुरूआत कुटमु पंचायत सचिवालय से अंचल अधिकारी मनोज कुमार अंचल निरीक्षक सुरेश राम व अन्य कर्मियों के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर इसकी शुरूआत की गयी। इस दौरान सीओ मनोज कुमार ने बताया कि शिविर 19 जुलाई तक लगेंगे। शिविर में दाखिल-खारिज, नामांतरण से संबंधित मामले, खतियानी रैयत के उत्तराधिकारी एव आपसी बटवारे के आधार पर दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, सरकारी भूमि अतिक्रमण से संबंधित मामले, भू लगान रसीद, विभिन्न प्रमाण पत्रों से संबंधित राजस्व वादों का निराकरण किया जायेगा।

# दुर्गाबाड़ी में धूमधाम से हुई मां विपत्तारिणी की पूजा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** श्री श्री दुर्गा बाड़ी लोहरदगा में मां विपत्तारिणी की पूजा का आयोजन किया गया। पूजा में मां को भोग के रूप में 13 प्रकार के फल, मिष्टान्न, पुड़ी, सूजी, लाल धागा में 13 गांठ बांध कर 13 दुबला घांस बांध कर मां को निवेदन किया गया। पूजा मंदिर के पुरोहित जादव राय के नेतृत्व में कृष्ण देव मिश्रा, गौत्तम देवघरिया के द्वारा किया गया। मंदिर कमिटी के विजय गोपाल दत्ता, देवाशीष कार, सपन दत्ता, बासुदेव दत्ता, राठीन्द्र नाथ राय, तपास राय, तन्मय दत्ता, दीनबंधु डे, सोमनाथ दत्ता, अरुण दास, समित डे, किशोर चौधरी, शौर्यदीप दत्ता आदि उपस्थित रहे। ऐसी मान्यता है की विपत्तितारणी मां की पूजा से सारे दु:ख हर लेती है और खुशियां प्राप्त होने लगती है।

# अभाविप ने 76वां स्थापना दिवस मनाया

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय नवागढ़ में छात्र अभिनंदन सह छात्र सभा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम लातेहार नगर मंत्री मुकेश कुमार यादव की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रमेश उरांव ने कहा कि स्थापना काल से लेकर आज तक 75 वर्ष हो जाने तक विद्यार्थी परिषद का यात्रा समाज परिवर्तन छात्र जीवन का परिवर्तन का बदलाव में अहम भूमिका रहा है। विद्यार्थी परिषद के द्वारा चलाए गए बहुत से अभियान जैसे परिषद की पाठशाला, ऋतुमति अभियान, परिसर चलो अभियान, आज इस तरह से कॉलेज कैंपस में स्थापित हो रहा है कि इस विषय को लेकर आज समाज में व्यक्ति निर्माण को लेकर अपने जीवन में इस अभियान को चलाने का काम कर रहे हैं। विद्यार्थी परिषद के मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यक्रम 9 जुलाई राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस, 6 दिसंबर सामाजिक समरसता, दिवस 12 जनवरी राष्ट्रीय युवा दिवस, 15 नवंबर भगवान बिरसा मुंडा जयंती व जनजाति गौरव दिवस, 19 नवंबर नारी शक्ति दिवस। जैसे राष्ट्रीय त्योहार को लेकर देश में पॉजिटिविटी संदेश देने का काम कर रहा है। वही मौके पर प्रधानाध्यापिका आरती कुमारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा छात्र हित को लेकर कॉलेज कैंपस में आंदोलन करते रहती है। सैकड़ों छात्र एवं छात्राएं के उपस्थिति में द्वारा स्थापना दिवस मनाया गया।

# प्रखंड कार्यालय में है भ्रष्टाचार : आजसू

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** किस्को एवं पेशरार प्रखंड में आजसू पार्टी के द्वारा हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय धरना एवं प्रदर्शन किया गया। धरना कार्यक्रम के पश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी को 17 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा कि सभी प्रखंडों में भ्रष्टाचार व्याप्त है। गरीबों का सुनने वाला कोई नहीं है। अगर अधिकारी अपनी कार्यशैली का बदलाव नहीं करते हैं तो आजसू पार्टी प्रखंड कार्यालय का घेराव करेगी और जोरदार आंदोलन करेगी। कहा कि चाहे जमीन दाखिल खारिज का मामला हो मोटेशन का मामला हो एलपीसी का मामला हो पंजी टू में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या हो सभी समस्याओं से जनता त्रस्त है और बिना चढ़ावा चढ़ाए कोई कार्य नहीं होता है। मुख्य संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा की मनरेगा की स्थिति यह है कि कूप निर्माण की राशि अभी तक लाभुको को नहीं दी जा रही जबकि बरसात शुरू हो गयी है। केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल ने कहा की छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति हेतु जाति आय आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है उसमें शीघ्रता लायी जाये। राजू गुप्ता ने कहा कि ध्रुवा मोड़ से पाखर तक पथ निर्माण कराया जाए और 15वे वित्त आयोग से सभी पंचायत में योजनाओं का कार्य कराया जाए। अबुआ आवास एवं पीएम आवास में बालू पर रोक हटाया जाए। मौके पर हरि महली ,बाबू लाल नगेसिया, मनोज उरांव, सनी नगेसिया, आयुष मेहता, आकाश मेहता, विजय कुमार समेत अन्य मौजूद थे।

# स्कूली वाहन सवारी मार्शल गाड़ी ने वृद्ध महिला को रौंदा, एमएमसएच रेफर

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह थाना क्षेत्र के खुरा पंचायत के हाई स्कूल के समीप तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। जंहा चार पहिया मार्सल सवारी वाहन ने महिला को चपेट में ले लिया। जिसके बाद घायल महिला को स्थानीय ग्रामीणों के मदद से नजदीकी बरवाडीह सामुदायिक स्वास्थ्य बरवाडीह केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सक जुबेर अहमद ड्रेसर राजेश चन्द्र सिन्हा उर्फ बबलू एएनएम आरती रजनी सुरीन समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा प्राथमिक उपचार किए जाने के बाद बेहतर इलाज के लिए एमएमसएच मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार खुरा निवासी फिलसीता एक्का उम्र लगभग 60 वर्ष पति स्टेफन लकड़ा सुबह में मॉर्निंग वाक के लिए अपने खुरा घर से बरवाडीह विवेकानंद चौक आ रही थी। इसी क्रम में तेज रफ्तार से आ रही मार्सल सवारी वाहन संख्या ओआर 14 क्यू 6095 ने वृद्ध महिला को रौंदा व मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। उधर मामले की सूचना पर थाना प्रभारी राधेश्याम कुमार के निर्देश पर सब इंस्पेक्टर राजन अधिकारी अस्पताल पहुंच महिला का हालचाल जाना व वाहन पर कार्रवाई को लेकर छापामारी चलाने की बात कही।

# अज्ञात लोगों ने युवक को पत्थर से कूच कर मारा



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** थाना क्षेत्र के नगर ठेठईटांगर गांव के दशरथ उरांव के पुत्र निरंजन उरांव उर्फ रंजू (26) की अज्ञात लोगों द्वारा बीती रात पत्थर से कुचलकर हत्या कर दी गयी।

घटना की जानकारी तब हुई जब मंगलवार सुबह स्थानीय लोगों ने गांव के बाहर खेत में शव नग्न अवस्था में और चेहरा छत-विक्षत हालत में पड़ा देखा और इसकी सूचना ग्रामीणों को दी। लोगों ने गांव के निरंजन का शव होने की आशंका जतायी। और इसकी सूचना मृतक के पास के मामा नगर लालमाटी गांव दिगम्बर उरांव व मामी सोमारी देवी को दी। मामा - मामी घटना स्थल पर पहुंच कर शव की शिनाख्त की। घटना की सूचना पर सिसई थाना प्रभारी संदीप कुमार यादव, एस आई आशीष कुमार, एएसआई अनवर अंसारी दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक भट्ठा मजदूर था। दो साल से वो अपनी पत्नी पार्वती देवी के साथ युपी के बस्ती भट्ठा में रहता था,और बीते दो दिन पुर्व रविवार को गांव लौटा था। सोमवार को वो अपने पिता दशरथ उरांव व गांव के एक अन्य युवक के साथ बाइक बनवाने सिसई गया था, और रात करीब नौ बजे घर लौटा था। रात में घर पर वो अपनी पत्नी व पिता के साथ था। मृतक की पत्नी के अनुसार देर रात 5-6 नकाबपोश लोग घर पहुंचकर दरवाजा खुलवाया और तीनों के साथ मार-पीट करने लगे। पत्नी और पिता भागकर दुसरे के घर जाकर जान बचाई। सुबह निरंजन के नहीं मिलने पर पिता दशरथ उरांव उसे ढूंढने निकले थे। इसी दौरान खेती-बाड़ी करने वालों द्वारा खेत में पड़े छत-विक्षत हालत में शव देखा।

## महत्वपूर्ण खबरें

### बसिया में बोलेरो गाड़ी की चोरी

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना मुख्यालय निवासी कैलाश साहू की महिंद्रा बोलेरो सफेद रंग की गाड़ी को मंगलवार रात्रि करीब 2:00 बजे चोरी कर ली। इस संबंध में कैलाश साहू ने बताया कि गाड़ी उनके घर के बरामदा के आगे रखी हुई थी। जब वे सुबह उठे तो देख की गाड़ी अपनी जगह नहीं है। गाड़ी चोरी की आशंका होने पर उन्होंने इसकी सूचना बसिया पुलिस को दी। सूचना प्राप्त होने पर वारदात पर पहुंचकर बसिया थाना प्रभारी सुनील रविदास अनुसंधान में जुट गये।

### नाबालिग बच्ची के गले में अटका सिक्का, रिम्स रेफर



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के धोधरा टंगरा टोली निवासी सोमे उरांव की 7 वर्षीय बेटी अरुणा कुमारी के गले में 10 का सिक्का अटक गया। जिससे बच्ची को सांस लेने में परेशानी होने लगी और वह बेसुध हो गयी। इसके बाद परिजन उसे सदर अस्पताल लेकर आए। जहां से डॉक्टर ने बच्ची को रिम्स रांची रेफर कर दिया। जानकारी का मुताबिक बच्ची को घर में 10 का सिक्का मिला था। वह खेलते खेलते उसे मुंह में डाल ली। इसके बाद सिक्का उसके गले में जाकर अटक गया।

### 20 हजार नगद और 3 लाख के जेवरात की चोरी



**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के तर्री डीपाटोली गांव में चाईबासा सीएस कार्यालय के डीपीएम विजय कुमार के घर में ग्रील तोड़कर अज्ञात चोरों ने तीन लाख से ऊपर के जेवर व 20 हजार रुपये नगद की चोरी कर ली। ज्ञात हो कि डीपाटोली स्थित घर में डीपीएम विजय कुमार की पत्नी प्रतिमा देवी रहती है। वह गुमला स्वास्थ्य विभाग परिवार नियोजन विभाग में परामर्श दात्री है। प्रतिमा देवी के अनुसार वह शनिवार को घर में ताला बंद कर रांची चली गयी थी। मंगलवार को सीधे सदर अस्पताल पहुंची और ड्यूटी के बाद शाम में घर आयी। बाहर गेट से अंदर गई तो घर के ग्रील गेट टूटा देखकर हैरत में रह गयी। घर में घुस कर देखी तो तीन बेड रुम में अलमीरा टूटा हुआ था। सामान बिखरा हुआ था। उनके अपने बेड रूम के अलमीरा से लगभग बीस हजार रुपये नगद और तीन लाख से ऊपर के जेवर यथा सोने का चैन, कान का झुमका, अंगूठी, कंगन, चांदी का सिक्का, चांदी का कटोरा आदि ले गए। प्रतिमा देवी ने घटना की जानकारी अपने पति विजय कुमार, सदर अस्पताल के डाटा मैनेजर राजीव कुमार और गुमला थाना को दी। संभावना व्यक्त किया जा रहा है चोर रविवार की रात में ही घर में घुसे होंगे। घर के तीनों कमरे में चोरों ने चोरी किया है। चोरों ने आभूषण और नगद के अलावा एक भी सामान की चोरी नहीं की है। शाम तक डीपीएम विजय कुमार घर नहीं पहुंचे थे जिस कारण थाना में लिखित शिकायत नहीं की गयी थी।

### मनरेगा योजनाओं में हुए घोटाले में शामिल लोगों पर प्राथमिकी की मांग



**गुमला (आजाद सिपाही)।** भाकपा (माले) रेड स्टार व झारखंड नवनिर्माण दल के नेतृत्व में प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के पदाधिकारियों ने गुमला उपायुक्त के समक्ष मनरेगा की योजनाओं में लूट नहीं चलेगा नारे के साथ मजदूर यूनिट के प्रभारी शंकर उरांव के अध्यक्षता में सांकेतिक धरना कार्यक्रम आयोजित की। धरना कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित भाकपा (माले) रेड स्टार के प्रमंडल प्रभारी सह झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की लूट नीति के कारण गुमला जिला में मनरेगा में पूरी तरह लूट की छूट दे दी गयी है यही कारण है कि स्वतंत्रता सेनानी शहीद तेलंगा खड़िया के जन्म गांव मुरगू को भी लुटेरों ने नहीं बक्शा। गरीबों के नाम से वृक्षारोपण इत्यादि योजना स्वीकृत कर लाखों रुपए गबन कर लिए गए और स्थानीय सांसद-विधायक तथा भाजपा, कांग्रेस व झारखंड मुक्ति मोर्चा जैसी पार्टी मुख दर्शक बनी हुई है जिसका जवाब समय पर जनता को देना होगा। श्री सिंह ने न्यायिक जांच कर कार्रवाई करने की मांग करते हुए मनरेगा में दलाली करने वालों को चेतावनी लहजे में कहा कि अब जेल जाने के लिए मजदूरों के हक के लुटेरे तैयार रहें। वहीं प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन के केंद्रीय प्रभारी नील जस्टिन बेक ने कहा कि मनरेगा की योजनाओं में मची लूट को सरकार और प्रशासन रोके नहीं तो लूट की योजना घोषित कर दे। मनरेगा की योजनाओं में इस तरह का फजीवाड़ा नहीं चलेगा। मजदूरों को रोजगार देने के लिए बनाई कानून आज लुटेरों का चारागाह बनी हुई है जिसके खिलाफ प्रगतिशील मनरेगा मजदूर यूनियन गांव से लेकर राजधानी तक आंदोलन तेज करेगी।

# पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए डीपीआर तैयार करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला पर्यटन संवर्धन परिषद् शासी निकाय विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी।

पर्यटन को बढ़ावा देने एवं नये पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर उपायुक्त ने गंभीरता दिखाई। उन्होंने जिले के अधिसूचित पर्यटन क्षेत्रों के विकास को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उपायुक्त ने जिला खेल पदाधिकारी को उक्त स्थानों को पर्यटन क्षेत्र के रूप में परिवर्तित करने को लेकर डीपीआर तैयार करने का निर्देश दिया। पर्यटन स्थलों के विकास से संबंधित भी समीक्षा कर उक्त स्थानों को विकसित करने हेतु भी डीपीआर तैयार करने का निर्देश जिला खेल पदाधिकारी को दिया गया। इस दौरान उन्होंने जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों अंजन धाम, टांगीनाथ धाम, नवरत्न गढ़, गोबर सिल्ली आदि जैसे स्थानों के भी विकास के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया, साथ ही धरातलीय कार्यों को अविलंब प्रारंभ करने की बात कही। साथ ही बैठक में पर्यटक संवर्धन परिशद् को डीटीपीसी अधिनियम 1860 के तहत निबंधन को बढ़ावा दने का निर्णय लिया गया। जिले का प्रवेश बोर्ड पर साईनेज लगाने को कहा गया। सभी पर्यटन स्थलों पर साईन बोर्ड तथा साफाई कराने का निर्देश दिया। जिले के सभी पर्यटन स्थालों को साफ सफाई रखने को निर्देश डीटीपीसी को दिया गया। फण्ड के माध्यम से रोड बनवाने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त द्वारा सिरा सीता में सप्ताहिक स्थानिय पुलिस के द्वारा गस्ती करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले में सभी शहीदों का एक ही स्थल पर शहीद स्मारक बनाने का निर्णय लिया गया।

इस दौरान मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, वन प्रमण्डल पदाधिकरी, अध्यक्षक जिला परिषद्, जिला खेल पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला नजारत उप समाहर्ता, प्रशासक नगर परिषद्, संसद एवं विद्यायक प्रतिनिधि सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## जनशिकायत निवारण दिवस पर आवेदकों ने मांगों को लेकर डीडीसी से की मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता




**गुमला।** रायडीह प्रखंड के ग्राम सिलम निवासी स्वर्गीय एतवा सिंह की बेटियों अहिल्या उर्फ संजू देवी, उषा कुमारी, बजरंगी कुमारी आदि आवेदकों ने जमीन खाता संख्या 95, प्लॉट संख्या 3033 के रकबा 0.27 डीसमिल जमीन का दाखिल खारिज करने से रोकने की मांग की। गुमला प्रखंड के ग्राम खटंगा निवासी बिलो भगत ने पीएम किसान योजना का लाभ दिलाने की मांग की। बताया कि वह पीएम किसान योजना के लिए जब ऑनलाइन कराने जाती है तो बताया जाता है कि उसका आवेदन ऑनलाइन किया हुआ है। बिलो भगत ने बताया कि आवेदन ऑनलाइन होने के बाद भी योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। गुमला के ग्राम कुल्ही निवासी स्वर्गीय तिजु उरांव के पुत्र बंधु उरांव ने आर्थिक मदद करने की गुहार लगायी। इसके अतिरिक्त अन्य आवेदकों ने बंद रास्ता को खुलवाने, जमीन विवाद को निदान करने, बैट्रीचालित गाड़ी देने, सड़क बनाने, मृत्यु प्रमाण पत्र निर्गत कराने समेत अन्य समस्याओं को आवेदकों ने डीडीसी के समक्ष रखा और निदान का मांग किया। घाघरा निवासी स्वर्गीय फूलदेव भगत की पत्नी रेणुका तिर्की ने डीडीसी को आवेदन सौंपकर मुआवजा दिलाने की गुहार लगायी। आवेदिका ने बताया कि 29 सितंबर 2019 में उसके पति फूलदेव भगत पर बिजली का तार टूटकर गिर गया था। जिससे फूलदेव भगत की मौत हो गयी थी। उस समय बिजली विभाग द्वारा मुआवजा देने का आश्वासन दिया गया था। परंतु अभी तक विभाग द्वारा मुआवजा नहीं दिया गया है। वहीं गुमला प्रखंड अंतर्गत टोटो निवासी आवेदक महेंद्र ठाकुर ने जिला गव्य विकास से गाय दिलाने की गुहार लगायी। आवेदक ने बताया कि गव्य विकास विभाग से उसकी दिव्यांग पुत्री सुरभि कुमारी के नाम से दो दुधारू गाय स्वीकृति हुई थी। परंतु योजना के तहत गाय मिलने से पूर्व ही पुत्री की मृत्यु दुर्घटना में हो गयी। आवेदक ने कहा कि उसकी पुत्री को दिव्यांग कोटा में मिलने वाली गाय उसे दिया जाये। ताकि परिवार का जीवन-यापन चल सके। मौके पर सामाजिक सुरक्षा सहायक निदेशक ललन कुमार रजक समेत अन्य मौजूद थे।

## दुष्कर्म के आरोपी को 10 वर्ष की कारावास की सजा

**गुमला (आजाद सिपाही)।** एडीजे वन प्रेम शंकर की अदालत ने मंगलवार को दुष्कर्म के आरोपी 32 वर्षीय प्रवीण एक्का को 10 साल की कारावास की सजा मुकर्रर की है। साथ ही 10 हजार का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ने की राशि अदा नही करने पर छह माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। यह मामला 6 दिसंबर 2022 को कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र के एक गांव की है। घटना के बाद पीड़िता अपने परिजन के साथ कुरुमगढ़ थाना पहुंच कर लिखित आवेदन देकर कर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जानकारी के अनुसार 6 दिसंबर 2022 को महिला अपने घर में अकेली थी। इसका फायदा उठा कर चैनपुर थाना क्षेत्र के प्रवीण एक्का देर रात घर में घुस कर 22 वर्षीय शादी शुदा महिला के साथ जबरन दुष्कर्म कर भाग गया। तभी दूसरे दिन पीड़िता के परिजन के आने के बाद थाना पहुंच कर आरोपी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## जलवायु परिवर्तन के कारण बहुत सारी आपादा आयी हैं, जिससे जीवन खतरे में है : थाना प्रभारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रायडीह।** मंगलवार को सिनी संस्था के तत्वावधान में सुरसांग पंचायत के पंचायत सचिवालय में पंचायत स्तरीय जलवायु परिवर्तन योजना निर्माण बैठक संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप मे सुरसांग थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि मुखिया आशा सुचिता एक्का, तारामणी सोरेंग, रायडीह वन उत्पाद समिति के सचिव बिसु सोरेंग थे। कार्यक्रम की शुरूआत पंचायत के क्लाइमेंट चेंज चैम्पियन किशोर किशोरियों ने स्वागत डांस प्रस्तुत कर किया। वहीं बैठक के दौरान क्लाइमेंट चेंज चैम्पियन के द्वारा पैनल डिस्कशन के माध्यम से जलवायु परिवर्तन क्या है उससे हमारे जीवन में पड़ने वाले प्रभाव व जलवायु परिवर्तन के कारणों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। वहीं मुख्य अतिथि थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के कारण बहुत सारी आपादायें आयी है, जिससे जन जीवन खतरे पर है। अगर हमें अपने पार्यावरण की रक्षा करना है तो इसकी शुरूआत स्वंय ही करना होगा। हम अपने घरों पर शादी विवाह या पार्टी पर प्लास्टिक प्लेट या डिस्पोजल ग्लास का उपयोग ना करें बल्कि साल के पेड़ के पत्तों से बना दोना पत्तल का प्रयोग करें। यह एक छोटा सा पहल बहुत बड़ा बदलाव ला सकता हैं, प्लास्टिक हमारे जमीन को बंजर बना रही है। हम सभी मनुष्य ही जलवायु परिवर्तन का कारण है। वहीं विशिष्ट अतिथि मुखिया आशा सुचिता एक्का ने कहा की जिस प्रकार हमारे पंचायत स्तरीय गांव के बच्चे जलवायु परिवर्तन से होने वाले आपदा को भली भाती पहचाना है और हमारे समक्ष रखा है। साथ ही इस आपदा से निपटने के लिए जो योजना बनायी है। यह पंचायत प्रशासन की पूरी कोशिश रहेगी कि इन सभी योजनाओं को ग्राम पंचायत विकास योजना के थीम पांच स्वच्छ एवं हरा भरा गांव के माध्यम से लेने का काम किया जायेगा। जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे से निपटने का प्रयास किया जाएगा। वहीं पंचायत की मुखिया आशा सुचिता एक्का के द्वारा अपने राशि से अपने पंचायत के बंजर जमीन चारदिवारी वाला खाली स्थान में 100 पौधा लगाने हेतु राशि का दान किया। इस दौरान क्लाइमेंट चेंज चैम्पियन बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर क्लाइमेंट चेंज स्पेशलिस्ट एस जे संगीता, किशोर साहा, सचिदानंद पंडा, अंकिता मिंज, संतोषी तिर्की, शोभा कुमारी, संजय गुप्ता, जलधर गोप, जयराम साहु सहित कई लोग मौजूद थे।

## पूम्से ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सिमडेगा को मिले 15 मेडल

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिमडेगा।** 24 वां झारखण्ड राज्य सब जूनियर एंव जूनियर तथा 13वां राज्य सब जूनियर एंव जूनियर पूम्से ताइक्वांडो चम्पियनशिप में सिमडेगा को मिला 15 मेडल। बालक / बालिका ताइक्वांडो चम्पियनशिप रांची के आइडीएल इंटरनेशनल स्कूल दलादली में आयोजित सिमडेगा जिला को 15 मेडल प्राप्त हुआ है। सब जूनियर बालिका वर्ग के 33 केजी में स्वीटी कुल्लू, 38 केजी में साक्षी इंदवार तथा 49 केजी में असमा खेस को सिल्वर मिला है। वहीं सब जूनियर बालक वर्ग में 38 केजी में आर्यन टेटे गोल्ड एंव अमन अनुराग कुल्लू सिल्वर, 35 केजी में विल्सन लकड़ा गोल्ड, 41 केजी में ग्लाडसन कुल्लू गोल्ड, प्रिंस केर-केट्टा गोल्ड, अमन किंडो को सिल्वर मिला है। 44 केजी में परिचित सिंह गोल्ड, अजीत लकड़ा गोल्ड तथा विकास लकड़ा को गोल्ड प्राप्त हुआ है। जूनियर बालक वर्ग में 38 केजी साहिल नायक सिल्वर, 41 केजी में सूरज कुमार सिंह सिल्वर, 59 केजी में अनूप साहू गोल्ड ये सभी प्रतिभागी मेडल पाकर सिमडेगा जिला का मान बढ़ाया है। जिला खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार ने इस बाबत पूछे जाने पर कहा कि खिलाड़ियों को उन्होंने ग्रीन झंडी दिखाकर शुभकामना देते हुए रांची के लिए रवाना किया था। वही खिलाड़ियों के द्वारा स्वर्ण व सिल्वर मेडल जाने की जानकारी वे समय-समय पर सघ के अध्यक्ष जवाहर चौधरी से लेते रहे से लेते रहे हैं वह जल्द ही खिलाड़ियों को खेल विभाग की ओर से सम्मानित किया जायेगा। जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष जवाहर चौधरी ने कहा कि सिमडेगा जैसे पिछड़े जिले से ताइक्वांडो के क्षेत्र में स्वर्ण व सिल्वर पदक जीतना गर्व की बात है। खिलाड़ियों को समुचित सुविधा व प्रशिक्षण के लिए उचित माध्यम मिलने से यह न सिर्फ राज्य बल्कि ओलंपिक में जिले वह देश का सम्मान बढ़ायेंगे साथ ही उन्होंने खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए सरकार से खिलाड़ी हर संभव सहयोग करने की मांग की है । जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव जुनास डांग, संयुक्त सचिव, अजय सिंह ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं एंव बधाई दिया है।

## सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा : प्रकाश उरांव




**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के पदाधिकारी कर्मियों से मंगलवार को झामुमो पदाधिकारियों ने बैठक की। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि प्रकाश उरांव, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रवि उरांव, जिला उपाध्यक्ष शशि साहू ने बीडीओ, सीओ सहित प्रखंड सह अंचल कार्यालय के कर्मियों को भ्रष्टाचार और कमीशन खोरी में लिप्त कर्मियों के ऊपर कठोर कार्रवाई करने, आम लोगों को अनावश्यक परेशान करने से बाज आने का निर्देश दिया। इस दौरान प्रकाश उरांव ने कहा की लगातार मीडिया में भ्रष्टाचार की शिकायत आ रही है। जमीन की दाखिल खारिज, जमीन ऑनलाइन सुधार, जाति, आवासीय, आय प्रमाण पत्र बनवाने, पेंशन बनवाने, अबुआ आवास, मनरेगा जैसी योजनाओं में भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस पर तुरंत से लगाम लगाया जाये। प्रखंड और अंचल के कर्मी सरकारी समय अनुसार प्रत्येक दिन कार्यालय में उपस्थित हो। उन्होंने कहा कि दूर दराज से आने वाले ग्रामीणों को बेवजह परेशानी का सामना न करना पड़े। जनता जनार्दन के समस्याओं व जरूरतमंद को सरकारी योजनाओं व प्रावधानों का सीधे लाभ देने में कोताही बरतने वालों पर कार्रवाई की जायेगी। बीडीओ रमेश कुमार यादव व सीओ नितेश रौशन खलखो ने सभी को भरोसा दिलाया की सभी तरह के भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई जाएगी। साथ ही अगर इस कार्य में बाहर के किसी बिचौलिए की जानकारी मिलती है तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी। मौके पर आवास समन्वयक मनरेगा बीपीओ, सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## कैनाल के नीचे दबने से दो मजदूर की मौत



**गुमला (आजाद सिपाही)।** मिशन बदलाव के भूषण भगत ने बताया कि गुमला के पनसो कटरी सुदूरवर्ती गावं के राजेश एक्का और संदीप महतो निर्माणधीन केनाल के नीचे दबने मौत हो गयी। छतीसगढ़ के इस हादसे के बाद से सड़क पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी थी और लोंगो ने बताया गया कि दोनों मजदूर बारिश से बचने के लिए केनाल के पास खड़े हुए थे। इसी दौरान भरभराकर केनाल गिर गया। दरअसल, जल संसाधन विभाग केनाल का निर्माण कर रहा था। इस दौरान बारिश से बचने के लिए दोनों मजदूर केनाल के के बीच छिपे थे और उसी समय केनाल के गिरने से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची केशकाल पुलिस ने दोनों के शव को पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को पोस्टमॉर्टम कराने के बाद मिशन बदलाव की टीम परिजनों के साथ वापस गुमला आयेगा।

## पार्किंग और नो पार्किंग पर स्थिति स्पष्ट करने को लेकर चैंबर ने की नप से मुलाकात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स ने नगर परिषद के प्रशासक से मुलाकात कर पार्किंग, नो पर्किंग के संबंध मे चर्चा की। पार्किंग, नो पार्किंग को लेकर गुमला के ब्यापारियों एवं आम नागरिक असमंजन के स्थिति बनी हुई है। चेंबर अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने कहा की व्यापारी से जो ग्राहक कोई भी क्रय विक्रय करते है तो ओह अपना टेंपो, पिकप, या पियगो, में अपना क्रय विक्रय का लोड अनलोड दुकान से करते है। गुमला कोई ट्रांसपोर्ट की सुविधा नही है यह एक पिछड़ा जिला ग्रामीण छेत्र से छोटी छोटी गाड़िया चलती है। वही व्यापारियों से रोजमारा का सामान लेकर जाते है। इसलिए जो भी छोटी गाड़िया लोड अनलोड करते है तो उसपर जुमार्ना से मुक्त किया जाये। इसपर प्रशासक ने का लोड अनलोड जल्द से जल्द करा कर गाड़ी व्यापारी गाड़ी हटा ले उस पर जुर्माना नहीं लगेगा पर अगर गाड़ी घंटो खड़ा रहती है तो जुर्माना लगेगा। नगर परिषद प्रशासक ने इस पर कहा की अगले सप्ताह अनुमंडल पदाधिकारी के के साथ होगी। इस पर अपने बातो को आपलोग रखेगे। मिलने वाले में उपाध्यक्ष राजेश सिंह, सचिव बबलू वर्मा, पीआरओ प्रणव साहू कोष अध्यक्ष मुन्नी लाल साहू, बृज किशोर फोगला, अरविंद मिश्रा आदि थे।

## कृषि मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री से मिल कर रौशन बरवा ने दी बधाई



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के नये मंत्रिमंडल में शामिल कृषि मंत्री दीपिका पांडेय और ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के सचिव रोशन बरवा ने मुलाकात कर बधाई दी। रोशन बरवा ने मुलाकात कर कहा की झारखंड प्रदेश मंत्रिमंडल के पुनर्गठन में युवा व अनुभवी को मौका मिला है, दीपिका पांडेय संगठन से जुड़ बहुत से पदों पर रहकर अपनी सेवाएं दी है। संगठन ने इनको मंत्री बनाकर बड़ा सम्मान दिया है। मुझे भी इनके साथ काम करने का मौका मिला है। बहुत ही सरल व सुलझी हुई महिला हैं राज्य के बिकास के लिए अच्छा काम करेंगी। ग्रामीण विकास मंत्री इरफान अंसारी अल्पसंख्यक समुदाय के बड़े नेता हैं अच्छा काम करेंगे।

## शिवनाथपुर में युवती ने लगायी फांसी

**सिसई (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर गांव के रोपा उरांव की पुत्री लील मुनि कुमारी (22) ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही सिसई थाना के एएसआई अनवर अंसारी दल बल के साथ घटनास्थल पहुंचे और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार लीला मुनि कुमारी ने बीते सोमवार शाम वो बकरी चराकर लौटी, इस दौरान घर पर कोई नहीं था। उसकी मां खेत गई हुई थी, और पिता कुर्गी बाजार गए थे। शाम के करीब छह बजे वो घर में अकेली थी। इसी बीच उसने अपने घर में बांस की बल्ली में दुपट्टा का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर दिया। स्थानीय लोगों ने प्रेम प्रसंग के कारण आत्महत्या की आशंका जता रहे हैं। वहीं पुलिस द्वारा सभी पहलुओं पर छानबीन की जा रही है।

# अभाविप ने मनाया 76वां स्थापना दिवस



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विद्यार्थी परिषद के द्वारा 76 वें 9 जुलाई राष्ट्रीय छात्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। अभाविप के कार्यकताओं के द्वारा 12 प्रखंडों में अन्यत्र प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में खेलकूद प्रतियोगिता,गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय में रन फांर कैंपस के नियमित दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विचार संगोष्ठी, पौधारोपण, मेहंदी प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता आदि अन्यत्र प्रकार के कार्यक्रम परिषद के कार्यकर्ताओं के द्वारा किया गया। सर्वप्रथम परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रमंडलीय कार्यालय गणपति धर्मशाला में 'वन्दे मातरम्' गान के साथ झंडोत्तोलन किया तत्पश्चात पूरे जिले में परिषद के कार्यकताओं के द्वारा अन्यत्र प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित प्राचार्य एसके पांडे ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है एवं यह ज्ञान शील और एकता के मूल मंत्र पर चलने वाला छात्र संगठन हैं।

# भाजपा कार्यकर्ता सत्ता के लिए नहीं बल्कि राष्ट्रहित के लिए करते हैं संघर्ष : वीडी राम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्रामपुर के रामचंद्र चंद्रवंशी विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को भाजपा का विस स्तरीय कार्यकर्ता अभिनंदन सह संकल्प सभा का आयोजन हुआ। सभा की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अमित तिवारी व संचालन जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव ने किया। सभा में लोक सभा चुनाव में बेहतर करने वाले कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। इसके अलावा आगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जिताने का संकल्प भी लिया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुरूआत मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ मीरा यादव,पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व स्वास्थ मंत्री सह विधायक



रामचंद्र चंद्रवंशी व भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने संयुक्त रूप से पंडित दीनदयाल उपाध्याय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम प्रभारी डॉ मीरा यादव ने कहा कि भाजपा मे उर्जवान कार्यकताओं की लंबी फौज है। इन्ही संघर्षशील कार्यकताओं के दम पर केंद्र में तीसरी बार मोदी सरकार बनी है। अब इन्ही समर्पित कार्यक्रताओं की बदौलत राज्य में भी प्रचंड बहुमत के साथ भाजपा की सरकार बनेगी। पलामू सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि विपक्षी गठबंधन के कार्यक्रता परिवारवादी पार्टियों के लिए कार्य करते हैं और उनका लक्ष्य मात्र सत्ता हासिल करना होता है। जबकि भाजपा के कार्यक्रता राष्ट्रवादी पार्टी के सिपाही हैं। जो सत्ता के बजाय राष्ट्र हित के लिए संघर्ष करते हैं। हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है.उनके परिवार ही सबकुछ है। उन्होंने लोस चुनाव में कार्यक्रताओं के मेहनत की जम कर तारीफ की। कहा कि अब बारी झारखंड में डबल इंजन सरकार बनाने की है। ताकि देश के साथ प्रदेश का भी संपूर्ण विकास हो सके। विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि किसी भी संगठन का रीढ कार्यक्रता ही होता है। उनके ही त्याग तपस्या के बदौलत नेता विधायक और सांसद बनते हैं। इसलिए भाजपा अपने हर एक कार्यक्रता को देवतुल्य मानती है। उन्होंने कहा कि लोक सभा चुनाव में आपने बेहतर से बेहतर किया है। मौके पर भाजपा के गढ़वा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद मेहता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रूपा सिंह, सोशल मीडिया प्रभारी सोमेश सिंह, भाजपा नेत्री संध्या सिंह, सुनील पासवान, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, डॉ वीपी शुक्ला, अमरेश तिवारी सहित काफी संख्या में भाजपा नेता कार्यक्रता मौजूद थे।

# मुखिया ने सांसद को ज्ञापन सौंप कर झरगड़ा में पुलिस पिकेट की मांग की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत झरगड़ा पंचायत के मुखिया अशोक चौधरी ने पलामू सांसद बीड़ी राम से मिलकर पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए 10 सूत्री मांग पत्र सौंपा। इस दौरान मुखिया ने सांसद को बुके देकर स्वागत किया।मुखिया द्वारा सांसद को दिए गए मांग पत्र में झरगड़ा मोड़ से डाक बंगला होते हुए सरहु पुल तक पक्की सड़क निर्माण ,पतरा पंचायत सचिवालय से बनसपती गांव तक पक्की सड़क निर्माण ,सुपहा माध्यमिक विद्यालय की घेराबंदी एवं चाहरदीवारी निर्माण, झरगड़ा उत्क्रमित मध्य विद्यालय को उत्क्रमित कर उच्च विद्यालय की दर्जा देने ,ग्राम सुकनाडेरा श्मशान घाट पर शेड निर्माण , झरगड़ा में चंदीप चौधरी के घर से बघमनवा सनोज रजवार के घर तक नाला निर्माण , झरगड़ा में श्मशान घाट की चाहरदीवारी निर्माण, ग्राम सुपहा में श्मशान घाट पर शेड निर्माण, झरगड़ा के गायत्री फिल्ड पर स्टेडियम का निर्माण और झरगड़ा पंचायत में पुलिस पिकेट की स्थापना की शामिल है।सांसद श्री राम ने मुखिया को आश्वस्त किया कि प्राथमिकता के आधार पर आपकी सभी मांगों पर यथा संभव प्रयास कर पूरा किया जाएगा। मुखिया अशोक चौधरी ने अपने पंचायत वासियों के तरफ से सांसद का आभार प्रकट किया एवं सर्व प्रथम सड़क की दयनीय स्थिति को सुधारने का अनुरोध किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 11 जुलाई से मनाया जायेगा परिवार नियोजन पखवाड़ा



**विश्रामपुर/ पलामू (आजाद सिपाही)।** विश्व जनसंख्या नियंत्रण दिवस के अवसर पर विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आगामी 11 जुलाई से 31 जुलाई तक परिवार नियोजन पखवाड़ा मनाया जायेगा। इसकी जानकारी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि पखवाड़ा के दौरान परिवार नियोजन का स्थायी और अस्थाई दोनो साधन उपलब्ध रहेगा। परिवार नियोजन हेतु कई प्रकार के अस्थाई साधन हैं,जो जरूरतमंदों को नि:शुल्क दिया जायेगा। जिसमे माला एन, कंडोम, छाया की गोली और अंतरा सुई सहित अन्य अस्थाई साधन शामिल हैं। डॉ राजेंद्र कुमार ने यह भी बताया कि किस विधि से परिवार नियोजन के साधनों को अपनाने से कितना प्रोत्साहन राशि दी जाती है,उन्होंने आम लोगों से अपील किया कि परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाएं।

# चौकीदार बहाली में अनुसूचित जाति को आरक्षण नहीं देना दलितों के साथ अन्याय : कमलेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** चौकीदार बहाली में आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किए जाने का हुसैनाबाद विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने कड़ा विरोध किया है। उन्होंने कहा कि पलामू में चौकीदार बहाली की निकले विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लिए एक भी सीट आरक्षित नहीं है। विज्ञापन संख्या 01/2024 दिनांक 2 जुलाई 2024 के मुद्दे पर उन्होंने विज्ञापन संख्या 1/2024 को निरस्त कर अनुसूचित जाति के लोगों को आरक्षण का लाभ देने की मांग की है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि



चौकीदार का पद अनुसूचित जाति के लोगों को शुरू से दिया जाता रहा है। इस पद पर सेवानिवृत या अन्य कारण से सेवा में नहीं रहने वाले चौकीदार के ही रिश्तेदार या पुत्र पुत्री की नियुक्ति की जाती रही है। पलामू जिला में चौकीदारों की नियुक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में झारखंड सरकार के आरक्षण रोस्टर का भी पालन नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार दलितों की खुद को हिमायती कहती है। जबकि इसी सरकार के अधीनस्थ अधिकारी चौकीदारों की नियुक्ति के लिए निकाले गए विज्ञापन में अनुसूचित जाति के लोगों को दरकिनार कर दिया है। विधायक श्री सिंह ने कहा कि अधिकारियों के इस मनमाने रवैया के पीछे अनुसूचित जाति के लोगों को चौकीदार के पुस्तैनी पद से अलग करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश एनसीपी का अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ इस मामले को लेकर आंदोलन करेगा।

# जलमीनार पहाड़ी एरिया में भी बने : अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** प्रथम महापौर ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मेरे कार्यकाल का फेस 2 शहरी जलापूर्ति योजना का कार्य लगभग शुरू हो चुका है कुछ विवाद के चलते रुका पड़ा था जिसका समाधान पलामू सांसद ने निकाल लिया है मुझे पूरा विश्वास है अगले वर्ष तक कई घरों में पानी मिलने लगेगा। प्रथम महापौर ने कहा कि कल सांसद वीडी रामजी स्वयं साइट पर गए थे जहां कुछ विवाद था जिसका निष्पादन लगभग हो गया है मैं भी माननीय सांसद से अनुरोध करूंगी ऐसी व्यवस्था बनाई जाए जो शहर का अति महत्वाकांक्षी योजना फेस टू शहरी जलापूर्ति योजना का भी काम बाधित न हो



और बच्चों के लिए खेलकूद स्थान भी सुरक्षित रहे साथी हम हिंदुओं का पूजा स्थान को भी डिस्टर्ब ना किया जाए। प्रथम महापौर ने कहा कि मै सांसद से यह भी अनुरोध करूंगी कि पहाड़ी एरिया जहां काफी संख्या में मुस्लिम और कुछ हिंदू भाई भी रहते हैं साथ ही हिंदुओं का श्मशान घाट भी है उस एरिया में भी एक जल मीनार बनवाइ जाए ताकि नदी के तट पर बसे पहाड़ी के भाइयों को शुद्ध पानी मिल सके। प्रथम महापौर ने दुख जाहिर करते हुए कहां पप्पू कल जहां से पूरे शहर को पानी सप्लाई होता वहीं के स्थानीय लोगों को पप्पू कल के पाइप लाइन से पानी नहीं मिलता जबकि पाइपलाइन बिछा हुआ है और पहले उसे पाइप लाइन में पानी सप्लाई होता था, मैं नगर आयुक्त से भी अनुरोध करूंगी प्राथमिकता में पंपु कल एरिया में पानी सप्लायी शुरू करायी जाये।

# जागरूकता अभियान में पुलिस ने आमजनों को दी नये कानून की जानकारी



**हरिहरगंज/ पलामू (आजाद सिपाही)।** पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर सोमवार को हरिहरगंज पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने तीन नए कानून के नियमो को लेकर सरसोत स्तरोन्नत उच्च विद्यालय में जन जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें आमजन और छात्र छात्राओं को नए कानूनों की जानकार दी गयी। घर बैठे कैसे एफआईआर दर्ज करें इस बारे में भी जानकारी दी गयी। मौके पर पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि एक जुलाई से कानून भारतीय न्याय सहिंता, भारतीय नागरिक सुरक्षा सहिंत और भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किए गए हैं। इस बारे में आमजन को जागरूक करने के उद्देश्य से जन जागरूकता कार्यक्रम किया गया । कार्यक्रम में पत्थरा पीकेट प्रभारी मंटु कुमार, एएसआई मनोज दास, मुखिया विनय कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक अर्जुन राम के अलावे शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

## हुसैनाबाद के हरही नदी का अस्तित्व बचाने की पहल

# नदी किनारे अतिक्रमण हटवाने के लिए सीओ ने किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** शहर की जीवनदायिनी हरही नदी वर्तमान समय में गंभीर संकट से गुजर रही है। नदी में भारी मात्रा में कूड़ा-कचरा भरा हुआ है, जिससे न केवल नदी का सौंदर्य खत्म हो गया है, बल्कि उसका अस्तित्व भी खतरे में पड़ गया है। हरही नदी के किनारे बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो चुका है। लोगों ने नदी के किनारे अवैध निर्माण कर रखे हैं, जिससे नदी का प्राकृतिक प्रवाह बाधित हो रहा है। इसके अलावा नदी की सफाई की कोई ठोस व्यवस्था नहीं होने के कारण कूड़ा-कचरा नदी में जमा होता जा रहा है। इस स्थिति से न केवल नदी के जलस्तर में गिरावट आई है, बल्कि जल की गुणवत्ता भी



बेहद खराब हो गयी है। हरही नदी में बढ़ते कूड़ा-कचरे और अतिक्रमण से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है। साथ ही नदी के किनारे रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। इस गंभीर स्थिति को देखते हुए हुसैनाबाद के कुछ समाजसेवियों ने स्थानीय अधिकारियों को एक सप्ताह पूर्व ज्ञापन सौंपा था, जिसमें उन्होंने नदी की सफाई और अतिक्रमण हटाने की मांग की थी। इस ज्ञापन के बाद अंचल अधिकारी पंकज कुमार ने त्वरित कारवाई करते हुए मंगलवार को नदी की स्थिति का जायजा लिया। सीओ ने मौके पर जाकर स्थिति का निरीक्षण किया और नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी को तत्काल इस दिशा में ठोस कदम उठाने के लिये पत्र लिखने की बात कही। सीओ श्री कुमार ने कहा कि सर्वप्रथम नदी की सफाई जरूरी है। फिर भविष्य में किसी भी तरह के अतिक्रमण को भी हटाया जायेगा। साथ ही उन्होंने शहरवासियों से अपील की है कि वे नदी में कूड़ा-कचरा न डालें और पर्यावरण संरक्षण में अपना योगदान दें। मौके पर समाजसेवी मुन्ना कुमार देव, पूर्व वार्ड पार्षद नजीर अहमद उर्फ मिथुन खान समेत अन्य लोग मौजूद थे।

# ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वन महोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** मंगलवार को ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में वन-महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ एके सिंह ने एक संस्कृत श्लोक के माध्यम से वृक्ष की उपयोगिता का वर्णन करते हुए कहा कि 'छायाम् अन्यस्य कुर्वन्ति तिष्ठन्ति स्वयम् आतपे। फलानि अपि परार्थाय वृक्षाः सत्पुरुषा इव।।' अर्थात जो स्वयं धूप में रहकर दूसरों को छाया करते हैं तथा जिसके फल भी दूसरों के लिए होते हैं। वृक्ष सज्जन पुरुषों के समान हैं। बढ़ती जनसंख्या और आधुनिकीकरण का सीधा प्रभाव हमारे वनों पर पड़ता है, जिसके चलते वनों की कटाई हो रही है। वनों के प्रति लोगों में जागरुकता लाने के लिए वन महोत्सव देशभर में मनाया जाता है। वन महोत्सव को एक राष्ट्रीय त्योहार घोषित किया गया है। वन महोत्सव की शुरूआत सन 1950 ई. में देश के कृषिमंत्री



कन्हैयालाल मणिकलाल मुंशी द्वारा की गई की थी। वन महोत्सव भारत सरकार द्वारा वृक्षारोपण को प्रोत्साहन देने के लिए प्रति वर्ष जुलाई के प्रथम सप्ताह में मनाया जाता है। इस सप्ताह में देश के सभी विद्यालयों, विश्वविद्यालयों, सरकारी दफ्तरों, अनेक संगठनों और संस्थाओं द्वारा सम्पूर्ण देश में पौधे लगाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

उन्होने बताया कि वृक्ष ऑक्सीजन उत्सर्जित करते हैं तथा कार्बन-डाई-ऑक्साईड अवशोषित करते हैं। मनुष्य तथा जीव-जंतुओं के लिए वृक्ष बहुत लाभकारी है। वृक्षों की बहुत अधिक कटाई होने से वातावरण में असंतुलन हो गया है और मौसम में काफी परिवर्तन आया है, जिससे धरती के तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है। अतः जीवन एवं पृथ्वी, जल-संरक्षण तथा पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए वृक्ष लगाना जरूरी है। अन्त में उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रतिवर्ष अपने जन्मदिन पर तथा समाज के सभी लोगों को अपने जन्मदिन एवं वैवाहिक वर्षगांठ पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उसका संरक्षण भी आवश्यक रुप से करना चाहिए। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों द्वारा भी विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम में 35 बच्चों के बीच बेबी केयर यूनिट का वितरण



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** महिला केंद्रित विषयों पर पूरे देश में 100 दिनों का विशेष जागरूकताअभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में मंगलवार को एमएमसीएच के मातृ शिशु वार्ड में समाज कल्याण विभाग की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषयक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले के उपायुक्त शशि रंजन,उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सिविल सर्जन डॉ अनिल व समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान उपस्थित रहे। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने 35 से अधिक नवजात बच्चियों के माताओं के बीच बेबी केयर यूनिट व फल का वितरण किया। किट में नवजात की जरूरत के सभी सामान उपलब्ध थे। सभी बच्चियों के अभिभावकों को स्तनपान की महत्वता के विषय पर भी जागरूक किया गया।

## स्पोर्ट्स



मंधाना ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के शुरूआती 2 मुकाबलों में 113 और 136 रनों की पारी खेली थी

## बुमराह-मंधाना आइसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

# पहली बार मेंस और विमेंस कैटेगरी में एक ही देश के खिलाड़ी चुने गये

**जसप्रीत बुमराह ने टी-20 वर्ल्ड कप के 8 मैचों में 15 विकेट लिए**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह और विमेंस ओपनर स्मृति मंधाना को इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आइसीसी) ने प्लेयर ऑफ द मंथ अवॉर्ड दिया है।

आइसीसी ने मंगलवार को जून महीने के बेस्ट क्रिकेटर्स की घोषणा की। ऐसा पहली बार हुआ जब एक ही देश के खिलाड़ियों ने एक ही महीने में मेंस और विमेंस



दोनों पुरस्कार जीते हैं।

मेंस कैटेगरी में बुमराह के अलावा टी-20 वर्ल्ड चैंपियन भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और अफगानिस्तान के ओपनर



रहमानुल्लाह गुरबाज भी नॉमिनेट हुए थे, जबकि विमेंस कैटेगरी में इंग्लैंड की मैया बाउचियर और श्रीलंका की विशमी गुणरत्ने दावेदारी में शामिल थी।

**बुमराह ने हर मैच में बेहतरीन प्रदर्शन किया :** टीम इंडिया के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का भी टी-20 वर्ल्ड कप में प्रदर्शन काफी बेहतर रहा। उन्होंने 8 मैचों में 4.17 की इकोनॉमी से गेंदबाजी की और 15 विकेट भी लिए। वह टीम इंडिया के दूसरे टॉप विकेट टेकर रहे। वह प्लेयर ऑफ द सीरीज भी रहे।

**मंधाना ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे सीरीज के दो मैचों में दो सेंचुरी लगायी :** मंधाना ने साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के शुरूआती 2 मुकाबलों में 113 और 136 रनों की पारी खेली थी। वहीं तीसरे मैच में उनके बल्ले से 90 रनों की पारी देखने को मिली।

इसके बाद टेस्ट में मंधाना ने अपने उसी फॉर्म को जारी रखते हुए 149 रनों की पारी खेली जिसके दम पर भारतीय महिला टीम ने विमेंस टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में एक पारी में सर्वाधिक स्कोर बनाने का रिकॉर्ड भी बना दिया। टीम इंडिया ने अपनी पहली पारी में 603 रन बनाए थे और इसके बाद इस मुकाबले को उन्होंने 10 विकेट से जीत लिया था।

**NETARHAT RESIDENTIAL SCHOOL,NETARHAT**
**(An autonomous Institution under School Education & Literacy Dept. Govt. of Jharkhand)**

Letter No. - 1644 Date:09/07/2024

**Notice for Engagement of Retired Government Engineer**

**Sub:-Engagement of Retired Government servants as consultants on contract basis in the school.**

1. The Netarhat Residential School, Netarhat invites applications from willing and eligible retired Government employees for their engagement as consultant on contract basis. The number of vacancies to be engaged as consultant is one. The consultant so engaged will look after the inspection, monitoring, estimation, and execution of entire civil work in the school premises.
2. The engagement shall be initially for a period of one year which may be extended or curtailed as per the requirement and satisfactory performance of the consultant. The terms of appointment shall not be extended beyond 5 years after superannuation. The job location shall be at Netarhat.
3. The school authority reserves the right to accept, or reject in part or in full any or all the responses without assigning any reasons whatsoever.
4. The retired Government servant engaged as consultant shall continue to draw Pension and Dearness Relief on pension during the period of his engagement as consultant. The engagement as consultant shall not be considered as a case of re-employment.
5. The interested persons must submit their application in the prescribed format (Annexure-II) [a copy may also be sent through email on - principal.netarhat@gmail.com] as enclosed herewith along with the Annual Performance Appraisal Reports of five years preceding to the retirement, to: -The Principal, Netarhat Residential School, AT & PO – Netarhat via Gumla, District – Latehar, Pin – 835218, Jharkhand.
6. The last date for receipt of applications, in the prescribed format is 25.07.2024 upto 05:00 PM. Applications received after due date/time and without supporting documents will not be considered.
7. Complete details can be seen on our school website www.netarhatvidyalaya.com

Sd/-
Principal
Netarhat Residential School, Netarhat

PR 329043 Human Resource Developement(24-25).D

# स्पीड ड्राइविंग करने से रोकने पर मार दी गोली



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद में फायरिंग की घटना घटी है, जिसमें एक छात्र को गोली लगने की घटना सामने आई है। घटना झरिया थाना क्षेत्र की है। मामूली विवाद में फायरिंग की घटना को अंजाम देने की बात कही जा रही है। तेज गति से गाड़ी चलाने से मना करने के विवाद में 20 वर्षीय छात्र के सिर में गोली मार दी गयी। परिजनों ने निजी अस्पताल में घायल छात्र को भर्ती कराया। गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने छात्र को दुगार्पुर रेफर कर दिया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस ने एक हमलावर को भी गिरफ्तार कर लिया है। जिले के झरिया थाना क्षेत्र अंतर्गत चौथाई कुली में तेज गति से गाड़ी चलाने से मना करने के मामूली विवाद में 20 वर्षीय छात्र अमन कुमार रवानी के सिर में गोली मार दी गयी। घटना सोमवार रात की है। गोली लगने से घायल छात्र को परिजनों ने धनबाद स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से छात्र तो डॉक्टरों ने दुगार्पुर मिशन अस्पताल देर रात को रेफर कर दिया. गोली मारने वाले एक युवक सुमित मिश्रा को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। बाकी की तलाश जारी है। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद सिंदरी एसडीपीओ भूपेन्द्र राउत ने घटनास्थल पहुंचकर लोगों से पूछताछ की। घटनास्थल की जांच की। वहीं छात्र के परिजनों से भी एसडीपीओ ने घटना की जानकारी ली। पुलिस को परिजनों ने बताया कि तेज गति से गाड़ी हमेशा सुमित मिश्रा और उसके दोस्त चलाया करता था। तेज गति से गाड़ी चलाने से मना किया गया था. इसी विवाद में अमन को गोली मार दी गयी। सभी लोग आपराधिक प्रवृत्ति के हैं। वहीं सिंदरी एसडीपीओ ने कहा कि छात्र को गाड़ी लगाने की मामूली विवाद पर गोली मारने से बात सामने आई है। पड़ोस के युवकों पर आरोप है। सभी की गिरफ्तारी जल्द कर ली जायेगी। मामले की अनुसंधान की जा रही है।

# मध्य विद्यालय केसरकुराल के बच्चे जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

आजाद सिपाही संवाददाता

**एग्यारकुंड।** एग्यारकुंड प्रखंड अंतर्गत गोपालपुर पंचायत क्षेत्र के पार्षद मध्य विद्यालय केसरकुराल निरसा एक में आये दिन छत व खिड़की पर किया हुआ प्लास्टर टूट टूट कर गिर रहा है। बच्चे भय की साये में पढ़ने को मजबूर हो रहे है। एमडीएम के लिए समुचित रसोई घर नहीं है। वर्षो पहले ईसीएल द्वारा बनाये हुए जर्जर शेड के निचे खाना बनाना है मजबूरी। जिससे हमेशा दुर्घटना होने का अंदेशा लगा रहता है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक मुस्तक अंसारी ने बताया की इस संबंध में लगातार विभाग को लिखित सूचित किया जाता रहा है। परंतु विभाग आज तक कोई सुध नहीं लिया गया। वही स्कुल कमेटी अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि सपन नाग ने बताया की इस मुद्दों को लेकर तीन साल से कई बार सवाल उठाये है। बिईईओ सपन मंडल का कहना है की इस बार 243 विद्यालय मरम्मती एवं भवन निर्माण का प्रोपोजल भेजा गया। वही सहायक अभियंता विनय कुमार ने बताया की उन्हें इसकी जानकारी नहीं थी। आज ही इस स्कुल का नाम दर्ज करवा देता हूं। जल्द ही जांच करवा दिया जायगा।



प्रधानाध्यापक मुस्तक अंसारी

# पर्यावरण संरक्षण में है गांवों की अहम भूमिका: अमित

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** एक पेंड़ माँ के नाम अभियान के तहत मधुडीह में किया वृक्षारोपण भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य कुमार अमित ने पार्टी के एक पेंड़ माँ के नाम अभियान के तहत विस्थापित गाँव मधुडीह में वृक्षारोपण किया। इस दौरान कुमार अमित ने कहा कि देश के पर्यावरण को संरक्षित करने में यहाँ के गाँवों की भूमिका महत्वपूर्ण है। शहरों के प्रदुषण और पेंड़ों की कटाई के बावजूद गाँवों के हरियाली के कारण हीं आज देश का पर्यावरण बहुत हद तक संरक्षित है। बोकारो के विस्थापित गाँव बोकारो स्टील प्लांट के प्रदूषण का शिकार हो रहे हैं। आए दिन इस क्षेत्र के ग्रामीण प्रदूषण के कारण गम्भीर रोगों के शिकार होकर अपनी जान गंवा रहे हैं। प्रबंधन और प्रशासन को इस ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। भाजपा कार्यकताओं के वृक्षारोपण जैसे रचणात्मक कार्य भी पर्यावरण को संरक्षित करने में सहायक हैं। इस बार भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक पेंड़ मां के नाम अभियान के तहत झारखण्ड में भीं लाखों पेंड़ लगाएँ हैं। वृक्षारोपण के बाद उन पौधों का संरक्षण भी कार्यकर्ताओं की हीं ज़िम्मेदारी है जिसे पुरा करना सभी भाजपा कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है। इस मौके पर भाजपा के कुलदीप महतो, अशोक महली, अमित गिरी, सुजीत कुमार, शिवानंद बेदिया, लालबाबू, विजय महतो, अनमोल, अनिकेत राज महली आदि भी उपस्थित थे।



# बीमा कर्मचारी संघ ने जीएसटी हटाने के संदर्भ में सांसद को सौंपा ज्ञापन



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** बीमा कर्मचारी संघ हजारीबाग मंडल के धनबाद क्षेत्र के सदस्यों द्वारा संघ के अध्यक्ष हेमन्त मिश्रा के नेतृत्व में धनबाद के नवनिर्वाचित सांसद ढुलू महतो को धनबाद का सांसद निर्वाचित होने पर हार्दिक शुभकामनाएं दी।अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ के आह्वान पर संघ के प्रतिनिधि मंडल द्वारा सांसद को बीमा प्रीमियम पर से जीएसटी हटाने, बीमा प्रीमियम पर आयकर की धारा 80 सी के आयकर में अलग से छूट देने, स्वास्थ्य बीमा प्रीमियम पर आयकर की धारा 80 डी के अंतर्गत आयकर में छूट को पुनः लागू करने तथा साधारण बीमा क्षेत्र की चारों बीमा कंपनियों, यथा न्यू इंडिया एश्योरेंस, नेशनल इन्शुअरन्स ओरिएंटल इन्शुअरन्स तथा यूनाइटेड इन्डिया इन्शुअरन्स को मिलाकर एक बड़ी बनाने संबंधी मेमोरेंडम सौंपा। सांसद ने इन विषयों पर विचार करने तथा वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण से चर्चा करने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में संयुक्त सचिव नीरज कुमार,पेन्शनर संघ के अलगू प्रसाद,संघ के सहायक सचिव सुरेश कुमार, धनबाद बेस 1 के सचिव शुभम राज,अध्यक्ष राकेश कुमार,बेस कमिटी सदस्य राहुल कुमार एवं रिशु गुप्ता, धनबाद बेस 4 के सचिव नीशेष कुमार तथा धनबाद बेस 3 के सचिव प्रशांत कुमार सिन्हा ने सराहनीय योगदान दिया।

# कांग्रेस नेत्री प्रदेश सचिव दुर्गा दास ने कांग्रेस से मंत्रिमंडल मिलने पर दी बधाई



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस नेत्री और पूर्व जिला परिषद सह,प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकेयारी विधानसभा प्रभारी दुर्गा दास ने कांग्रेस पार्टी से मंत्रिमंडल मिलने से सभी के बीच लड्डू खिलाकर खुशी जाहिर करते हुए कांग्रेस पार्टी के झारखंड सरकार मे मंत्री बन्ना गुप्ता विभाग स्वास्थ्य,चिकित्सा,शिक्षा एवं परिवार कल्याण, खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले,मंत्री इरफान अंसारी (विभाग) ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य,पंचायती राज,मंत्री श्रीमती दीपिका पांडेय सिंह (विभाग) कृषि,पशुपालन एवं सहकारिता, आपदा कांग्रेस पार्टी से मंत्री पद और विभाग मिलने से दुर्गा दास ने तीनो मंत्रियों के साथ फोटो सियर कर तीनों कांग्रेस पार्टी के मंत्रियों को बधाई दी।

# डीसी की अध्यक्षता में की गयी जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** उपायुक्त सह अध्यक्ष जिला शिक्षा स्थापना समिति माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में आज दिनांक 09 जुलाई 2024 को समाहरणालय में जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय के कुल 64 स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक जिनकी सेवा 2 वर्ष संतोषजनक पूर्ण हो गया है, वैसे शिक्षकों का सेवा संतुष्टि समिति द्वारा किया गया। वही स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग झारखंड, रांची द्वारा अनुशंसित अभ्यर्थियों का स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक के पद पर पदस्थापना हेतु 6 शिक्षक/ शिक्षिका का पदस्थापन किया गया। इसके अलावा दो अलग-अलग मामलों में भी समिति द्वारा पदस्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान की गई। समिति द्वारा सेवानिवृत्त शिक्षक विजय कुमार झा डीएवी उच्च विद्यालय झरिया धनबाद को प्रवरण वेतनमान की स्वीकृति दी गई। वही प्रयोगशाला सहायक/ स्नातक प्रशिक्षित 4 शिक्षकों के त्यागपत्र की स्वीकृति पर विचार करते हुए समिति द्वारा निर्णय लिया गया की अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर सभी की सेवा त्याग की स्वीकृति दी जा सकती है। इसके अलावा समिति द्वारा स्वीकृत पद के विरुद्ध अतिरिक्त पदस्थापित कुल 06 शिक्षकों के सामंजन का निर्णय लिया गया। साथ ही समिति द्वारा एसएसएलएनटी मुख्यमंत्री उत्कृष्ट +2 उच्च विद्यालय धनबाद की शिक्षिका सुश्री मौसमी विश्वास एवं लिपिक श्री सतीश कुमार सिंह का अन्यत्र विद्यालय में स्थानांतरण के प्रस्ताव पर सहमति जताई गई। बैठक में जिला शिक्षा अधीक्षक भूतनाथ रजवार, प्रभारी जिला शिक्षा पदाधिकारी आयुष कुमार, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी नियाज अहमद, जिला शिक्षक स्थापना समिति के सभी पदाधिकारी और सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

# श्रीश्री संतोषी माता और बजरंगबली की प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी कलश यात्रा



**करगली (बेरमो)।** श्री श्री संतोषी माता एवं बजरंगबली जी का मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर फुसरो नगर परिषद क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड संख्या 02 करगली तीन नंबर धौड़ा स्थित रथ मंदिर के प्रांगण में आयोजित चार दिवसीय यज्ञ का प्रारंभ कलश यात्रा से की गई। सैकड़ों महिलाएं, करगली गेट दामोदर नदी तट कलश में जल भरकर पैदल यात्रा कर मंदिर प्रांगण में पहुंचे। आचार्य विष्णुकांत पांडेय एवं रविन्द्र कुमार पांडेय ने पूरे विधि-विधान से पूजन कार्य संपन्न कराया। कलश यात्रा में संतोषी माता और बजरंगबली जी के भजन-कीर्तन व जयकारे के साथ महिला-पुरुष श्रद्धालुओं खुब थिरके।मौके पर कमिटी के सदस्य राजीव सिंह निकुम्भ, मुकेश कुमार झा, नवल किशोर सिंह, मनोज कुमार, रंजन कुमार सिंह, सतेन्द्र यादव, रविकांत सिंह, जीबू विश्वकर्मा, बुद्धि टेकोचंद विश्वकर्मा, पंकज पांडेय, प्रशांत कुमार सिंह उर्फ सन्नी सिंह आदि मौजूद थे।

# बैक लाइट ऑफ होने से बाइक सवार ने मारी हाइवा में टक्कर, हुई मौत

**महुदा (आजाद सिपाही)।** बीते सोमवार रात्रि एक सड़क दुर्घटना में महुदा के लखनपुर निवासी पूरन रजक (48) वर्ष की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के संबंध में बताया जाता हैं कि वह मुनीडीह से ड्युटी कर अपने बाइक संख्या जे.एच 10 सीए 3705 से घर लौट रहा था। तभी कपुरिया मोड़ के समीप सड़क किनारे खड़ी हाइवा संख्या जे.एच 02 एजे 1385 पर पीछे से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सुचना पर कपुरिया ओपी पुलिस घटनास्थल पहुँचकर स्थानीय लोगों की मदद से शव को अपने कब्जे में ले लिया। वहीं बाइक व हाइवा को थाने ले आई। स्थानीय लोगों के अनुसार हाइवा सोमवार दोपहर से ही कपुरिया मोड़ के समीप सड़क किनारे खड़ी थी। वहीं जिस वक्त घटना घटी उस वक्त हाइवा का बैक लाइट ऑन नहीं थी। घटना के बाद चालक हाइवा की बैक लाइट ऑन किया। बताया जा रहा हैं कि अगर बैक लाइट ऑन रहती तों घटना नहीं घटती। हायवा चालक की लापरवाही के चलते घटना घटी और एक व्यक्ति की जान चली गई। मृतक अपने पीछे एक पुत्र एवं एक पुत्री को अपने पीछे छोड़ गया।

# जोड़ापोखर पुलिस बरारी में छापेमारी कर तीन अवैध लॉटरी विक्रेताओं को लिया हिरासत में



**झरिया (आजाद सिपाही)।** अवैध लॉटरी विक्रेता के खिलाफ जिले में पुलिस प्रशासन कि ओर से चलाई जा रही अभियान के तहत सोमवार की रात में जोड़ापोखर थाना कि पुलिस ने बरारी में छापामारी कर लाखों कि प्रतिबंधित लॉटरी के साथ झरिया के सरगना समीर के भाई छोटू अंसारी सहित दो लोगों को गिरफ्तार किया है। छोटू के निशानदेही पर पुलिस झरिया उपरकुल्ही मुहल्ले में समीर के आवास पर छापामारी कर रही है। मामले को लेकर थाना प्रभारी राजेश प्रकाश सिन्हा ने कहा हैं कि लॉटरी विक्रेता के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई किया जाएगा। मालूम हो कि राज्य सरकार के निर्देश के बाद भी जिले में बड़े पैमाने पर बिक रही नागालैंड एवं पुनडीचिरी ,सिक्किम ,मणिपुर ,मिजोरम सहित अन्य राज्यों कि लॉटरी कि बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के बाद भी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध लॉटरी की बिक्री कि जा रही है। जिससे सरकार को करोड़ों के राजस्व का नुकशान हो रहा है। सरकार के कड़े निर्देश के के बाद जिला प्रशासन लॉटरी विक्रेता के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई करने में लगी है। इसी क्रम में रात्री को पुलिस ने बरारी में छापेमारी कर लॉटरी के सरगना झरिया निवासी समीर के भाई छोटू सहित दो अवैध लॉटरी बिक्रेता को रंगेहाथ धर दबोचा है। पुलिस ने दो को छोड़ दिया वहीं छोटू को जेल भेज कर मामले की जांच में जुट गई है।

# सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने प्रखंड-सह अंचल कार्यालय बाघमारा का किया निरीक्षण



आजाद सिपाही संवाददाता

**बाघमारा।** प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर, हजारीबाग, श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय बाघमारा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात आयुक्त महोदया ने प्रखंड विकास पदाधिकारी तथा अंचलाधिकारी से विकास योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उन्हें उचित दिशा निर्देश दिया गया। बैठक के क्रम में उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से अवगत कराएं तथा उन्हें लाभान्वित करने के दिशा में उचित प्रयास किया जाना चाहिए। इस दौरान उन्होंने मनरेगा, आवास योजना, अबुआ आवास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सर्वजन पेंशन योजना, पशुधन विकास योजना आदि योजनाओं की समीक्षा तथा संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि कोई भी लाभुक इससे वंचित न हो। साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाएं, ताकि तय समय योजना पूर्ण हो तथा उसका उचित लाभ ग्रामीणों को मिलें। साथ ही उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता बरतें, ताकि सुनियोजित ढंग से योजनाओं को पूरा किया जाय और लोगों को उसका लाभ मिल सकें। योजनाओं का क्रियान्वयन तय समय हो, यह करें सुनिश्चित। उन्होंने लंबित म्यूटेशन, लगान रसीद, दाखिल खारिज, प्राप्त पत्रों की पंजी, निर्गत पंजी, जन आवेदन पत्रों की पंजी, रोकड़ पंजी, लॉग बुक, अग्रिम पंजी, भू लगान पंजी, अकेंक्षण पंजी, नीलम पत्र वाद, मनरेगा व अन्य विकास योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा इस संबंध में संबंधित अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिये। प्रखंड कार्यालय आने वाले लोगों की समस्याओं को नियमानुसार तरीके से दूर करें ताकि उन्हें मुख्यालय तक नहीं आना पड़े। इस दौरान अपर समाहर्ता विनोद कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी, बाघमारा, अंचलाधिकारी, बाघमारा समेत अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित रहें।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
DRINKING WATER AND SANITATION DIVISION
RANCHI EAST, RANCHI

E-Request For Proposal Notice
1st Call

e-Tender Notice No.– LAB/DWSD/11/2024-25 Dated – 08/07/2024

| Sl. | कार्य का नाम | EXPRESSION OF INTEREST FROM TECHNICAL MANPOWER PROVIDING AGENCIES FOR PROVIDING HUMAN RESOURCES IN ZONE 2 (GARHWA, MEDNINAGAR, CHATRA LATEHAR, LOHARDAGA, GUMLA AND SIMDEGA) WAT ER TESTING LABORATORIES OF JHARKHAND UNDER DRINKING WATER AND SANITATION DEPARTMENT, JHARKHAND. |
|---|---|---|
| 2. | परिमाण विपत्र मुल्य एव अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र मुल्य (10,000) एवं अग्रधन की राशि (3,10,000) |
| 3 | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 15.07.2024 at 1:00 PM से। |
| 4 | प्री बीड बैठक की तिथि एवं समय | 18.07.2024 in the Office of the Chief Engineer-cum-Executive Director, Programme Management Unit, DWSD, Jharkhand, Doranda, Ranchi at 3:00 PM |
| 5 | ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 24.07.2024 at 5:00 PM |
| 6 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 26.07.2024 at 2:00 PM |
| 7 | ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | Executive Engineer, Drinking Water and Sanitation Division- Ranchi East, Ranchi - 834002 |
| 8 | ई–मेल | eedwsd.ranchieast@gmail.com |
| 9 | ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष संख्या | 9431687981 |

NB:- For Details
1.निविदा अन्तर्गत परिमाण विपत्र का मूल्य एवं अग्रधन की राशि ई–गवर्नेंस विभाग झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा, राँची के आदेश सह ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के अनुरूप प्राप्त की जाएगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान सम्वेदक द्वारा जिस बैंक खाता से किया जाएगा। उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर बैंक खाता को बन्द कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही सम्वेदक की होगी।
3. प्राक्कलित राशि घट अथवा बढ़ सकती है उसी प्रकार से अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि भी देय होगी है।
4. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट http//:jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल
राँची पूर्व, राँची
PR 329044 Drinking Water and Sanitation (24-25)_D

# बीसीसीएलकर्मी को 40 हजार रुपये का झांसा देकर युवक फरार



**एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)।** चिरकुंडा एसबीआई बैंक के समीप से बीसीसीएल दही बड़ी में कार्यरत साधन बाउरी नामक महिला से सोमवार की दोपहर 40 हजार रू का झांसा देकर एक युवक भाग खड़ा हुआ। इस संदर्भ में स्थानीय चिरकुंडा थाना की पुलिस द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर घटना क्रम के विषय में जानकारी ली। जानकारी देते हुए साधन बाउरी ने बताया कि वह बीसीसीएल में कार्यरत कोलकर्मी है और वह 40 हजार रू एसबीआई चिरकुंडा शाखा से निकालकर बैंक के बाहर निकली तब तक बैंक के बाहर ही बाइक सवार एक युवक उन्हें रोका और पूछा कि आपके लड़के नहीं है तो उन्होने कहा कि लड़के हैं। युवक ने कहा कि कहीं काम करता है कि नही उन्होंने कहा कि काम नही करता हैं। फिर युवक ने कहा कि कितने पैसे बैक से निकाले तो उन्होंने बताया कि 40 हजार रू की निकासी किए हैं उसने छक कर कहा कि पैसे की गिनती की तो साधन बाउरी ने कहा कि नहीं पैसे की गिनती तो उन्होंने नहीं की इस पर युवक बोले कि पैसे निकालिए और पैसे गिन देते हैं पैसे गिनने लगा उचक्का और फिर बोला कि पैसा लेकर चलते बना और कहा की कुछ देर में हम आते हैं और वहां खड़ी साधन बाउरी उस उचक्के का इंतजार करती रही पर वह पैसा लेकर चलते बना और अंततः व अपने बहू के साथ बैंक मैनेजर के पास पहुंची और पूरे घटनाक्रम को बताया बैंक द्वारा पुलिस को सूचना देकर साधन बाउरी के साथ हुई घटना के संदर्भ में बताया इस पर मौके पर पुलिस पहुंची और बैंक व आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। चिरकुंडा थाना प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि साधन बावरी जो गांव की भोली भाली औरत थी और उनके सरलता का फायदा उचक्का फायदा उठाया है आसपास के सीसीटीवी कैमरे को जांच की जा रही है सुराग मिलने पर ऐसे असामाजिक तत्व को छोड़ा नहीं जाएगा जल्द पुलिस ऐसे अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को पकड़ेगी।

Government of Jharkhand
Department of School Education and Literacy
(Jharkhand Education Project Council, Ranchi)
JSCA Stadium Road, Sector- III, Dhurwa, Ranchi-834004
Phone: 0651-2444501, E-Mail: jepcranchi1@gmail.com

e-Procurement Notice

JEPC invites Separate Technical & Financial Bids through e-procurement method from eligible and interested contractors registered in appropriate class for Construction of Additional Class Room in Existing Secondary and Higher Secondary Schools located in 05 different Districts of Jharkhand. Interested and eligible bidders are requested to submit their proposal latest by 2:00 PM on 31.07.2024.

The details of tender documents can be seen and applied through website https://jharkhandtendenders.gov.in only. Tender notification & Tender document can also be seen (read only purpose) from departmental website https://jepc.jharkhand.gov.in.

Sd/- (Aditya Ranjan)
State Project Director
Jharkhand Education Project Council
Ref. No.: JEPC/CIV/03/725/2022/Part II/2469 Ranchi, Date : 08.07.2024
PR 328997 Jharkhand Education Project Council (24-25)_D

# अनुमति मिलते ही 14 को खुलेगा रत्न भंडार

## चाबी काम करे या ना करे, ताला खोला जायेगा, एसओपी तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** पुरी जगन्नाथ मंदिर रत्न भंडार निगरानी समिति के अध्यक्ष न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ ने कहा है कि सरकार अनुमति देती है तो 14 जुलाई को रत्न भंडार को खोला जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकार को फैसले से अवगत कराया जा रहा है। विवरण प्रबंधन समिति को दिया जायेगा, जिसके बाद प्रबंधन समिति सरकार के पास जायेगी। सरकार के निर्देश आने पर रत्न भंडार खोला जा सकता है।

उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सरकार 14 तारीख को रत्न भंडार खोलने की अनुमति देगी। चाबी काम करे या ना करे, ताला खोला जायेगा। इसके लिए पूरी एसओपी तैयार कर ली गयी है। अगर सरकार अनुमति देती है, तो हम 14 तारीख को रत्न भंडार खोलेंगे। उन्होंने कहा कि 14 जुलाई को प्रशासन, चाबी कमेटी को सौंपेगा। रत्न भंडार अलंकार को स्थानांतरित करने के लिए जगह ठीक कर ली गयी है। इसके बाद रत्नों की गिनती और मरम्मत का काम चलेगा। इसके लिए सरकार आभूषणों की गिनती के लिए मेट्रोलोजिस्ट ग्रुप और गहने के जानकार ग्रुप को नियुक्त करेगी। इस समय के दौरान दर्शन में कोई असुविधा ना हो, इसके लिए ध्यान दिया जायेगा। जस्टिस विश्वनाथ रथ ने भक्तों से सहयोग करने को अनुरोध किया है।

खबरों के अनुसार न्यायमूर्ति विश्वनाथ रथ की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने श्रीमंदिर रत्न भंडार खोलने पर निर्णय ले लिया है। इस बीच समिति के 16 सदस्यों की सूची प्रकाशित कर दी गयी है। समिति में विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल हैं, जैसेः डॉ. सीबीके मोहंती, चार्टर्ड अकाउंटेंट राजीव साहू, जगदीश मोहंती, स्वामी प्रज्ञानंदजी, पुरी जिला कलेक्टर और श्रीमंदिर के मुख्य प्रशासक भी समिति में हैं। हरिहर होता, पद्मश्री सुदर्शन पटनायक, जनार्दन पट्टजोशी महापात्र, जगन्नाथ दासमहापात्र, सौमेंद्र मुदुली, मधुसूदन सिंहारी, सेवानिवृत्त आइपीएस प्रकाश मिश्रा, एएसआइ प्रतिनिधियों को भी समिति में शामिल किया गया है।

# रेलवे ने भुवनेश्वर स्टेशन पर क्रू लॉबी को आधुनिक सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** लोको पायलटों, सहायक लोको पायलटों और गार्डों की भलाई को प्राथमिकता देने के निरंतर प्रयास में, ईस्ट कोस्ट रेलवे ने भुवनेश्वर स्टेशन पर क्रू लॉबी को आधुनिक सुविधाओं के साथ अपग्रेड किया है। उचित आराम और विश्राम की महत्वपूर्ण आवश्यकता को पहचानते हुए, भुवनेश्वर में विश्राम कक्ष और लॉबी को अधिकतम आराम और सुविधा के लिए घर जैसा माहौल प्रदान करने के लिए सुसज्जित किया गया है। प्रत्येक विश्राम कक्ष में आरामदायक बिस्तर, एयर कंडीशनिंग और आरामदायक लाउंज की सुविधा है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चालक दल के सदस्य अपने कठिन कर्तव्यों के बीच तरोताजा हो सकें। भुवनेश्वर में क्रू लॉबी को विशेष रूप से राज्य के बाहर के क्रू सदस्यों के लिए घरेलू माहौल बनाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। यह पहल सुनिश्चित करती है कि घर से दूर होने पर भी उन्हें सहजता महसूस हो और उनकी अच्छी देखभाल हो।

साफ-सफाई और स्वच्छता के अच्छे मानकों को बनाये रखते हुए, सुविधाओं को सावधानीपूर्वक रखा जाता है, जिससे सभी कर्मचारियों को एक सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण मिलता है। प्रशिक्षित पाक कर्मचारियों द्वारा तैयार पौष्टिक और स्वादिष्ट भोजन उच्च गुणवत्ता वाले क्रॉकरी और कटलरी से सुसज्जित भोजन क्षेत्रों में परोसा जाता है, जो समग्र भोजन अनुभव को बढ़ाता है। विश्राम और अवकाश में सहायता के लिए, क्रू लॉबी टेलीविजन, वाचनालय और फिटनेस उपकरण सहित मनोरंजक सुविधाओं से सुसज्जित है। ये सुविधाएं चालक दल के सदस्यों को उनके डाउनटाइम के दौरान आराम करने और रिचार्ज करने में मदद करती हैं। लोको पायलटों, सहायक लोको पायलटों और गार्डों के सामने आने वाली अनूठी चुनौतियों को पहचानते हुए, ईस्ट कोस्ट रेलवे उनके और उनके परिवार के सदस्यों के लिए नियमित परामर्श सत्र भी प्रदान करता है। ये सत्र घर पर एक सहायक और सकारात्मक माहौल सुनिश्चित करने के लिए डिजाइन किये गय हैं, जो उनके समग्र कल्याण के लिए इसीओआर की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# ओड़िशा में नाबालिग से दुष्कर्म, अदालत ने आरोपित को सुनाई 20 साल जेल की सजा

- आरोपित पर लगाया 5000 का जुर्माना
- 28 सितंबर, 2023 की है यह घटना

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** स्पेशल प्रोटेक्शन ऑफ चिल्ड्रेन फ्रॉम सेक्सुअल ऑफेंसेस एक्ट (पॉक्सो) बालेश्वर अदालत के न्यायाधीश रंजन कुमार सुतार ने एक व्यक्ति को 2023 में एक नाबालिग लड़की से दुष्कर्म करने के लिए दोषी ठहराते हुए उसे 20 साल जेल की सजा सुनायी है। मरीन पुलिस स्टेशन क्षेत्र के शेख मंताज ने पीड़िता को चॉकलेट का लालच दिया, जब वह 28 सितंबर, 2023 को अपने घर के सामने खेल रही थी और उसे एक सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

**कब सामने आया मामला? :** मामला तब सामने आया जब नाबालिग लड़की ने परिवार के सदस्यों को अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद मरीन पुलिस स्टेशन में मंताज के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।शिकायत के आधार पर पुलिस ने मंताज को गिरफ्तार कर अदालत भेज दिया था।

**कोर्ट ने सुनायी सजा :** मामले की सुनवाई करते हुए पॉक्सो कोर्ट के जज ने 16 गवाहों के बयान और 20 दस्तावेजों के आधार पर मंताज को दोषी करार देते हुए उसे 20 साल कैद की सजा सुनायी। अदालत ने उस पर 5000 रुपये का जुर्माना भी लगाया, जिसमें विफल रहने पर उसे दो और साल जेल की सजा काटनी होगी। इसके अलावा अदालत ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को पीड़िता को चार लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया।

# पठानी सामंत गणित छात्रवृत्ति 2024 परीक्षा आज होगी

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार के माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित पठानी सामंत गणित छात्रवृत्ति 2024 परीक्षा (पीएमएसटी 2024) बुधवार को पूरे राज्य में आयोजित की जायेगी। पठानी सामंत गणित छात्रवृत्ति परीक्षा दो चरणों में आयोजित की जायेगी - चरण 1 और चरण 2। कक्षा छह में पढ़ने वाले छात्र चरण 1 के लिए पात्र हैं, जबकि कक्षा नौ के छात्र चरण 2 के लिए पात्र हैं। चरण 1 परीक्षा के लिए कुल 1,40,676 छात्रों ने अपने फॉर्म भरे हैं, जबकि चरण 2 के लिए, 33,923 उम्मीदवार पठानी सामंत गणित छात्रवृत्ति परीक्षा के चरण 2 की परीक्षा में बैठने के लिए तैयार हैं।

# महिला ने ओड़िशा सीएम के काफिले को रोका



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर के रसूलगढ़ स्क्वायर पर आज शाम उस समय बड़ा ड्रामा देखने को मिला, जब एक महिला ने ओड़िशा के मुख्यमंत्री मोहन माझी के काफिले को रोकने की कोशिश की। खबरों के मुताबिक मुख्यमंत्री शाम करीब साढ़े पांच बजे राजधानी के वीएसएस नगर में एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपने कार्यालय लौट रहे थे। पुलिस ने आम लोगों को रोककर सीएम का रास्ता बनाने की कोशिश की।

हालांकि, रसूलगढ़ चौक पर एक महिला जो जाने के लिए इंतजार कर रही थी, ने पुलिस से तीखी बहस की और पूछा कि उन्होंने 15 मिनट से अधिक समय तक सड़क क्यों रोकी हुई है। पुलिस के स्पष्टीकरण के बावजूद, जिन्होंने कहा कि सुरक्षा कारणों से सड़क को अवरुद्ध किया गया है, क्रोधित महिला अपनी कार से बाहर निकली और सीएम के काफिले के सामने खड़ी हो गयी।

महिला पुलिसकर्मी सहित पुलिस अधिकारियों ने महिला से बार-बार सीएम के काफिले के लिए रास्ता देने को कहा। हालांकि, वह मौके से हटने को तैयार नहीं थी और करीब 3-5 मिनट तक सड़क के बीच में खड़ी रही। लेकिन जल्द ही महिला को किनारे कर दिया गया और सीएम का काफिला निकल गया। इस बीच, मंचेश्वर पुलिस ने महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# भुवनेश्वर में बंद घर में नाबालिग का शव मिला

आजाद सिपाही सवांददाता

**भुवनेश्वर।** एक चौंकाने वाली और दुखद घटना में, भुवनेश्वर में एक बंद घर से एक नाबालिग लड़की का शव बरामद किया गया। उपलब्ध रिपोंटों के अनुसार, यह घटना भुवनेश्वर के मंचेश्वर पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत श्रीराम नगर झुग्गी बस्ती में हुई है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि, लड़की को एक कमरे में लटका हुआ पाया गया, जिसे बाहर से बंद कर दिया गया था। शव पंखे से लटका हुआ पाया गया। मृतक नाबालिग लड़की उत्तर प्रदेश की रहने वाली है। वह झुग्गी में एक अन्य महिला के साथ रह रही थी। महिला ने कहा है कि लड़की ने शायद आत्महत्या कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हालांकि, शुरूआती जांच में इस मामले में कुछ गड़बड़ी की आशंका जतायी गयी है। इस मामले में विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है।

# डीइओ वार्षिक एचएससी, मध्यमा और एसओएससी के प्रमाण पत्रों के वितरण की निगरानी करेंगे




आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (बीएसई) के परीक्षा नियंत्रक ने वार्षिक एचएससी, मध्यमा और एसओएससी परीक्षा, 2024 के प्रमाण पत्र वितरण की निगरानी से संबंधित राज्य के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को एक पत्र जारी किया है। वार्षिक एचएससी, मध्यमा और एसओएससी परीक्षा, 2024 के उम्मीदवारों के सभी मूल उत्तीर्ण प्रमाण पत्र (ओपीसी) सभी जिलों में एक ही दिन यानी 9 जुलाई को संबंधित हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक/प्रधानाध्यापिका द्वारा उम्मीदवारों को वितरित किये जायेंगे। शेष प्रमाण पत्र, यदि कोई हों, तो उन्हें अगले दिन अर्थात 10 जुलाई को छात्रों को वितरित कर दिया जायेगा। जिला शिक्षा अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि वे क्षेत्रीय पदाधिकारियों पर निगरानी रखें, ताकि यह देखा जा सके कि उनके अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी उच्च विद्यालयों में प्रमाण पत्रों का वितरण निर्धारित तिथि पर ठीक से हो जाये।

# ओड़िशा में डेंगू ने बढ़ायी टेंशन, 200 से ज्यादा मामला आया सामने, स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** प्रदेश में बाढ़-बारिश के बाद अब डेंगू के मामले धीरे-धीरे सामने आने लगे हैं। राज्य के अन्य जिलों की तुलना में खुर्दा जिले में मामलों की संख्या बढ़ रही है। पिछले वर्षों में हुए डेंगू के प्रकोप को देखते हुए राज्य का स्वास्थ्य विभाग हाई अलर्ट पर है। ऐसे में पिछले पांच वर्षों में जो क्षेत्र डेंगू के लिए हाटस्पॉट थे, उनकी निगरानी और पहचान करने के स्वास्थ्य विभाग ने आदेश दिये हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कहा है कि ऐसे जगहों का अभी से सर्वेक्षण शुरू कर दिया जाये।

**स्वास्थ्य सचिव ने दिये निर्देश:** राज्य की स्वास्थ्य सचिव शालिनी पंडित ने इस संबंध में सभी जिला कलेक्टरों और नगर निगम आयुक्तों को पत्र लिखा है। स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि डेंगू और मलेरिया संक्रमण मानसून और उसके बाद के दौरान देखा जाता है। ऐसे में आपको पहले से सावधान रहना होगा। इसे ध्यान में रखते हुए, आवश्यक संख्या में स्वयंसेवकों, डायग्नोस्टिक किट, दवाओं का स्टाक करने के लिए भी उन्होंने निर्देश दिया है। जिला-नगरपालिका स्तर पर सभी हितधारकों की बैठक आयोजित करने के लिए संयुक्त कार्ययोजना तैयार को स्वास्थ्य सचिव ने कहा है। जनता को जागरूक करने के अलावा, कीट नियंत्रण कार्यक्रमों, परीक्षण, उपचार और समय पर रेफरल के लिए अन्य सहयोगी विभागों के साथ समन्वय को महत्व देने पर उन्होंने बल दिया है।

**डेंगू से निपटने के लिए तैयारी :** स्वास्थ्य सचिव ने कहा है कि संक्रमण की स्थिति से निपटने के लिए जिला और ब्लॉक आरआरटी की टीमें स्टैंडबाय पर रहेंगी। डेंगू-मलेरिया संक्रमण को रोकने के लिए इसके स्रोत को नष्ट करने के साथ ही रक्त बैंक में रक्त संग्रहित रखने को कहा है। जिलों को निर्देश दिया गया है कि वे विशेष रूप से अस्पतालों में डेंगू वॉर्ड खोलें और उन्हें मच्छरों के खतरे से सुरक्षित रखने तथा साप्ताहिक डाय डे पालन करें।

**कितने सामने आये मरीज :** जानकारी के मुताबिक राज्य में अब तक डेंगू के 200 से अधिक मरीजों की पहचान की जा चुकी है। वहीं, खुर्दा जिले में संक्रमितों की संख्या तीन अंकों में पहुंच गई है। जिले में 50 फीसदी मरीज अकेले भुवनेश्वर में मिले हैं।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

खुली निविदा बैच संख्या–33/2024 दिनांक : 08.07.2024. आईआरईपीएस – www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल "पार्टिसिपेशन इन थ्रू" सामग्री की आपूर्ति के लिए ई–निविदा सूचना। निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते हैं। निविदा बंद करने का समय 14.00 बजे है।

**निविदा संख्या :** 39245341, **सामग्री का संक्षिप्त विवरण :** सप्लाई ऑफ 110 वोल्ट डीसी मोटर विथ गियर बॉक्स IP67 टाइप 160 वोल्ट एसी इम्युनिटी फॉर इलेक्ट्रिक पॉइंट मशीन (आईआरएस टाइप) एस पर आईआरएस:एस 37/82 स्ट्रोक 143 एमएम। **मात्रा** : 149 Nos., **निविदा जारी करने की तिथि एवं समय:** 08 जुलाई 2024 16:09 बजे। **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 29 जुलाई 2024 14:000 बजे।

प्रतिभागियों को अपना प्रस्ताव समापन तिथि और समय से पहले आईआरईपीएस–www.ireps.gov.in के वेब पोर्टल के माध्यम से केवल ऑन–लाइन जमा करना होगा। उपरोक्त पोर्टल पर निविदा सूचना में प्रेषिती के संबंध में अन्य विवरण और भंडार का विस्तृत विवरण निविदा दस्तावेज में उपलब्ध है।

व. मंडल सामग्री प्रबंधक/पूमरे/धनबाद

पीआर/00660/डीएचएन/भंडार/टी/24–25/32



देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें

www.azadsipahi.in



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

ई:निविदा सूचना सं एस.जी.664–11–संकेत–2024–25. भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई: निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : चुरकी स्टेशन से निकलने वाली गोदावरी साइडिंग के एस एंड टी कार्य का निष्पादन और चुरकी स्टेशन पर एक शंटिंग नेक लाइन के निर्माण के संबंध में एस एंड टी कार्य हेतु। 2. कार्य का आकलित मुल्य : ₹1,20,90,509.39 (लगभग)। 3. कार्य का अग्रधन राशि : ₹2,10,500.00, 4. निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 25.07.2024 (12:30 बजे)। 5. ऐसी ई: निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा के ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट: http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य : प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट : http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

वरीय मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभि./पूमरे/धनबाद

पीआर/00656/डीएचएन/सि./टी/24–25/40



**पूर्व मध्य रेल**

**ई-ऑक्शन सूचना**

ई–ऑक्शन सूचना सं. : Catering-13-24. भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व मध्य रेलवे, धनबाद द्वारा पाँच (05) वर्षों की अवधि के लिए धनबाद मण्डल के अंतर्गत GMU और SMU के लिए A1, AB और D श्रेणी स्टेशन पर खान–पान सेवा के लिए ई ऑक्शन अमंत्रित किया जाना है। विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:– **ठेके का प्रकार:** खान–पान सेवा

| क्र.सं. | लॉट संख्या | स्टेशन | श्रेणी | पी.एफ. नंबर | स्टाल नं. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DHN-HZD-GMU-27 | हजारीबाग रोड | अनारक्षित | 3/4 | 05 |
| 2 | DHN-HZD-SMU-111 | हजारीबाग रोड | ओबीसी | 1/2 | 02 |
| 3 | DHN-PNME-SMU-108 | पारसनाथ | एस.सी. (महिला) | 3/4 | 07 |
| 4 | DHN-HZD-SMU-112 | हजारीबाग रोड | एस.सी. | 1/2 | 03 |
| 5 | DHN-DTO-SMU-81 | डाल्टनगंज | बी.पी.एल | 01 | 02 |
| 6 | DHN-BRWD-SMU-54 | बरवाडीह | एस.सी. | 01 | 01 |
| 7 | DHN-DHN-SMU-98 | धनबाद | अल्पसंख्यक | 01 | 01 |
| 8 | DHN-BRKA-SMU-109 | बरकाकाना | एस.टी. | 01 | 03 |
| 9 | DHN-RNQ-SMU-110 | रेनुकूट | एस.टी. | 01 | 03 |
| 10 | DHN-PTRU-SMU-116 | पतरातु | एस.सी. | 01 | 02 |
| 11 | DHN-SKTN-SMU-113 | शक्तिनगर | ओबीसी | 01 | 02 |

**सभी लॉट के लिए ई–नीलामी की तारीख और समय :** 19.07.2024, 15:00 बजे से। **Catalogue No. :** Catering-13-24. **Website :** www.ireps.gov.in. Note : (4) The e-Auction will be online on the IREPS (e-Auction leasing portal) on the prescribed date and time. (5) Desirous of participating in the e-Auction shall pay Rs. 10000/- + GST (non-refundable) Online submission of one time registration is required and also having current account linked to IREPS, Payment/Deduction of Security Deposit (EMD) online from the same account. (6) Complete information about the terms and conditions related to e-Auction is available in the e-Auction leasing selection of the IREPS portal (www.ireps.gov.in).

पीआर/00657/डीएचएन/वा./एन/24–25/72 मंडल रेल प्रबंधक (वा.)/पूमरे/धनबाद



DAS MUSICAL STORES
DAS RUBBER STAMP
Wholesale & Ratails
Dealers of all Musical Instruments



Mob.: 9835164815/ 8825354800/7250933033
MAIN ROAD, RANCHI, OPP. HANUMAN MANDIR
KOKAR , H.B. ROAD, OPP. R.L.S.Y. SCHOOL , RANCHI



BABU DINESH SINGH UNIVERSITY
(Established Under Government of Jharkhand Act - 06, 2023 & Section 2(f) of the UGC Act, 1956, Member of AIU, Delhi)
BDSU



Admission Open : 2024-25
B.TECH CSE | CSE (AI) | CE | EEE CSE (CYBER SECURITY) 4 Yrs Regular Eligibility : 10+2 / I.Sc
DIPLOMA CSE | EEE | CE ME | EE 3 Yrs Regular Eligibility : 10th Pass
OTHER PROGRAMES : B. Pharm | D.Pharm | BCA MCA | BBA | MBA | B.Lib.I.Sc | M.Lib.M.Sc | ITI
Programes Run & Managed by Vananchal Educational & Welfare Trust
B.D.S. | B.H.M.S | B.Sc. Nursing | GNM | ANM | B.Sc. (Medical) | B.Sc. MLT B.Ed. | D.EL.Ed | M.D. | M.D.S. | M.Sc. (Medical) | PARAMEDICAL
BDSU : FARATHIYA, GARHWA-822114, JHARKHAND
9661462506, 6206297213, 9934688493
bdsu.ac.in | vananchaltrust.org



VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| English Medium | | English Medium | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!



रत्न विक्रेता जय माता दी रत्न विक्रेता

ज्योतिष ग्रहरत्न केन्द्र

ज्योतिष शास्त्र • वास्तु शास्त्र • हस्त शास्त्र • अंक शास्त्र



पंडित शशि कांत मिश्रा

पता - लाईन टैंक रोड, गोपाल गंज गली, ऑपोजिट-भुतपूर्व वारगेन बाजार, रांची

फोन :- 9334718296, 9835195382, 9431792761



आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**